# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025




# कंकालिन गांव में पहुंचा तेंदुआ, मुर्गियों को खाने के बाद जाल में फंसा

ब्लॉक के कंकालिन गांव में सोमवार की रात जब ग्रामीणों ने तेंदुआ देखा तो हड़कंप मच गया। बछड़े की आवाज सुन ग्रामीण जागा और घर से बाहर निकलकर देखा, उसे तेंदुआ नजर आया। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों को जगाया और तेंदुआ होने की सूचना दी। विदित हो कि ग्राम कंकालिन में तीन घरों में देसी मुर्गी पाली जाती है। तेंदुआ दो घरों की मुर्गी खाकर तीसरे घर पहुंचा और वहां भी 5 से 6 मुर्गियां खाकर बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, तभी वह जाल में फंस गया।

## बछड़े की रंभाने की आवाज से जागा ग्रामीण, तेंदुआ देख होश उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अलग खबर

गांव के नोहर गोटी के घर के पास रात करीब 2 बजे उनके बछड़े के रंभाने की आवाज आ रही थी। जब नोहर गोटी ने पास में जाकर देखा तो थोड़ी दूर पर तेंदुआ भी नजर आया। नोहर आनन फानन में आस पास के ग्रामीणों को उठाया और घटना की जानकारी दी। देखते–देखते भीड़ जमा हो गई और फिर सुबह विभाग की टीम पहुंचकर रेस्क्यू करने में जुटी रही। इसी गांव के बलराम गोटी और गजाधर ग्वालवंशी के यहां भी तेंदुए ने मुर्गी को शिकार बनाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि तीन घरों में पालने के लिए रखी गई करीब एक दर्जन मुर्गियां तेंदुआ खा चुका था। नोहर के घर में बाड़ी के पास छप्पर को खोलकर वह जहां मुर्गियां पाली जाती है, वहां घुसा हुआ था फिर वहां से निकलकर भागने की कोशिश कर रहा था। तब वह बाहर घेरे के लिए लगाए गए जाल में फंस गया। इधर ग्रामीणों में इस घटना से दहशत है। क्योंकि तेंदुआ गांव तक पहुंच गया है, तो कभी भी इस तरह के जंगली जानवर और भी आ सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अधिकतर घरों में देसी मुर्गियां पाली जाती है। जंगली जानवरों का खतरा रहता है इसलिए सुरक्षा के लिए मुर्गियों के ठिकाने के आस पास जाल घेरा लगा देते हैं। नोहर गोटी ने भी लगातार मुर्गियों के गायब होने के कारण सुरक्षा के लिए जाल लगाया था और इन्हीं मुर्गियों को खाने के चक्कर में तेंदुआ फंस गया। मौके पर रेस्क्यू करने के लिए रायपुर जंगल सफारी, वन्य प्राणी जीव संरक्षण की टीम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी पहुंचे थे। काफी मशक्कत के बाद तेंदुए को काबू किया गया। इस दौरान तेंदुआ वन कर्मियों पर झपटने की कोशिश भी करता रहा।







**जंगल सफारी ले जाया गया:** वन विभाग की टीम ने सोमवार को सुबह करीब 11.30 बजे तेंदुए को बेहोश करके इलाज के लिए रायपुर जंगल सफारी ले जाया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## खबर संक्षेप

### खेल-खेल में होल्डर को निगल गया, बच्चा सुरक्षित

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के एक गांव से 2 अगस्त को अजीबोगरीब घटना सामने आई है, जहां खेल-खेल में एक 14 वर्षीय बालक ने पेंडेंट होल्डर का ढक्कन मुंह में दबा लिया और अनजाने में निगल गया। जानकारी के अनुसार, बालक ने घर में खेलते समय मजाक में पेंडेंट होल्डर का लगभग 1 इंच चौड़ा ढक्कन अपने मुंह में दबा रखा था। इसी दौरान वह धोखे से ढक्कन को निगल गया। डर के कारण उसने तुरंत किसी को नहीं बताया और ढक्कन के बाहर निकलने की आशा में खूब पानी पीया। कुछ घंटों बाद जब बार-बार शौच करने पर भी ढक्कन बाहर नहीं आया, तब जाकर उसने माता-पिता को पूरी बात बताई। परिजन उसे तत्काल नगर के शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां एक्स-रे जांच के दौरान पता चला कि ढक्कन मलद्वार तक पहुंच चुका है। डॉक्टरों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद उसे बालोद जिला अस्पताल रिफर किया गया, जहां फिर से चिकित्सकों ने प्रयास किया, पर ढक्कन नहीं निकल पाया। आखिरकार परिजनों ने बालोद के एक निजी अस्पताल का रुख किया, जहां डॉक्टरों ने सुरक्षित तरीके से ढक्कन को बाहर निकाल दिया। इस सफल ऑपरेशन के बाद बालक के माता-पिता ने राहत की सांस ली।

### बगीचा में हाथी के कुचलने से किसान ने तोड़ा दम

**जशपुर।** वन मंडल में वन विभाग की निष्क्रियता के कारण हाथी और मानवद्वंद्व पर विराम नहीं लग पा रहा है। एक ग्रामीण को हाथी ने पटक- पटककर मार डाला। रविवार को बगीचा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में 9 किसानों के खेत में लगे धान को रौंदकर बर्बाद कर दिया था। किसान की मौत के बाद वन विभाग के प्रति ग्रामीणों का आक्रोश देखा जा रहा है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार बगीचा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरमहाकोना के कदमबथान गांव में रविवार को शाम एक किसान को हाथी के कुचलने से दर्दनाक मौत हो गई । मृतक किसान के परिजनों ने बताया कि गुरमहाकोना निवासी रमेश यादव कल दोपहर अपने खेत में काम करने गया था।

### मंत्री राजवाड़े ने घायल को भिजवाया अस्पताल



**कोरबा।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने रायपुर से अपने निज निवास वीरपुर जाते समय उनका काफिला जैसे ही सुत्तर्रा मोड़ कटघोरा पहुंचा, उन्होंने सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त एक दोपहिया वाहन सवार युवक को देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने तत्काल अपने काफिले को रुकवाया और स्वयं मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बिना समय गंवाए घायल को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटघोरा भिजवाने की व्यवस्था की। श्रीमती राजवाड़े ने कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को फोन कर घायल को त्वरित और समुचित उपचार देने के निर्देश भी दिए।

## इस माह यात्रियों को रूलाएंगी 4 दर्जन से अधिक रद्द ट्रेनें

# बिलासपुर-चक्रधरपुर मंडल में कार्य से थमेंगे 63 से अधिक ट्रेनों के पहिए

**रेल प्रशासन ने अगस्त माह में बिलासपुर रेल मंडल के साथ चक्रधरपुर रेल मंडल में अधोसंरचना कार्य के कारण 37 से अधिक ट्रेनों के पहियों को रोकने का आदेश जारी कर दिया है, जिसके कारण लाखों की संख्या में यात्रियों को अपनी यात्रा मजबूरी में केंसिल करनी पड़ेगी।रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में नान इंटरलाकिंग कर यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के लिए 24 दिनों का प्री एनआई 16 अगस्त से 8 सितम्बर तक और 25 वें दिन 9 सितम्बर को 6 घंटे यानि 11 बजे से शाम 17 बजे तक किया जाएगा, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन ब्लॉक रहेगा। इसके अतिरिक्त एक दिन का पोस्ट एनआई कार्य 10 सितम्बर को होगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित सभी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें 15 ट्रेनें रद्द रहेगी। वहीं दो ट्रेनें 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 23, 25, 27, 29, 31 अगस्त एवं 8 सितम्बर को परिवर्तित मार्ग कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर और 18478 योगनगरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 26, 28, 30 अगस्त एवं 1, 8, 9 सितम्बर को व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी एवं कटक होकर चलाई जाएगी। 24 अगस्त को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 26 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 26, 28 अगस्त, 9 सितम्बर को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से चलने वाली 12261 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, 28, 30 अगस्त को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से रवाना होगी। अन्य ट्रेनें भी प्रभावित होंगी।



### ट्रेनों को किया जाएगा डायवर्ट

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर मंडल के ग्रामहारीया जंक्शन से आदित्यपुर सेक्शन के बीच अप व डाउन लाइन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन से आधुनिकीकरण का कार्य 4 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होगी। इन ट्रेनों 9, 12, 16, 19, 23, 26 अगस्त को 18109/18110 टाटा से नेताजी सुभाषचंद्र बोस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस से टाटा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के पहिए थमे रहेंगे।

### लंबी दूरी की ट्रेने रहेगी प्रभावित

- 19 से 21 अगस्त, 24 अगस्त से 2 सितम्बर एवं 5 से 10 सितम्बर तक 18109/18110 टाटा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस-टाटा एक्सप्रेस।
- 29 अगस्त एवं 12 सितम्बर को 17008 दरभंगा-चर्लापल्ली एक्सप्रेस।
- 26 अगस्त से 9 सितम्बर तक 17007 चर्लापल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस।
- 28 अगस्त को 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस।
- 31 अगस्त को 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस।
- 30 अगस्त को 07051 चर्लापल्ली-रक्सौल एक्सप्रेस।
- 02 सितम्बर को 07052 रक्सौल-चर्लापल्ली एक्सप्रेस।
- 04 सितम्बर को 07006 रक्सौल-चर्लापल्ली एक्सप्रेस।
- 08 सितम्बर को 12767 नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस।
- 10 सितम्बर को 12768 संतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस।
- 06 सितम्बर को 13425 मालदाटाउन-सूरत एक्सप्रेस।
- 08 सितम्बर को 13426 सूरत-मालदाटाउन एक्सप्रेस।
- 06 सितम्बर को 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस।

### यह ट्रेनें होगी रद्द

- 23 से 26 अगस्त तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 24 से 27 अगस्त 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस।
- 23 अगस्त को 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस।
- 25 अगस्त को 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस।
- 22 अगस्त को 12870 हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस।
- 24 अगस्त को 12869 मुम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस।
- 25 अगस्त को 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस।
- 27 अगस्त को 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस।
- 27 अगस्त को 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस।
- 30 अगस्त को 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस।
- 23 अगस्त को 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस।
- 24 अगस्त को 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस।
- 27 अगस्त को 22358 गया-कुर्ला एक्सप्रेस।
- 27 अगस्त को 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस।

**बयानार सीएएफ कैम्प का मामला**

# प्लाटून कमाण्डर ने कनपटी पर गोली मारकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोण्डागांव जिले के बयानार सीएएफ कैम्प में तैनात प्लाटून कमाण्डर ने रविवार रात कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर कैम्प में हड़कम्प मच गया। जब तक अन्य जवान मौके पर पहुंचे, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना रात लगभग 10 बजे की बताई जा रही है। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि रविवार रात लगभग 10 बजे कैंप में पदस्थ प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रात के समय कैंप परिसर के भीतर हुई। जिससे साथी जवानों में हड़कंप मच गया, आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कोंडागांव जिला अस्पताल लाया गया। वही कोण्डागांव में पीएम के बाद शव को एम्बोम्बिंग के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज लाया गया था। वहीं शव को उनके गृहग्राम दुर्ग भेजने की तैयारी की जा रही है।

### पांच दिन में सुसाइड की दूसरी घटना

बस्तर में जवान के आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। इससे पूर्व 30 जुलाई को बीजापुर जिले के नैमेड़ थाना क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 22वीं बटालियन में तैनात जवान पप्पू यादव ने अपनी सर्विस राइफल से गले पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। बिहार के भोजपुर जिले के ठाकुरी गांव निवासी पप्पू यादव एक दिन पहले ही छुट्टी से लौटे थे।

## परिवहन करने से मना करने पर ट्रक चालक से बर्बरता

# अगवा कर फार्म हाउस में बंधक बना नग्न कर पीटा, यूरिन भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र के कबाड़ी व्यवसायी और उसके साथियों द्वारा ट्रक के चालक को अगवा करने के बाद बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने व मारपीट करते हुए टार्चर करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में दो मुख्य आरोपियों की तलाश की जा रही है जो घटना के बाद से ही फरार बताए जा रहे है। कबाड़ व्यवसाय की आड़ में ट्रक ड्राइवर को अवैध तांबा-पीतल परिवहन करने से इनकार करना इतना भारी पड़ा कि उसे फार्म हाउस में बंधक बनाकर घंटों तक बेरहमी से पीटा गया। मामले में पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने आपोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित ट्रक चालक खुर्शीद अहमद उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले का निवासी है जो जगदलपुर में एक कबाड़ी व्यवसायी भुवन कबाड़ी के ट्रक चलाने का काम करता था। खुर्शीद का आरोप है कि उससे बार-बार गैरकानूनी रूप से तांबा-पीतल जैसे कीमती स्क्रैप को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का दबाव डाला जा रहा था। अवैध काम से इंकार किया तो उसकी जिंदगी एक नरक बना दी गई। उसे जगदलपुर बुलाकर पहले उसे अगवा किया। सरगीपाल के फार्म हाउस में बंधक बनाकर बर्बरता की।



### अवैध कारोबार से मना करने की मिली सजा

खुर्शीद ने बताया कि अवैध कारोबार से मना करने के बाद वो नौकरी छोड़कर अपने गांव लौट गया था। कुछ दिन बाद उसे दोबारा फोन कर प्यार से वापस बुलाया गया। लौटा तो नितिन साहू और पीयूष ठाकुर नाम के युवकों ने उसे कार में बैठाया और उसका अपहरण कर उसे एक फार्म हाउस ले गए। वहां पहले से दो अन्य युवक मौजूद थे। यहां कई घंटे तक उसे बेल्ट व लात-घूंसों से मारा गया। उसके उपर पेशाब तक किया गया। इसी फार्म हाउस में चारों आरोपियों ने मिलकर उसे नग्न कर उस पर पेशाब भी किया गया।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि दो आरोपियों नीलम नाग 22 वर्ष निवासी बैलाबाजार व संजू उर्फपिंटू 22 वर्ष निवासी दंतेश्वरी वार्ड को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। फरार आरोपी आयुष राजपूत निवासी अनुपमा चौक व नितीन साहू उर्फ मिथलेश की तलाश जारी है।

### मामला दर्ज फरार आरोपियों की तलाश जारी

मामले में सीएसपी अमित देवांगन ने बताया कि किस तरह उत्तर प्रदेश के कौशांबी निवासी ड्राइवर खुर्शीद अहमद के साथ अमानवीय मारपीट और अपहरण जैसी गंभीर घटनाएं हुईं है। इस मामले में पीड़ित खुर्शीद अहमद नामक व्यक्ति के परिजनों ने हमसे संपर्क किया। बताया कि उसका अपहरण कर लिया गया है। सूचना मिलते ही बोधघाट थाना पुलिस ने इस पर त्वरित कार्रवाई की और मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क हादसे में दो कांवरियों की हुई मौत, एक घायल

**धमतरी।** सावन माह के अंतिम सोमवार के पूर्व शिव भक्त कांवर यात्रा निकाल जलाभिषेक के लिए पैदल निकल जाते हैं। इसी तरह अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी देमार निवासी राहुल साहू पिता हिरेन्द्र उम्र 17 वर्ष, कन्हैया साहू पिता सुरेन्द्र 18 वर्ष व मोक्ष साहू अपने दोस्तों के साथ कांवर यात्रा निकाल रविवार की रात्रि पैदल रूद्रेश्वर मंदिर रूद्री जाने के लिए निकले थे। कांवरियों की टोली पैदल चलते हुए धमतरी की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात कार के चालक ने तीन कांवरियों को जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वाहन की ठोकर से राहुल साहू व कन्हैया साहू गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं मोक्ष साहू को भी चोट आई है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। राहुल को रायपुर रिफर कर दिया। वहीं घायल मोक्ष को अस्पताल में भर्ती किया गया। डाक्टर ने सोमवार की सुबह उसे मृत घोषित कर दिया। घायल कन्हैया की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# पत्थर खदान में डूबने से दो मासूम बच्चों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के हजारी गुड़ा गांव में दो मासूम बच्चों की पत्थर खदान में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों के शव को खदान से बाहर निकाला। दो मासूम बच्चों की अचानक इस तरह मौत से गांव में शोक कि लहर दौड़ गई।

- एसडीआरएफ की टीम ने शव किये बरामद, गांव में शोक
- परपा थाना क्षेत्र के ग्राम हजारीगुडा की घटना

जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चे खेलते-खेलते खदान की ओर पहुंच गए थे और गहराई का अंदाज़ा न लग पाने के कारण वे पानी में डूब गए। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान संदीप नाग (5 वर्ष) और जय श्री (6 वर्ष) के रूप में हुई है। टीम ने काफी प्रयासों के बाद बच्चों के शव पानी से बाहर निकाले। इसके बाद उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस द्वारा यह जांच की जा रही है कि मासूम बच्चे घर से खदान क्षेत्र में कैसे पहुंचे।



**पुलिस ने शुरू की जांच**


यह हादसा एक बार फिर खदानों की सुरक्षा व्यवस्था और खुले गड्ढों की अनदेखी पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों ने खदान को सुरक्षित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। दोनों बच्चों के शव को परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## समूह बनाकर बलात्कार, तो प्रत्येक व्यक्ति को अपराध करने वाला माना जाएगा

# 8 वीं की छात्रा से बलात्कार, दो आरोपियों की 20-20 साल की सजा रखी बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बी डी गुरु की डीबी ने 8 वी कक्षा की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की सजा के खिलाफ पेश अपील को खारिज किया है। निचली अदालत ने आरोपियों को 20-20 वर्ष कैद व 12-12 हजार रु अर्थदंड की सजा सुनाई है। हाईकोर्ट ने अपने टिप्पणी में कहा कि यौन अपराध की पीड़िता की गवाही का मूल्यांकन करते समय, न्यायालय का दृष्टिकोण सूक्ष्म होता है, जो पीड़िता के बयान में निहित आघात और संभावित विसंगतियों को पहचानता है। न्यायालय घटना का सटीक या त्रुटिहीन विवरण अपेक्षित नहीं करता। घटना के मुताबिक पीड़िता अपने परिवार के साथ गांव में रहकर आठवीं कक्षा में पढ़ती है। घटना के समय, पीड़िता के माता-पिता उत्तर प्रदेश के एक ईंट भट्टे में काम करने गए थे। उस समय, पीड़िता घर पर अपनी बड़ी बहन और भाइयों के साथ रहती थी।



18 नवंबर 2017 की शाम को आरोपी विपिन और सुनील ने पीड़िता को बलपूवर्क पकड़कर दुष्कर्म किया और भाग गए। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने धारा 376-डी, 323, 506 आईपीसी और प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार पोक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश एफटीसी ने आरोपियों को धारा 376 डी में 20 वर्ष कैद, 10 हजार अर्थदंड, 323-34 में 1 वर्ष 000 रु व 506 बी में 2 वर्ष कैद व 1000 रु अर्थदंड की सजा सुनाई।

### साक्ष्यों के विश्लेषण में दोषी पाए गए

अदालत ने अभियोजन पक्ष के भाई और पड़ोसी द्वारा दिए गए बयानों पर भरोसा किया, जो विश्वसनीय नहीं हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीड़ी गुरु की डीबी में हुई। डीबी ने कहा कि साक्ष्यों के उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सक्षम रहा है कि घटना की तिथि को, अभियोक्ता 18 वर्ष से कम आयु की थी और "बालक" की श्रेणी में आती थी। कोर्ट ने कहा कि जहां किसी महिला का एक या एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा समूह बनाकर या एक समान इरादे से बलात्कार किया जाता है, तो उनमें से प्रत्येक व्यक्ति को बलात्कार का अपराध करने वाला माना जाएगा। कोर्ट ने इसके साथ ही आरोपी विपिन कुमार जांगड़े और सुनील कुर्रे को आईपीसी की धारा 376-डी, 323/34, 506(बी) के तहत अपराध के लिए सही रूप से दोषी ठहराया है। इसके साथ ही डीबी ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए आरोपियों की अपील को खारिज किया।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025




भारत ने 5वें टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 6 रन से हराया

# भारत ने छीनी इंग्लैंड के जबड़े से जीत

## सिराज ने झटके 5 विकेट, बराबर पर छुड़ाई सीरीज

भारत बनाम इंग्लैंड पांच टेस्ट मैच की सीरीज दो-दो से ड्रॉ रही

सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेला गया

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने 4 अगस्त 2025 को लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेले गए रोमांचक टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 6 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच टेस्ट की सीरीज 2-2 से बराबर पर छुड़ाई। इंग्लैंड को आखिरी दिन सिर्फ 35 रन चाहिए थे और भारत को लेने थे चार विकेट। कई को भरोसा नहीं था कि भारतीय टीम इस मुकाम से मैच जीत लेगी लेकिन मोहम्मद सिराज कुछ और सोचकर आए थे और उन्होंने वह कर दिखाया, जो क्रिकेटप्रेमी बरसों तक याद रखेंगे। चार में से तीन विकेट चटकाकर सिराज ने भारत को छह रन से चमत्कारिक जीत और श्रृंखला में बराबरी दिलाई।

**सिराज बने प्लेयर ऑफ द मैच :** सिराज ने सीरीज में 23वां विकेट अपने नाम किया और एक शानदार जीत पर टीम इंडिया ने मुहर लगा दी। सिराज 4/86 और दूसरी पारी में 5/104 विकेट लेकर सिराज मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजे गए।

**गिल बने मैन ऑफ द सीरीज :** कप्तान शुभमन गिल के लिए ये सीरीज सपने से कम नहीं साबित हुई। शुभमन गिल ने सीरीज में 75 के औसत से खेलते हुए 4 शतक लगाए और 754 रन बनाए। गिल मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

### एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक

| शतक | सीरीज | साल |
|---|---|---|
| 21 | भारत का इंग्लैंड दौरा | 2025 |
| 21 | ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज दौरा | 1955 |
| 20 | वेस्टइंडीज का द. अफ्रीका दौरा | 2003 |
| 17 | द एशेज | 1928-29 |
| 17 | इंग्लैंड का दक्षिण अफ्रीका दौरा | 1938-39 |

### भारत के लिए सबसे कम जीत का अंतर (रन)

| | |
|---|---|
| 06 | रन बनाम इंग्लैंड, द ओवल, 2025 |
| 13 | रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, वानखेड़े, 2004 |
| 28 | रन बनाम इंग्लैंड, कोलकाता, 1972 |
| 31 | रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, एडिलेड, 2018 |

### सिराज ने लिए सर्वाधिक विकेट

मो.सिराज

इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में 23 विकेट लिए। उनके बाद जोश टंग ने 3 टेस्ट में 19 विकेट लिए।



## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा : छड़ी मुबारक यात्रा शुरू

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा का अंतिम चरण सोमवार को शुरू हो गया। महंत दीपेंद्र गिरि ने भगवान शिव की पवित्र छड़ी 'छड़ी मुबारक' को दशनामी अखाड़ा मंदिर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित गुफा मंदिर की यात्रा के रवाना किया। बुद्धशाह चौक स्थित दशनामी अखाड़ा मंदिर से पवित्र छड़ी यात्रा निकाली।



### दीवार ढही, दो लड़कियों की गई जान

**सीतापुर।** जिले के सिधौली थाना क्षेत्र के खैरेन देशनगर गांव में एक मकान की दीवार ढह जाने से दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई और एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। रामपाल (60) अपनी दो पोतियों, चांदनी (14) और शिवसी (12) के साथ घर के अंदर सो रहे थे, तभी यह हादसा हुआ और वे मलबे में दब गईं। स्थानीय लोगों ने तीनों को मलबे से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों लड़कियों को मृत घोषित कर दिया।

### टायर क्षतिग्रस्त होने से उड़ान में देरी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में जबलपुर के डुमना हवाई अड्डे पर सोमवार को इंडिगो के एक विमान का टायर क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते उड़ान में चार घंटे की देरी हुई। यह घटना उस वक्त हुई, जब यात्रियों को उतारने के बाद विमान को 'एप्रान (पार्किंग क्षेत्र) में खड़ा करने के लिए ले जाया जा रहा था। यह विमान मुंबई से यहां पहुंचा था।



### सात लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में कहा कि केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों में लगभग 7.08 लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया है, जिसमें लगभग 1.79 लाख करोड़ रुपये की 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' धोखाधड़ी भी शामिल है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा लोकसभा में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में, सीजीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 2.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया।

### सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तिलचट्टे, एयरलाइन करेगी जांच

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के यात्रियों ने विमान में छोटे तिलचट्टे देखे, जिसके बाद सोमवार सुबह कोलकाता हवाई अड्डे पर निर्धारित ठहराव के दौरान विमान की गहन सफाई की गई। एयरलाइन ने कहा कि वह घटना के कारण का पता लगाने के लिए एक व्यापक जांच करेगी।



रायपुर में ड्रग खपाने छह साल से धंधे में रहा है लिप्त

# रायपुर में पकड़ी गई एक करोड़ की ड्रग्स, पाक कनेक्शन आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने सोमवार को एक बड़े ड्रग्स रैकेट का खुलासा करते हुए एक करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी है। मुख्य सरगना पंजाब का रहने वाला है। वह अपने पाकिस्तान कनेक्शन के माध्यम से ड्रग्स मंगाने का काम करता था। पुलिस को उसके मोबाइल नंबर से पाकिस्तान के कई नंबर मिले हैं, जिनके माध्यम से वह ड्रग्स मंगाने का काम करता था। पुलिस को पंजाब निवासी मुख्य आरोपी के कुवैत तथा दुबई में आठ साल रहने की जानकारी मिली है। मुख्य आरोपी सहित ड्रग रैकेट से जुड़े नौ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ड्रग रैकेट का खुलासा करने वाले पुलिसकर्मियों को आईजी अमरेश मिश्रा ने पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

ड्रग्स रैकेट का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बताया है कि कमल विहार के एक मकान में छापा मारकर तीन आरोपियों के कब्जे से 412 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त की गई है। आरोपियों की निशानदेही पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। मुख्य आरोपी के पकड़े जाने पर उसकी हिस्ट्री खंगालने पुलिस की एक टीम पंजाब रवाना की गई। यह ग्रुप पुलिस को चकमा देने शातिराना अंदाज में ड्रग खपाने का काम कर रहा था। एक वाट्स एप चैट लीक होने के बाद पुलिस को राजधानी सहित प्रदेश में बड़े पैमाने ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मिले कई नंबर, एक आरोपी क्लबों में ड्रग खपाने का काम करता था



- पंजाब निवासी मुख्य आरोपी कुवैत और दुबई में रह रहा
- आरोपी की हिस्ट्री खंगालने पुलिस की टीम पंजाब रवाना
- वाट्स एप चैट लीक होने के बाद गिरोह का पर्दाफाश

#### क्लबों तक ड्रग पैडलरों की पहुंच

पुलिस के अनुसार, जुनैद उर्फ सैफ चिला की पहचान अलग-अलग क्लबों के बाउंसर्स के साथ थी। इस बात का फायदा उठाकर बाउंसरों के माध्यम से जुनैद क्लब में होने वाली पार्टियों के बारे में जानकारी हासिल कर ड्रग्स की आपूर्ति करता था।



#### ड्रग्स रैकेट से जुड़े ये आरोपी गिरफ्तार

ड्रग्स रैकेट से जुड़े जिन 9 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनमें मुख्य आरोपी पंजाब गुरुदासपुर निवासी लवजीत सिंग उर्फ बंटी, रायपुर सहित अन्य जगहों में ड्रग्स खपाने वाला राजनांदगांव निवासी सुवित श्रीवास्तव, अश्वनी चंद्रवंशी, तेलीबांधा निवासी लक्ष्य परिफल राघव उर्फ लव, खम्हारडीह निवासी निकेत मालाधरे, मनोज सेठ, टाटीबंध निवासी मुकेश सिंह, मौदहापारा निवासी जुनैद खान उर्फ सैफ चिला, डीडीनगर रायपुरा निवासी राजविंदर सिंह उर्फ राजू का नाम शामिल है।

#### ऐसे काम करता था चैनल

पुलिस के अनुसार, ड्रग खपाने वाला रैकेट अपने ग्राहकों से तथा जिनको बेचने के लिए माल उपलब्ध कराना है, उनसे इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वाट्स एप कॉल तथा मैसेज भेजकर संपर्क करता था। माल देने के पहले ग्राहकों से यूपीआई के माध्यम से म्यूल अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराई जाती थी। इसके बाद लाइव लोकेशन के साथ जगह की फोटो खींचकर ग्राहकों को भेजते थे।

#### पूछताछ जारी, जुटा रहे जानकारी

गिरफ्तार ड्रग पैडलर लवजीत तथा सुवित की कोर्ट से रिमांड हासिल कर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में जानकारी जुटाई जाएगी कि लवजीत का पाकिस्तान के किन लोगों के साथ संबंध है। जरूरत पड़ने पर मामले की जांच करने केंद्रीय एजेंसियों की मदद ली जाएगी।

- डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एसएसपी रायपुर

#### ड्रग्स का रायपुर में ऐसे जुड़ा चैनल

पुलिस के अनुसार ड्रग्स तस्कर सुवित का लवजीत के साथ वाट्स एप के माध्यम से एक साल पूर्व संपर्क हुआ। इसके बाद सुवित की लवजीत के साथ मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद दोनों के बीच रायपुर सहित अन्य स्थानों में ड्रग्स खपाने डील हुई। सुवित पिछले छह साल से ड्रग्स के काले कारोबार से जुड़ा हुआ है। इस वजह ▶▶|शेष पेज 5 पर

**पुलिस न पहुंच पाए, इसलिए एटीएम ब्लॉक :** अश्वनी चंद्रवंशी तथा परिफल म्यूल अकाउंट से ड्रग्स से आए पैसे निकालने का काम करते थे। पुलिस उन तक न पहुंच पाए, इसलिए ▶▶|शेष पेज 5 पर

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू का निधन



जन्म 11 जनवरी-1944
निधन 4 अगस्त-2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रांची/नई दिल्ली

झारखंड के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन ने सोमवार को अंतिम सांस ली। वह 81 वर्ष के थे। उनके बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निधन की जानकारी दी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन गुर्दे संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। हेमंत सोरेन ने 'एक्स' पर लिखा, आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सबको छोड़कर चले गए... मैं आज 'शून्य' हो गया हूं। झारखंड विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के बाद तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया।

- राष्ट्रपति-पीएम समेत कई नेताओं ने जताया शोक

#### आज होगा अंतिम संस्कार

रामगढ़ जिले में उनके पैतृक गांव नेमरा में 5 अगस्त को दोपहर 12 बजे शिबू सोरेन का अंतिम होगा। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी शामिल होंगे। छोटे बेटे बसंत सोरेन उन्हें मुखाग्नि देंगे।

#### झारखंड में तीन दिवसीय राजकीय शोक

झारखंड सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के सम्मान में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। सरकार ने इस अवधि के दौरान अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। राज्य सरकार के सभी कार्यालय चार और पांच अगस्त को बंद रहेंगे।

# उपभोक्ता को उत्पादक बनाने पर फोकस, बिजली हाफ योजना में बदलाव, सौ यूनिट तक राहत

- सौ यूनिट बिजली पर छूट, इसमें 31 लाख परिवार कवर होंगे
- 3 केवी सोलर प्लांट के लिए 1 लाख 8 हजार रुपए सब्सिडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने बिजली हाफ योजना में बदलाव किया है। उपभोक्ताओं को उत्पादक बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए मासिक छूट की सीमा कम कर दी है। पहले जहां 400 यूनिट तक की खपत पर 50 प्रतिशत छूट मिलती थी, अब यह लाभ सिर्फ 100 यूनिट तक की खपत कर दिया गया है। वहीं पहले की तरह 30 यूनिट तक बिजली मुफ्त रहेगी। सरकार की मंशा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की है। इसके तहत एक केवी से तीन ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में तेजी

राज्य सरकार प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को भी तेजी से लागू कर रही है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1,08,000/- तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट से प्रतिमाह औसतन 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है, जिस पर 30 हजार केंद्र से व 15 हजार राज्य से, कुल 45 हजार की वित्तीय सहायता दी जाती है। उपभोक्ता को लगभग 15,000 स्वयं वहन करने होते हैं। इसी प्रकार ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### कांग्रेस करेगी आंदोलन : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट तक की खपत वाले का ही बिजली बिल हाफ करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गए हैं। साय सरकार द्वारा हॉफ बिजली बिल योजना को बंद किया जाना जनता पर अत्याचार है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट की छूट भी नहीं मिलेगी। पहले किसी की बिजली की खपत मान लो 600 यूनिट थी, उससे ज्यादा भी थी तो उसके पहले 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था, शेष पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

# शिक्षक भर्ती में पहले बिहारी और फिर बाहरी को मौका

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी शिक्षकों की भर्ती में 'डोमिसाइल' नीति की सोमवार को घोषणा की। कुमार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षकों की बहाली में डोमिसाइल) को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं।



#### विस चुनाव से पहले बड़ा ऐलान

विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में 'डोमिसाइल' के मुद्दे पर राजनीतिक दलों द्वारा जनता को अपने-अपने पाले में करने के प्रयास किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्ता में आने पर '100 प्रतिशत डोमिसाइल' का वादा किया है।


अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर दी धमकी, भारत ने कहा- जो जरूरी होगा वो करेंगे

# रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर काफी शुल्क बढ़ाने जा रहा हूं: ट्रंप

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह भारत पर अमेरिकी आयात शुल्क को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएंगे। ट्रंप ने भारत पर भारी मात्रा में रूस से तेल खरीदने और उसे बड़े मुनाफे पर बेचने का आरोप लगाया।

भारत ने रूस से तेल आयात को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ की आलोचना पर सख्त जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को स्पष्ट किया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम ▶▶|शेष पेज 5 पर



#### भारत पर 25 फीसदी टैरिफ

ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने के साथ ही रूस से तेल एवं गैस खरीदने पर जुर्माना लगाने की भी घोषणा की थी। पिछले सप्ताह ट्रंप ने भारत और रूस के रिश्तों को लेकर तीखा हमला भी बोला था और कहा था कि दोनों देश अपनी 'मृत अर्थव्यवस्थाओं' को साथ में गर्त में ले जा सकते हैं। ट्रंप के हमले के जबाव में भारत ने कहा था कि वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

#### भारतीयों के हित को प्राथमिकता : जायसवाल



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रूस से तेल खरीदने पर भारत को निशाना बनाना पूरी तरह अनुचित और बेबुनियाद है। जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत का तेल आयात कोई विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है ताकि देश के आम लोगों को सस्ती और स्थिर कीमतों पर ऊर्जा मिल सके। हैरानी की बात यह है कि जो देश आज भारत की आलोचना कर रहे हैं, वही खुद रूस से बड़े पैमाने पर व्यापार कर रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 5 पर

चीफ जस्टिस ने सख्त रवैय्या अपनाते हुए मंगलवार को भी इसी पीआईएल पर सुनवाई रखी

# बिलासपुर-रायपुर एनएच बदहाल

नाराज हाईकोर्ट ने मैनेजर को इसी सड़क मार्ग से होते हुए किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की सड़कों की बदहाली को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अगुवाई वाली डिवीजन बेंच में सुनवाई में खराब सड़कों को मरम्मत नहीं किए जाने को लेकर चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस ने नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी कर इसी सड़क मार्ग से होते हुए कोर्ट में तलब किया है। चीफ जस्टिस ने सख्त रवैय्या अपनाते हुए मंगलवार को भी इसी पीआईएल पर सुनवाई रखी है।



सुनवाई के दौरान बताया गया कि बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे प्रदेश का महत्वपूर्ण हाईवे है। यह प्रदेश की राजधानी और न्यायधानी को सीधे तौर पर आपस में जोड़ती है। बिलासपुर और आसपास के जिलों तथा सरगुजा संभाग जाने के लिए बस्तर संभाग और रायपुर संभाग के लोग इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग के लोग रायपुर बिलासपुर एनएच से ही होकर राजधानी पहुंचते हैं। इतनी महत्वपूर्ण सड़क होने के बावजूद भी इसके रखरखाव में नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सड़कों की बदहाली को लेकर डिवीजन बेंच ने नाराजगी जताई।

#### हम वहां चलें या ना चलें, आप क्या चाहते हैं

एनएचएआई की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता से चीफ जस्टिस ने पूछा कि मिस्टर वानखेडे आप तो रोज रायपुर जाते होंगे, नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर से मिलने के लिए। तो आपने इस सड़क की स्थिति भी देखी होगी। नेशनल हाईवे वाले जो थोड़ा बहुत मेंटेनेंस करते हैं, सड़क पर स्टॉपर लगाते है वे बेतरतीब, लावारिस हालत में सड़क पर पड़ी रहती हैं। हम वहां चले या ना चले, आप क्या चाहते हैं कि पब्लिक उसको उड़ाते चले। पेंच वर्क करने के लिए जो मटैरियल सड़क पर छोड़ा गया है उससे भी गंदगी फैल रही है और दुर्घटनाओं की आशंका चौबीस घंटे बनी रहती है। इससे एक्सीडेंट हो रहे हैं और जनहानि हो रही है। इसके अलावा मवेशी भी इस सड़क पर दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। इस तरह की स्थिति कब तक रहेगी और इसमें सुधार कब तक होगा। हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी कर इसी सड़क मार्ग से होते हुए कोर्ट में मंगलवार को तलब किया है।

# जब शुरू में पृथ्वी थी गर्म और बिल्कुल सूखी तो इतना ज्यादा पानी आया कहां से

नई दिल्ली। जब पृथ्वी बनी तो वो गर्म गोला थी। इसमें लावा और गैसें थीं। फिर ये ठंडी होती गई। ये बिल्कुल सूखी थी। इस पर पानी की एक बूंद भी नहीं थी तो फिर कैसे समुद्र बने। कैसे उनमें इतना अथाह पानी आया कि दुनिया के 71 फीसदी इलाके में केवल समुद्र के पानी से भरे हुए हैं। है ना हैरानी और ताज्जुब की बात। समुद्रों की विशालता और उनमें मौजूद अथाह पानी को देखकर ये सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इतना पानी आया कहां से? पृथ्वी के 71% हिस्से को ढकने वाले इस पानी की उत्पत्ति एक रहस्यमयी और वैज्ञानिक सवाल। वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक इस बारे में शोध किया।

पृथ्वी की उम्र लगभग 4.6 अरब साल है। जब पृथ्वी बनी थी, तब यह एक गर्म, पिघला हुआ गोला थी, जिसमें लावा और गैसें थीं। उस समय पृथ्वी की सतह इतनी गर्म थी कि कोई भी पानी तरल रूप में मौजूद था ही नहीं और ना रह सकता था। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के ठंडा होने के बाद ही पानी की उत्पत्ति संभव हुई होगी। सवाल यही है कि इतना ज्यादा पानी आया कहां से?

**क्या ये पृथ्वी के अंदर से आया :** वैज्ञानिकों का एक समूह मानता है कि पृथ्वी के बनने के दौरान इसके अंदर पानी मौजूद था। जब पृथ्वी एक गर्म गोला थी, तब इसमें कई रासायनिक तत्व और यौगिक मौजूद थे। इनमें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन जैसे तत्व शामिल थे, जो पानी (HO) बनाने के लिए जरूरी हैं। जैसे-जैसे पृथ्वी ठंडी हुई, ये तत्व आपस में मिलकर पानी बनाने लगे। पृथ्वी की सतह के नीचे, मेंटल नामक परत में आज भी पानी मौजूद है।



### फिर कैसे बनने लगे समुद्र

चाहे पानी पृथ्वी के अंदर से आया हो या अंतरिक्ष से, इसका जमाव एक लंबी प्रक्रिया थी। पृथ्वी के ठंडा होने के बाद, सतह का तापमान इतना कम हुआ कि पानी तरल रूप में रह सकता था। तब ये पानी बारिश के रूप में सतह पर जमा होने लगा। शुरुआत में पृथ्वी की सतह पर बड़े-बड़े गड्ढे और बेसिन थे, जो उल्कापिंडों के टकराने से बने थे। इन गड्ढों में पानी भरने लगा।फिर धीरे-धीरे ये समुद्रों में बदल गया। वैज्ञानिक रिसर्च ये भी कहती है कि लाखों करोड़ों साल पहले एस्टेरायड्स और दूसरे ग्रहों की टक्कर से पृथ्वी पर बने बड़े और विशाल गड्ढे ही बड़े समुद्रों में तब्दील होने लगे।

### उत्पत्ति को समझने कई तरह के शोध किए

– 2014 में वैज्ञानिकों ने रिंगवुडाइट नामक खनिज में पानी की मौजूदगी की पुष्टि की। यह खनिज पृथ्वी के मेंटल में गहराई पर पाया जाता है। इस खोज ने यह साबित किया कि पृथ्वी के अंदर बहुत सारा पानी मौजूद हो सकता है, जो समुद्रों को बनाने में बहुत काम आया होगा।

– नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों ने धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों के नमूने एकत्र किए हैं। उदाहरण के लिए, नासा के 'ओसिरिस-रेक्स' मिशन के जरिए क्षुद्रग्रह बेन्नू से नमूने लाए गए, जिनमें पानी के अंश पाए गए। इसी तरह, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के 'रोसेटा' मिशन ने धूमकेतु 67P/ चुरयुमोव-गेरासिमेंको का अध्ययन किया > उसमें बर्फ की मौजूदगी पाई गई।

– हाल के शोधों से पता चला है कि क्षुद्रग्रहों का पानी पृथ्वी के पानी से ज्यादा मिलता-जुलता है।



### क्या ये पानी अंतरिक्ष से आया

दूसरा सिद्धांत यह कहता है कि पृथ्वी का पानी अंतरिक्ष से आया। जब पृथ्वी बन रही थी, तब सौरमंडल में बहुत सारे उल्कापिंड, धूमकेतु और क्षुद्रग्रह मौजूद थे। इनमें से कुछ में बर्फ के रूप में पानी मौजूद था। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के शुरुआती दौर में करीब 4 अरब साल पहले इन अंतरिक्षीय पिंडों से टकराने की वजह से पृथ्वी पर पानी आया। इसे लेट हेवी बॉम्बार्डमेंट कहा जाता है। इस दौरान लाखों उल्कापिंड और धूमकेतु पृथ्वी से टकराए, जिससे पानी सतह पर जमा हुआ। धूमकेतुओं में बर्फ की मात्रा बहुत अधिक होती है। जब ये पृथ्वी की सतह से टकराते थे तो उनकी बर्फ पिघलकर पानी बनाती थी।

## रोचक खबरें

# लड़की ने जीरो फिगर पाने के चक्कर में की ऐसी खतरनाक डाइटिंग, मरते-मरते बची!



**बीजिंग।** परफेक्ट फिगर पाने का भूत आजकल के युवाओं के सिर पर किस कदर हावी हो रहा है, इसका जीता-जागता और खौफनाक उदाहरण चीन से सामने आया है। जहां हुनान प्रांत की एक 16 वर्षीय लड़की मेई ने जीरो फिगर के चक्कर में ऐसी खतरनाक डाइटिंग की, जो उनकी जान पर बन आई। मेई मरते-मरते बची हैं। उनकी हालत इस कदर बिगड़ गई कि उन्हें आईसीयू में एडमिट करना पड़ गया। मेई ने अपने बर्थडे पर साइज जीरो के सपने को पूरा करने के लिए पूरे दो हफ्तों तक सिर्फ और सिर्फ उबली हुई सब्जियां खाईं। पहले तो उन्हें लगा कि वह एकदम सही ट्रैक पर हैं, पर कुछ ही दिनों में उनका शरीर जवाब दे गया। मेई को एक दिन अचानक सांस लेने में भयंकर तकलीफ हुई और वह सीधे बेहोश हो गईं।

**बिना सलाह के डाइटिंग नहीं :** शुक्र है डॉक्टरों ने मेई की जान बचा ली, और अब वह बिल्कुल ठीक होकर घर लौट चुकी हैं। इस डरावने अनुभव के बाद उन्होंने कहा कि वह अब एक्सपर्ट की सलाह के बगैर डाइटिंग नहीं करेंगी और अपनी सेहत को ही पहली प्राथमिकता देंगी।

### 12 घंटे तक मौत से जंग!

मेई को बेहोशी की हालत में पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी जान बचाने के लिए 12 घंटे तक लगातार जंग लड़ी। जांच में सामने आया कि मेई के शरीर में पोटेशियम की मात्रा इतनी कम हो चुकी थी कि उनके ऑर्गन्स ने काम करना बंद कर दिया था। बता दें कि पोटेशियम की कमी इतनी खतरनाक हो सकती है कि इससे हार्ट अटैक तक आ सकता है और इंसान की जान जा सकती है।


# ऑफिस में रील देख रही थी लड़की, सीनियर ने टोका तो जेल भिजवाने की दी धमकी

वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक महिला कर्मचारी डेस्क पर बैठकर फोन चला रही होती है। जब उसका वरिष्ठ अधिकारी उसे काम करने के लिए कहता है तो उसे सुनाने लगती है। इसके साथ ही जेल भिजवाने की भी धमकी देती है। दफ्तर हो या घर फोन चलाना और रील देखना लोगों के लिए आम बात है। दफ्तर में काम छोड़कर फोन चालने पर बॉस से डांट तो खानी ही पड़ेगी। आप कभी किसी सरकारी दफ्तर में गए होंगे, तो वहां के कर्मचारियों को काम छोड़कर फोन देखा होगा। वहां पर उन्हें कोई रोकने-टोकने वाला नहीं है। कई बार कुछ बोलने पर लोग उल्टा ही धमकाने लगते हैं। अब इन दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसी ही महिला कर्मचारी का वीडियो वायरल हो रहा है। वह वीडियो में दफ्तर में रील देखती है, लेकिन जब अधिकारी उसे काम करने के लिए कहता है तो वो बुरी तरह उन्हें धमकाने लगती है। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक महिला कर्मचारी डेस्क पर बैठकर फोन चला रही होती है। जब उसका वरिष्ठ अधिकारी उसे काम करने के लिए कहता है तो उसे सुनाने लगती है। इसके साथ ही जेल भिजवाने की भी धमकी देती है।



# ऑफिस में विदेशी मेहमान के स्वागत में कर्मचारियों ने किया डांस, भड़के लोग

**नई दिल्ली।** किसी कार्यक्रम में किसी विशेष स्वागत के लिए खास इंतजाम किए जाते हैं। इनमें डांस से लेकर अन्य चीजें शामिल होती हैं। अब एक ऐसा ही किसी खास अतिथि के स्वागत का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया है। वीडियो मेंऑफिस के कुछ कर्मचारी एक फॉरेन विजिटर के आने पर डांस कर रहे हैं। बैकग्राउंड में सीटियां और तालियों की आवाज सुनी जा सकती है। विदेशी मेहमान भी परफॉर्मेंस में काफी दिलचस्पी दिखाते दिख रहे हैं। कर्मचारी के साथ वह भी डांस स्टेप करते हुए भी दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर ज्यादातर लोगों को ऑफिस में मेहमानों के स्वागत में डांस करना पसंद नहीं आ रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि यह देखकर शर्मिंदगी महसूस हो रही है और कहा कि देखने के बाद उन्हें शर्म आ रही है। एक शख्स ने कहा कि कल मेरे ऑफिस में भी कल ऐसा ही कुछ हुआ। हमारी कंपनी के सेल्स वाइस प्रेसिडेंट को भी डांस करना पड़ा, क्योंकि उन्होंने बीते साल शर्त लगाई थी कि अगर टीम टारगेट पूरा कर लेगी तो वह डांस करेंगे। वायरल वीडियो पर कई लोग अपनी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि उनके दफ्तर में भी ऐसे ही डांस या परफॉर्मेंस करवाए जाते हैं। एक अन्य शख्स ने कहा कि उनके दफ्तर में उन कर्मचारियों को अधिक महत्व दिया जाता है, जो इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, भले ही उनका काम अच्छा न हो।




## रिसर्च

### कुछ खगोलीय घटनाओं से हॉकिंग की बात हो सकती है सच

# मानव जीवन पर मचेगी तबाही, सच होगी एलियन से जुड़ी भविष्यवाणी?

**न्यूयार्क।** महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग ने कई साल पहले चेतावनी दी थी कि एलियन से संपर्क करना इंसानियत के लिए बहुत खतरनाक हो सकता है। अब कुछ वैज्ञानिक उनकी इस भविष्यवाणी को लेकर चिंता जता रहे हैं। उनका मानना है कि हाल ही में हुई कुछ खगोलीय घटनाओं से हॉकिंग की बात सच हो सकती है। हॉकिंग की चेतावनी पर हाल ही में तब फिर से ध्यान गया, जब हार्वर्ड के एक खगोलशास्त्री प्रोफेसर एवी लोएब ने दावा किया कि दिसंबर में पृथ्वी के पास से गुजरने वाली एक रहस्यमयी वस्तु एक शत्रुतापूर्ण यूएफओ हो सकती है। इस वस्तु को 3I/एटलस नाम दिया गया है और कुछ वैज्ञानिक इसे एक सामान्य धूमकेतु मानते हैं। हालांकि, लोएब का तर्क है कि इसकी गति और असामान्य रास्ता यह बताता है कि यह किसी कृत्रिम तरीके से बनाई गई है।



### हॉकिंग की चेतावनी क्या थी?

स्टीफन हॉकिंग ने दुनिया को चेतावनी दी थी कि एलियन जीवन के साथ संपर्क करना मानव जाति के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। उनका मानना था कि सक्रिय रूप से बाह्यग्रहों की खोज करने से घातक आक्रमण होगा। ठीक उसी तरह जैसे अतीत में पृथ्वी पर संस्कृतियों ने कम उन्नत सभ्यताओं को मिटा दिया था। हॉकिंग ने 2004 में कहा था, 'उन्नत जातियों का आदिम लोगों से मिलने का इतिहास बहुत सुखद नहीं रहा है। वे एक ही प्रजाति के थे, फिर भी उन्होंने कम विकसित सभ्यता को नष्ट कर दिया। मुझे लगता है कि एलियन के मामले में हमें अपना सिर नीचा रखना चाहिए।' उन्होंने सलाह दी थी कि हमें ब्रह्मांड में अपनी मौजूदगी का सक्रिय रूप से प्रचार करने से बचना चाहिए। उन्होंने बुद्धिमान एलियन जीवन की खोज में सक्रियता नहीं दिखाने की वकालत की थी।

### क्या होगा अगर भविष्यवाणी सच हुई?

प्रोफेसर लोएब ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी परिकल्पना सच साबित होती है तो मानवता के लिए इसके परिणाम बहुत बुरे हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि भले ही हम रक्षात्मक उपाय करें, लेकिन वे बेकार साबित हो सकते हैं। हॉकिंग ने अपनी मृत्यु से पहले भी कहा था कि यदि हम किसी उन्नत सभ्यता से मिलते हैं, तो यह वैसा ही होगा जैसा मूल अमेरिकियों का पहली बार क्रिस्टोफर कोलंबस से सामना हुआ था। उन्होंने कहा था कि हमें ब्रह्मांड में भेजे गए किसी भी सिग्नल का जवाब देने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।



### फायदे से ज्यादा पहुंचा सकता है नुकसान

वैज्ञानिकों का मानना है कि हॉकिंग की यह चेतावनी हमें बताती है कि एलियन से संपर्क करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। भले ही कुछ वैज्ञानिक एलियन से संपर्क करने के कई फायदे बताते हैं, लेकिन हॉकिंग और उनके विचारों का समर्थन करने वाले अन्य वैज्ञानिक इस बात पर जोर देते हैं कि अपनी मौजूदगी को अन्य दुनिया में प्रसारित करना एक रणनीतिक गलती हो सकती है।

# इस सांप की कीमत है 25 करोड़ रुपए! आखिर क्यों है इतना महंगा



**नई दिल्ली।** सांप धरती के सबसे खतरनाक और जहरीले जीवों में शामिल हैं। दुनिया में सांप की तीन हजार से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें कुछ सांप बेहद जहरीले होते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में सांपों की ऐसी 69 प्रजातियां पाई जाती हैं, जो बेहद खतरनाक होती हैं। इनमें 29 समुद्री सांप हैं, जबकि 40 जमीन पर रहने वाले हैं। हालांकि, आज हम आपको एक ऐसे सांप के बारे में बताएंगे, जिसकी कीमत करोड़ों में है। यह जानकर आपको यकीन नहीं हो रहा होगा, लेकिन यह बिल्कुल सच है। इस दो मुंहा सांप का नाम है रेड सैंड बोआ। आखिर इस सांप की कीमत इतनी अधिक क्यों है? इसमें ऐसा क्या होता है, जो यह इतना महंगा बिकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सांप की कीमत 25 करोड़ रुपए तक होती है। रेड सैंड बोआ सांप की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपये से लेकर 25 करोड़ रुपए तक होती है। यह दो मुंहा सांप बेहद दुर्लभ है, जिसकी वजह से इस कीमत इतनी अधिक है। इस सांप का इस्तेमाल कई तरह से होता है, जिसकी वजह से इसकी मांग अधिक होती है। रेड सैंड बोआ सांप का तांत्रिक अलग-अलग उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करते हैं।

### भारत सरकार ने संरक्षित घोषित किया

यह दो मुंहा सांप बेहद दुर्लभ प्रजाति का है। भारत सरकार ने 1972 में इस सांप को संरक्षित घोषित किया है। सांप का कई दवाओं में इस्तेमाल किया जाता है। इसकी वजह से इस सांप की तस्करी होती है। इस दो मुंहा सांप भले ही कहा जाता है, लेकिन इसके दो मुंह नहीं होते हैं। इसकी पूंछ जरूर मुंह की तरह दिखती है। इसलिए इसे दो मुंहा सांप कहा जाता है। यह सांप शांत स्वभाव के होते हैं और अगर इन्हें छेड़ा नहीं जाए तो शायद ही कभी इंसानों से इनका सामना हो। दुर्भाग्य से इनकी दुर्लभता और रहस्यमयी प्रकृति की वजह से इनकी अवैध बाजारों में बहुत ज्यादा मांग है।

# भारत में मिला दुनिया का सबसे रहस्यमयी सीआरआईबी ब्लड ग्रुप, डॉक्टर्स भी हैं हैरान

**बेगलुरु।** लोगों के शरीर में कई तरह के ब्लड ग्रुप पाए जाते हैं जो ए, बी, ओ ग्रुप्स में होते हैं। इन्हीं में नेगेटिव और पॉजिटिव भी होते हैं। इसके अलावा 'आरएच' ब्लड ग्रुप पाया जाता है, लेकिन भारत में सीआरआईबी नाम का दुर्लभ ब्लड ग्रुप पाया गया है। ये ब्लड ग्रुप सीआरआईबी है और इसका मतलब क्रोमर इंडिया बेंगलुरु है। अगर सामान्य भाषा में कहा जाए तो यह एक ऐसा ब्लड ग्रुप है जो बेंगलुरु कि एक महिला के अंदर पाया गया है। यह बात तब पता चली जब 38 साल की महिला को हार्ट सर्जरी के वक्त से पहले खून की जांच में डॉक्टर या कहें तो विशेषज्ञ ब्लड ग्रुप का पता नहीं लगा पाए थे।



### डॉक्टर सर्जरी से पहले ही मरीज के शरीर का खून कर लेते हैं इकट्ठा


इतना दुर्लभ खून होने की वजह से मरीजों के लिए यह अच्छी स्थिति बिल्कुल भी नहीं होती है। ऐसे में सबसे पहले डॉक्टर मरीज के परिवार में ही ऐसे बल्ड सेंपल्स को ढूंढते हैं, फिर उस ब्लड ग्रुप को चढ़ाया जाता है। अगर इसके बाद भी ऐसी स्थिति बनी रहती है कि मरीज का ब्लड सेंपल नहीं मिल रहा है तो इस कंडीशन में डॉक्टर सर्जरी से पहले ही मरीज के शरीर का खून इकट्ठा कर लेते हैं, क्योंकि अगर कोई भी एमरजेंसी हो तो ऐसी स्थिति में मरीज को उसका खून चढ़ाया जा सके।



### ब्लड डोनर का रजिस्टर

ऐसे दुर्लभ ब्लड ग्रुप के वाले लोगों के लिए एनआईआईएच ब्लड डोनर का रजिस्ट्रेशन कर रहा है। यहां पर एक डेटाबेस तैयार किया जाएगा, जिसमें दुर्लभ ब्लड ग्रुप के ब्लड डोनर के बारे में जानकारी दी हुई होगी। जब भी किसी मरीज के साथ कोई इमरजेंसी होती है तो उसे वहां पर उसके लिए वह ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा। यह दुर्लभ ब्लड डोनर का रजिस्ट्रेशन उन लोगों के लिए बहुत ही मददगार साबित हो सकता है, जिनके शरीर में कई एंटीबॉडी है और उनके अपने शरीर के अनुसार मैच करने वाले ब्लड ग्रुप की जरूरत पड़ सकती है।

# अनीता और टिमोथी की जोड़ी लोगों को लगती है बहुत अजीब



**टोरंटो।** शादी में सारे जोड़े बहुत सुंदर नहीं होते हैं। बहुत से सामान्य होते हैं पर कई जोड़े बेमेल से लगते हैं। कभी दूल्हा-दुल्हन के रंग के बहुत अधिक अंतर होता है। कभी दोनों की ऊंचाई में बहुत ज्यादा असामानता होती है, तो कभी दोनों ही स्वाभाव में पूरब-पश्चिम जैसे होते हैं। सच यही है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। यह बात अनीता विंग ली और टिमोथी मट्टू की प्रेम कहानी भी साबित करती है। दोनों की ऊंचाई में काफी अंतर, संस्कृति से लेकर दोनों के रंग भी में काफी अंतर है। फिर उनका प्यार एक अनोखी दास्तान बन गई है

### दोनों में अंतर

टिमोथी, एक चैरिटी संगठन के को फाउंडर हैं। वे सभी के लिए साफ पानी उपलब्ध कराने के मिशन पर काम करते हैं, केवल 4 फुट लंबे हैं। उनकी शारीरिक बनावट सामान्य से अलग है। उनका धड़ सामान्य आकार का है, लेकिन हाथ और पैर छोटे हैं। अनीता ने शुरू में इस ऊंचाई के अंतर को लेकर हिचक महसूस की। वे हमेशा से एक ऐसे पार्टनर की कल्पना करती थीं जो उनसे लंबा हो, जिसके साथ वह हील्स पहन सकें और फिर भी उसे ऊपर देखना पड़े।

### पहले टिमोथी को हुआ प्यार

टिमोथी के मन में अनीता के लिए रोमांटिक भावनाएं पहले ही पनप चुकी थीं। वे अनीता को बार-बार मैसेज करते और अपनी पर्सनैलिटी दिखाने की कोशिश करते थे। लेकिन, अनीता को यह समझ नहीं आ रहा था कि वह टिमोथी को कैसे देखें। उन्होंने अपनी बहन की मदद से टिमोथी को एक मैसेज भेजा, जिसमें लिखा था कि वह सिर्फ़ दोस्ती चाहती हैं।इस प्रेरणा ने अनीता को टिमोथी को एक मौक़ा देने के लिए प्रेरित किया। धीरे-धीरे, अनीता को एहसास हुआ कि टिमोथी में सबकुछ वैसा ही है, जो वह अपने जीवनसाथी में चाहती थीं। सितंबर 2024 में दोनों की सगाई हुई और इस साल उन्होंने शादी कर ली है।

### एक दूसरी प्रेम कहानी से मिली प्रेरणा

बस, यहीं से अनीता की भावनाओं ने एक मोड़ ले लिया। मैसेज भेजते ही अनीता को पछतावा हुआ। उन्हें एहसास हुआ कि टिमोथी के लिए उनकी भावनाएं दोस्ती से कहीं ज़्यादा गहरी थीं। ऐसे में वे अपने सपनों और भावनाओं की कशमकश में उलझ गईं। आखिर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई मोटिवेशनल स्पीकर निक वुजिसिक की प्रेम कहानी से प्रेरणा ली, जिनके पास न तो हाथ हैं और न ही पैर। फिर भी उन्होंने अपनी पत्नी कनाए के साथ ख़ूबसूरत जीवन बनाया।

## कुदरत

### शिकार और शिकारी जीवों के बीच रहा है संघर्ष

# पत्ती समझ कर नहीं उठाना इसे, असली रूप देख खिसक जाएगी पैरों तले जमीन!

**नई दिल्ली।** कुदरत ने जीवों में कारीगरियां की है। वह वाकई निराली हैं। जहां शिकारियों को शिकार करने के लिए खास क्षमताएं दी हैं तो वहीं दूसरी तरफ शिकार होने से बचने के लिए दूसरे जीवों को भी कई काबिलियतों से नवाज़ा है। कुछ प्रजातियों में शिकार और शिकारी जीवों के बीच संघर्ष चल रहा है और वे एक दूसरे की नई काबिलियतों के मुताबिक खुद को बेहतर भी करती रहते हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में कुदरत का एक बहुत ही अनोखा चमत्कार देखने को मिला है। इस जीव को देखने पर लगता है कि यह साधारण सी सड़ी हुई पत्ती है, लेकिन असल में यह मकड़ी है।

**भारत में हुई थी इसकी खोज :** यह मकड़ी बिल्कुल ही अनूठी और नई प्रजाति है। इसे वैज्ञानिकों ने एरियोविक्सिया ग्रिफिंडोरी नाम दिया है। यह एरेनिडे परिवार की एक मकड़ी प्रजाति है। इसकी खोज 2015 में भारत के कर्नाटक राज्य में जावेद अहमद, राजश्री खलप और सुमुखा जवागल ने की थी।



### खुद को छिपाने का हुनर

यह मकड़ी जो खुद को एक सूखे पत्ते की तरह छिपा लेती है। यह मकड़ी इतनी चालाक है कि इसे देखकर कोई भी समझ नहीं सकता कि यह एक जीवित प्राणी है। इस मकड़ी को 'पत्ते जैसी मकड़ी' कहा जाता है। यह मकड़ी अपने शरीर को ऐसे ढाल लेती है कि वह एक पत्ते की तरह दिखाई देती है।

### छलावरण की अनोखी मिसाल

वैज्ञानिकों के अनुसार, इसे अभी तक पूरी तरह से समझा नहीं गया है। इस मकड़ी की खोज ने प्रकृति के चमत्कारों को एक बार फिर से सामने ला दिया है। यह मकड़ी छलावरण की अनोखी मिसाल है कि कैसे जीव खुद को बचाने के लिए अनुकूलन करते हैं।

### क्यों दिखती है पत्ते की तरह?

इसके पीछे का हिस्सा हरा होता है, जैसे कि एक जीवित पत्ता और सामने का हिस्सा भूरा, जैसे कि एक सूखा पत्ता। यहां तक कि इसकी पूंछ भी एक डंठल की तरह दिखती है। मकड़ी का मुख्य उद्देश्य शिकारियों से बचना है। यह इतनी अच्छी तरह से छिप जाती है कि शिकारी इसे पहचान नहीं पाते। यह मकड़ी जंगल में पत्तों के बीच रहती है और अपना शिकार करती है।

रायपुर
मंगलवार, 5 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 24, अंक : 20
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**


मौसम
अधि. 34.20
न्यून. 27.20

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## गहरी खुदाई से क्या फायदा

नदियों से रेत निकालने के लिए दो मीटर तक की खुदाई करवाने के संबंध में खनिज विभाग के अधिकारियों का दावा है कि यह किए जाने से रेत की चोरी रुकेगी। इस बात के साथ अधिकारी ये भी जोड़ते हैं कि पहले जब एक मीटर तक खुदाई की अनुमति थी तब भी ठेकेदार दो मीटर या अधिक भी खोदकर रेती चोरी कर लेते थे, लेकिन अब यह नहीं हो सकेगा।

## 15 अक्टूबर से शुरू होगा रेत खनन

राज्य सरकार ने नई रेत खनन नीति के तहत काम करना शुरु कर दिया है। अब रेत खदानों की ऑनलाइन नीलामी की जाएगी। इसके लिए यह खास प्रावधान रखा गया है कि जिसे भी खदान लेने है उसे छत्तीसगढ़ का नागरिक होना आवश्यक है। हालांकि राज्य में अभी बारिश के सीजन में रेत खनन पर रोक लगी है। 15 अक्टूबर के बाद खनन पर लगा प्रतिबंध समाप्त हो जाएगा। इसके बाद नई नीति के तहत रेत खनन प्रारंभ होगा।

# अब नदियों से रेत की खुदाई होगी 2 मीटर तक, पर्यावरण से मांगी मंजूरी, विशेषज्ञों की रिपोर्ट-दिक्कत नहीं

हरिभूमि न्यूज:रायपुर


खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार की नई रेत खनन नीति का क्रियान्वयन जल्द शुरु होने की संभावना है, लेकिन इससे पहले खास बात है कि सरकार चाहती कि अब नदियों से एक मीटर की जगह दो मीटर खुदाई की जाए। इस संबंध में पर्यावरण विभाग से अनुमति मांगी गई है। लेकिन इसके लिए खनिज विभाग ने पहले से तैयारी करते हुए आईआईटी रुढ़की से राज्य की सभी नदियां का एक अध्ययन करवाया है और उनकी ▶▶।शेष पेज 5 पर

## छत्तीसगढ़ के नागरिक को ही मिलेगी खदान

### अब दो मीटर खुदाई क्यों

रेत खनन की नई नीति का फिलहाल सबसे अहम पहलू है कि रेत निकालने के लिए एक मीटर की जगह दो मीटर खुदाई हो। खनिज विभाग ये भी चाहता है कि इस काम के लिए जेसीबी के इस्तेमाल की अनुमति मिले। हालांकि पूर्व में नियम ये रहा है कि रेत खुदाई मैन्युअल तरीके से हो। लेकिन अब अधिकारियों का कहना है कि अब ये संभव नहीं है।



### आईआईटी से पांच करोड़ में कराया है अध्ययन

रेत खनन नीति के तहत दो मीटर तक खुदाई करने संबंधी निर्णय से पहले राज्य सरकार ने आईआईटी रुड़की से राज्य की सभी नदियों पर एक अध्ययन करवाया है। इसके लिए पांच करोड़ रुपए कीमत भी अदा की गई है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट कहती है कि नदियों को दो मीटर तक खोदने से नदियों और पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव भी नहीं पड़ने वाला है। यह रिपोर्ट खनिज विभाग के लिए काफी अनुकूल मानी जा रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आतंकवाद रोधी अभियान चौथे दिन भी जारी


**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवाद-रोधी अभियान सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में शामिल आतंकवादियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मुठभेड़ चौथे दिन भी जारी रही और सोमवार सुबह से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षा बल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर समेत सभी साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज परीक्षा पे चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' पहल एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई है। शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान 3.53 करोड़ वैध पंजीकरण प्राप्त हुए।

### छांगुर बाबा के खुलेंगे राज ईडी रिमांड पर सहयोगी



**लखनऊ।** लखनऊ की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने छांगुर बाबा के कथित सहयोगी नवीन रोहरा को सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने उत्तर प्रदेश में कथित अवैध धर्मांतरण गिरोह से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत उसकी हिरासत केंद्रीय एजेंसी को दी है। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से रोहरा जेल में बंद है।

# सुप्रीम कोर्ट की राहुल पर सख्त टिप्पणी, पूछा- आपको कैसे पता कि चीन ने जमीन हड़पी?

सेना के खिलाफ टिप्पणीः कांग्रेस नेता को फटकारा लेकिन कार्यवाही पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा, 'अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे।' हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस मामले में लखनऊ की एक अदालत में गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, आप विपक्ष के नेता हैं। आप संसद में बातें क्यों नहीं कहते हैं, आप सोशल मीडिया पर क्यों कहते हैं? पीठ ने पूछा, आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीनियों ने कब्जा कर ली है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय ▶▶।शेष पेज 5 पर


*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित टिप्पणी के मामले में अपने खिलाफ मानहानि को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सोमवार को राहुल गांधी को फटकार लगाते हुए कहा कि आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2000 वर्ग किलोमीटर तक भारत की जमीन हड़प ली है?*

▶▶ *'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी*

▶▶ *उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को भेजा नोटिस*

**भारत जोड़ो यात्रा में दिया था बयान**

अपनी 2023 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, कांग्रेस नेता राहुल ने दावा किया कि एक पूर्व सेना अधिकारी ने उन्हें बताया था कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। उनके इस बयान को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया था और उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था।



### कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

- आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है
- अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसा नहीं कहते
- क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है?
- जब सीमा पार कोई विवाद होता है तो क्या आप ये सब कह सकते हैं?
- आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछते?

### कार्यवाही पर रोक

राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल राहुल गांधी को राहत देते हुए निचली अदालत में मानहानि मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी।

### लखनऊ कोर्ट ने किया था तलब

लखनऊ की कोर्ट में दायर याचिका में शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव के आरोप के बाद अधीनस्थ कोर्ट ने गांधी को मुकदमे का सामना करने के लिए अभियुक्त के रूप में तलब किया।

### इधर, भाजपा बोली- राहुल ने भारत को कमजोर करने की कसम खाई

भाजपा ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने भारत को कमजोर करने और चीन को मजबूत करने की कसम खा रखी है। राहुल को "चीन गुरु" करार देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी भारतीय सशस्त्र बलों से नफरत करते हैं। विदेशी ताकतें उन्हें रिमोट कंट्रोल से संचालित कर रही हैं। राहुल लगातार बचकानी, गैर-जिम्मेदार और भारत विरोधी टिप्पणियां" करते आए हैं।

कोर्ट में दाखिल की थी अर्जी

# पूर्व मुख्यमंत्री और उनके बेटे को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। ईडी की गिरफ्तारी से बचने पूर्व मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए शनिवार को अर्जी दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भूपेश बघेल की अर्जी को सुनने से इंकार करते हुए हाईकोर्ट जाने सलाह दी है। एक अन्य याचिका पर 6 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉय-माल्या बागची की बेंच में हुई। दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि दोनों याचिकाओं में पीएमएलए के कई सेक्शन को ▶▶।शेष पेज 5 पर

### चैतन्य की रिमांड 14 दिन बढ़ी

शराब घोटाले में गिरफ्तार चैतन्य बघेल की सोमवार को ईडी की विशेष अदालत में नियमित सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य की 14 दिनों की न्यायिक रिमांड बढ़ाए जाने का फैसला सुनाया। ईडी ने चैतन्य बघेल को पिछले महीने उनके जन्मदिन के दिन ईडी ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने पांच दिन रिमांड पर लेने के बाद ईडी ने चैतन्य को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है।

दो हादसों में 10 की गई जान

# पानी भरे गड्ढे में गिरा वाहन, पांच की मौत



एजेंसी ▶▶। भागलपुर

बिहार के भागलपुर जिले में एक वाहन के सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने से पांच कांवड़ियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अनुमंडलाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि घटना रविवार रात शाहकुंड प्रखंड में हुई।

उन्होंने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि बारिश के बावजूद वाहन की गति तेज थी और चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिसकर्मियों ने वाहन और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला। चालक सहित सभी पांच लोगों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### कार के खाई में गिरी पांच की मौत

**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में एक कार के 70 फुट गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक गर्भवती महिला शामिल है। यह घटना शिलांग-डावकी रोड पर रिंगैन के पास रविवार शाम करीब सात बजे हुई। पुलिस के अनुसार, कार शिलांग से पिनुरस्ला जा रही थी।

तीन घायल रायपुर रेफर

# सरगी नाले में गिरी कार, 2 युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶। फिंगेश्वर

नगर से 2 किलोमीटर दूर राजिम मार्ग पर सरगीनाला में बीती रात तेज रफ्तार कार के गिरकर पलट जाने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों की पहचान बिलाईगढ़ जिले के भटगांव निवासी लोकेश साहू 35 वर्ष और पंकज दास मानिकपुरी 38 वर्ष भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के रूप में हुई है। घटना फिंगेश्वर थाना क्षेत्र की है। हादसे में 3 अन्य सवार घायल होगए। कार सवार भटगांव से गरियाबंद के भूतेश्वरनाथ महादेव का दर्शन करने निकले थे। सावन के अंतिम सोमवार को भगवान भूतेश्वरनाथ का दर्शन करने 5 युवक अपने ग्राम भटगांव से ब्रेजा कार क्रंमाक सीजी 04 एनओ 3753 से निकले थे।

### घटना पर नागरिकों ने जताया शोक

घायल की हालत देखते हुए अस्पताल में उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना स्थल से जेसीबी के माध्यम से पलटी हुई कार को नाले से बाहर निकाला और थाने पहुंचवाया। घटना की जानकारी मिलते ही सड़क पर लोगों भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस ने मृतकों के घर वालों को घटना की जानकारी देकर फिंगेश्वर थाने बुलवाया। पीएम पश्चात शव परिजनों के हवाले किया। इस घटना को लेकर नगर के नागरिकों ने दुख प्रकट किया है।




स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य आकर्षण होगी स्वदेशी लाइट फील्ड गन

# लालकिले पर दिखेगी 'आत्मनिर्भर भारत' की झलक

कविता जोशी ▶▶। नई दिल्ली

अलग खबर

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर में बड़े पैमाने पर प्रयोग किए गए स्वदेशी हथियारों से पाकिस्तान को बुरी तरह से धूल चटाने के बाद अब देश की सत्ता से जुड़े सामरिक गलियारों (रक्षा मंत्रालय) में 15 अगस्त यानी जश्न-ए-आजादी की 79वीं वर्षगांठ को जोरशोर से मनाने की तैयारियों का युद्धस्तर पर आगाज हो चुका है। जिसमें स्वदेशी के साथ ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत झलक देखने को मिलेगी। राष्ट्रीय ध्वज को दी जाने वाली 21 तोपों की ▶▶।शेष पेज 5 पर

### तोप की मारक क्षमता 17 किलोमीटर

सलामी के लिए प्रयोग की जाने वाली 105 एमएम की तोप केंद्रीय भारत स्थित मध्य-प्रदेश राज्य के जबलपुर में आयुध फैक्ट्री खमरिया में बनाई गई हैं। 80 के दशक में इन्हें सेना के युद्धक बेड़े में शामिल किया गया था। तोप लगभग 17 किलोमीटर तक मार कर सकती है। ▶▶।शेष पेज 5 पर



### दो साल पहले बदल गई रिवायत

वर्ष 1947 में मिली आजादी के बाद लंबे अर्से तक देश के तमाम राष्ट्रीय पर्वों और कुछ अन्य आयोजनों में अंग्रेजों के शासनकाल की सैन्य सामग्री का इस्तेमाल ही चलन में रहा। लेकिन 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के गठन के बाद इसमें बड़े पैमाने ▶▶।शेष पेज 5 पर

### 17वीं शताब्दी से जुड़ा इतिहास

गौरतलब है कि 21 तोपों की सलामी को देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान माना जाता है। लेकिन इसकी शुरुआती जड़ें लगभग 16वीं-17वीं शताब्दी के उस कालखंड से जुड़ी हुई हैं। जब समुद्री नौसैनिक परंपरा के तहत एक पराजित युद्धपोत या जहाज को अपने गोला बारूद का इस्तेमाल खुद को असहाय व निहत्था बनाने के लिए करना पड़ता था। ये एक प्रकार से उसके द्वारा शत्रुतापूर्ण इरादे की कमी का साफ संकेत देता था। पूरी प्रक्रिया में युद्धपोत अपनी तोपों को बिना किसी नुकसान के तब तक समुद्र में दागकर ▶▶।शेष पेज 5 पर

## चिंतन

# पिंजरे में बंद तोते की छवि से कब आजाद होगी सीबीआई

सीबीआई एक बार फिर पिंजरे के तोते के दृष्टिकोण को सही साबित करती नजर आ रही है। दिल्ली की पूर्ववर्ती आप सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए भर्ती घोटाले के आरोपी बनाए गए सत्येन्द्र जैन के खिलाफ चार वर्ष जांच करने के बाद सीबीआई ने अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। वह इसलिए कि सीबीआई भ्रष्टाचार के एक भी सबूत अदालत में पेश नहीं कर पाई। ऐसे में सवाल उठते हैं कि क्या सीबीआई बिना पुख्ता सबूत के ही आरोप लगा देती है? दिल्ली में विधानसभा चुनाव से कुछेक महीने पहले आम आदमी पार्टी के कई नेता व मंत्री किसी न किसी आरोप में जेल भेजे गए और बाद में सीएम रहे अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद किए गए। सीबीआई अगर तथ्य के साथ आरोप लगा रही थी, नेता जेल भेजे जा रहे थे, तो बाद में सबको जमानत कैसे मिलती गई और अब उसे सत्येन्द्र जैन के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट क्यों दाखिल करनी पड़ी है? क्या सीबीआई के पास जवाब है कि उसकी गैरजिम्मेदाराना हरकत की वजह से देश में कई नेताओं की सार्वजनिक छवि खराब हुई है? क्या सीबाआई इसकी भरपाई कर सकती है? सुप्रीम कोर्ट ने करीब बारह वर्ष पहले 9 मई, 2013 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की खामियों से भरी कार्यप्रणाली के चलते उसे पिंजरे में बंद तोता कहा था। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा था, 'सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है। इस तोते को आजाद करना जरूरी है। सीबीआई एक स्वायत्त संसथा है और उसे अपनी स्वायत्ता बरकरार रखनी चाहिए।' पिछले वर्ष 2024 में आम आदमी के पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट की ऐसी ही सख्त टिप्पणी थी कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि से बाहर आना होगा और दिखाना होगा कि अब वह पिंजरे में बंद तोता नहीं रहा। शायद सीबीआई ने कभी अपने अधिकार व स्वायत्ता को लेकर निष्पक्षता से मंथन ही नहीं किया है। केंद्र में जिनकी भी सरकार रही है, इस दौरान सीबीआई का दुरूपयोग होती रही है। वर्ष 2024 में, सीबीआई ने सबूतों की कमी के कारण 174 मामलों में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जो किसी भी वर्ष में एजेंसी द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इससे पहले, 2023 में 62 और 2022 में 32 मामले सबूत न होने से बंद हुए थे। वर्ष 2024 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल, पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयंत नटराजन, प्रणय और राधिका रॉय, आईपीएल में सट्टेबाजी आदि केसों में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी जमीन घोटाले में जमानत पर बाहर निकल गए। आंकड़ों के हिसाब से सीबीआई की सफलता दर काफी अच्छी है, लेकिन राजनीतिक मामलों में सीबीआई अक्सर सबूत जुटाने में असफल साबित हुई है। 2024 में सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड 1,467 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 1,293 चार्जशीट हुई थी। सीबीआई देश की भरोसेमंद जांच एजेंसी है, इस पर बार-बार सवाल उठना चिंता की बात है। सीबीआई के कामकाज पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगना चाहिए। इस जांच एजेंसी पर जनता का विश्वास नहीं डगमगाना चाहिए, इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह सीबीआई की स्वायत्ता की रक्षा करे। पूर्व में ईडी पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे। जांच एजेंसियों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाना चाहिए। देश में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि पुख्ता सबूत पेश किए जाने के बाद ही किसी की गिरफ्तारी हो।

## स्मृति शेष
डॉ. इरफान अंसारी

# आदिवासी योद्धा जिसने कॉरपोरेट्स को ललकारा और एक राज्य बनाया

4 अगस्त, 2025 को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का निधन हो गया, जिसके साथ भारत की आदिवासी राजनीति का एक युग समाप्त हुआ। 81 वर्षीय "गुरुजी" ने आदिवासी अधिकारों की लड़ाई को एक शक्तिशाली आंदोलन में बदला, और 15 नवंबर, 2000 को बिहार से झारखंड को अलग करवाया। जब मोदी सरकार पर अडानी और अंबानी जैसे कॉरपोरेट्स को तरजीह देने के आरोप लग रहे हैं, सोरेन का जीवन एक जोरदार जवाब है—एक आदिवासी योद्धा जिसने कॉरपोरेट लालच को चुनौती दी, दिल्ली के सत्ताधीशों को मात दी, और अपने लोगों को एक राज्य दिया। 11 जनवरी, 1944 को नेमरा गांव (अब झारखंड के रामगढ़ जिले में) में जन्मे शिबू सोरेन ने दीकु (बाहरी) जमींदारों और खनन कंपनियों द्वारा आदिवासी जमीनों की लूट को देखा। 1969–70 का अकाल, जब सरकारी अनाज कालाबाजारियों के पास गया और आदिवासी मजदूर भूखे मर गए, उनके लिए एक ज्वाला बन गया। राजनीति शास्त्र में मास्टर्स की डिग्री के साथ, सोरेन ने 1973 में ए.के. रॉय और बिनोद बिहारी महतो के साथ **JMM** की स्थापना की, जिसका नारा था जल, जंगल, जमीन। साहूकारों की जमीनों से धान जब्त करने की उनकी मुहिम, जिसमें आदिवासी तीर-कमान लेकर पहरा देते थे, केवल विरोध नहीं था—यह सिस्टम के खिलाफ बगावत थी। हालांकि जयपाल सिंह मुंडा ने 1940 के दशक में सबसे पहले झारखंड का झंडा उठाया, लेकिन यह सोरेन थे जिन्होंने इस सपने को हकीकत बनाया। मुंडा का दृष्टिकोण स्वतंत्रता के बाद की प्राथमिकताओं के सामने ठिठक गया, लेकिन सोरेन ने जमीनी आंदोलन और राजनीतिक रणनीति से झारखंड को हासिल किया।

सोरेन की प्रतिभा गठबंधन की शतरंज में थी। 1989 में, उनके पांच सांसदों ने वी.पी. सिंह की सरकार को संभाला, आदिवासी कल्याण के वादे हासिल किए। 1993 में, झामुमो के समर्थन ने पी.वी. नरसिम्हा राव की अल्पमत सरकार को अविश्वास प्रस्ताव से बचाया, जिसने सोरेन की दिल्ली में ताकत को बढ़ाया, भले ही बाद में रिश्वत के आरोप लगे। 1995 में, उन्होंने बीजेपी को अपने मेनिफेस्टो में झारखंड राज्य को शामिल करने के लिए मजबूर किया। 1999 में, वाजपेयी की एनडीए सरकार में, उन्होंने लिखित वादा लेकर 2000 में झारखंड बनवाया। कांग्रेस नेता जैरम रमेश ने कहा, "सोरेन वह धुरी थे जिसने झारखंड को अनिवार्य बनाया। झामुमो ने केवल सीमाओं के लिए नहीं लड़ा; यह पहचान की लड़ाई थी। सरहुल जैसे त्योहारों को विरोध के मंच बनाकर, खदान मजदूरों को संगठित कर कॉरपोरेट मुनाफे को ठप करके, और चोटानागपुर टेनेंसी एक्ट से चोरी हुई जमीनें वापस लेकर, सोरेन ने आदिवासियों को आवाज दी। उनकी राजनीति बिरसा मुंडा की बगावत की गूंज थी, लेकिन आधुनिक रणनीति के साथ।



***कॉरपोरेट्स के खिलाफ जंग*** : आज, जब मोदी सरकार पर कॉरपोरेट्स को बढ़ावा देने के आरोप लग रहे हैं—छत्तीसगढ़ में अडानी की कोयला खदानों के खिलाफ विरोध और वन अधिकार कानून को कमजोर करने वाले संशोधनों से स्पष्ट—सोरेन की विरासत पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक है। उनकी वकालत ने 2006 का वन अधिकार कानून पास करवाया, जिसने आदिवासियों को उनकी जमीन का हक दिया, और पीईएसए को मजबूत किया, जिसने ग्राम सभाओं को जमीन हड़पने से रोकने का अधिकार दिया। ये सुरक्षा, जो अब खतरे में हैं, कॉरपोरेट शोषण के खिलाफ सोरेन के हथियार थे। झारखंड के मुख्यमंत्री (2005, 2008–09, 2009–10) और कोयला मंत्री (2004, 2004–05, 2006) के रूप में, सोरेन विवादों में घिरे, जिसमें 1994 में उनके सहायक शशिनाथ झा की हत्या का मामला (2006 में सजा, 2007 में बरी) और 1993 के रिश्वत कांड से जुड़े आरोप शामिल थे। लेकिन आदिवासियों के लिए, ये छोटी बातें थीं। झामुमो के डॉ. तनुज खत्री कहते हैं, गुरुजी ने सिस्टम से लड़कर स्कूल, अस्पताल, और सड़कें दीं। उन्होंने कॉरपोरेट्स से लोहा लिया।

**आगे की लड़ाई** : जैसे-जैसे कॉरपोरेट्स जमीन हड़प रहे हैं, सोरेन की रणनीति-गठबंधनों में संतुलन, नीतिगत जीत, और आदिवासी पहचान का हथियार—ओडिशा से मध्य प्रदेश तक के नेताओं के लिए मार्गदर्शक है। लेकिन चुनौतियां हैं: क्या आदिवासी राजनीति शासन में बदल सकती है? क्या झारखंड की खनिज संपदा इसके लोगों तक पहुंचेगी? क्या हेमंत सोरेन अपने पिता की विरासत को बचा पाएंगे? सोरेन का निधन ऐसे समय में हुआ है जब मोदी सरकार पर्यावरण मंजूरी और जमीन कानूनों में बदलाव के लिए आलोचना झेल रही है, जो कॉरपोरेट मुनाफे को प्राथमिकता देते हैं। पीएम मोदी की सोरेन को "आदिवासी सशक्तिकरण के लिए समर्पित" नेता की श्रद्धांजलि कार्यकर्ताओं को खोखली लगती है।

**अंतिम शब्द** : शिबू सोरेन केवल नेता नहीं, प्रतिरोध का प्रतीक थे। शिव सेना के संजय राउत ने कहा, "झारखंड के लोगों के लिए, गुरुजी भगवान थे।" उनका निधन एक शून्य छोड़ता है, लेकिन उनकी विरासत—एक राज्य, एक आवाज, एक लड़ाई—जारी है। जैसे-जैसे कॉरपोरेट्स भारत के संसाधन-समृद्ध क्षेत्रों पर नजर गड़ाए हैं, सोरेन का नारा जल, जंगल, जमीन एक चुनौती है: अब आदिवासियों के लिए लड़ रहे हैं उनके सुपुत्र और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

***-लेखक झारखंड सरकार में स्वस्थ्य मंत्री हैं।***

# ब्रिक्स से ट्रंप इसलिए हैं परेशान



विश्लेषण
डॉ अश्वनी महाजन

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ सहयोग हो।

गत माह में ही 6-7 जुलाई को ब्राज़ील में ब्रिक्स का 17वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस शिखर सम्मेलन का महत्व यह है कि इसमें सभी 10 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें चार सदस्य, ईरान, मिस्त्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहली बार सदस्य देश के रूप में भाग लिया था; और इंडोनेशिया, जो 2025 के शुरू में पहली बार सदस्य देश के रूप में शामिल हुआ और ब्रिक्स का सदस्य बनने वाला पहला दक्षिण पूर्व एशियाई देश बन गया। अब ब्रिक्स, अपने विस्तारित रूप में, ब्रिक्स प्लस के रूप में जाना जाता है, यह शब्द पहली बार 2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस्तेमाल किया गया। सवाल है कि क्या ब्रिक्स पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती दे रहा है? आखिर ब्रिक्स से ट्रंप परेशान क्यों हैं?

ब्रिक्स आज दुनिया के ज्ञात विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रभाव को चुनौती दे रहा है। अगर हम इस समूह के पहले पाँच देशों, ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पर नज़र डालें, तो 2010 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इनका योगदान 18% था। 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इन देशों की हिस्सेदारी बढ़कर 26.5 प्रतिशत हो जाएगी। अब उन्होंने पश्चिम के आधिपत्य को चुनौती देना शुरू कर दिया है। डी-डॉलराइज़ेशन, यानी व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करके, पश्चिमी ब्लॉक के आधिपत्य को तोड़ने की आवाज़ें मुखर हो रही हैं। इसने वास्तव में अमेरिका के वित्तीय और भू-राजनीतिक आधिपत्य को ख़तरा पैदा करना शुरू कर दिया है। यह भारत, चीन और रूस को विश्व मंच पर एक मज़बूत आवाज़ देता है। यह डॉलर और पश्चिमी संस्थानों से दूर वैश्विक आर्थिक पुनर्संरेखण को बढ़ावा देता है। यह एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रतीक है, जिसका ट्रम्प समर्थन नहीं करते। हाल ही में ब्रिक्स के विस्तार के साथ, जिसमें 5 नए सदस्य शामिल हुए हैं, पश्चिमी ब्लॉक, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की चिंताएं बढ़ गई हैं।

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। इसके प्रमुख कारण इस प्रकार हैं: डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। ब्रिक्स देश व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप हमेशा अमेरिका फर्स्ट पर ज़ोर देते रहे हैं, और देशों के डॉलर से दूर जाने का विचार निश्चित रूप से अमेरिकी आर्थिक प्रभाव और प्रतिबंधों की शक्ति को कमज़ोर करने वाला है।

दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स खुद को जी7, आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी पश्चिमी संस्थाओं के प्रतिकार के रूप में स्थापित कर रहा है। ब्रिक्स जैसे नए और शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन निश्चित रूप से अमेरिकी वर्चस्व के लिए एक चुनौती पेश करते हैं।

तीसरा, ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। वह ब्रिक्स को बहुध्रुवीयता



की आड़ में चीन के वैश्विक विस्तार के एक माध्यम के रूप में भी देखते हैं। चौथा, सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। गैर-डॉलर मुद्राओं (जैसे, युआन या ब्रिक्स मुद्रा) में तेल व्यापार की संभावना है, जो पेट्रोडॉलर प्रणाली को कमजोर करेगा।


पाँचवाँ, ट्रम्प ब्रिक्स के विस्तार को इस बात का संकेत मानते हैं कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) पश्चिमी प्रभाव से दूर जा रहा है और अपना स्वतंत्र समूह बना रहा है। छठा, अमेरिका को छोड़कर किसी भी गैर-पश्चिमी समूह के उदय को व्यक्तिगत और राष्ट्रीय अपमान के रूप में देखा जाता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, जो अमेरिका की भागीदारी के बिना विश्व व्यवस्था के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, उन्हें 'अमेरिकी प्रतिष्ठा' के लिए खतरा माना जाता है- जिसे ट्रंप बहुत महत्व देते हैं।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिक्स के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी नाखुशी जताई है और ब्रिक्स देशों पर ज़्यादा टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। उन्होंने ब्राज़ील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पहले ही कर दी है। हालाँकि, भारत ब्रिक्स का सदस्य है, लेकिन उसका रुख ज़्यादा सूक्ष्म, संतुलित और व्यावहारिक है। जिससे वह अन्य ब्रिक्स देशों से अलग दिखाई देता है। भारत का रुख स्पष्ट रुप से उसके राष्ट्रीय हितों, रणनीतिक स्वायत्तता और बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं से प्रभावित है। हालाँकि, भारत रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और अन्य आर्थिक समझौतों को बढ़ावा देकर और इस तरह डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। भारत डॉलर विरोधी नहीं है, लेकिन वैश्विक वित्तीय प्रणाली में विविधता लाने, एकल मुद्रा पर निर्भरता कम करने और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास के तहत, वह डॉलर पर निर्भरता कम करने का समर्थन करता है। यह रुपये के मूल्य को स्थिर करने और अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को अधिक संतुलित बनाने के भारत के प्रयासों से भी प्रेरित है। भारत ने डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने के लिए रूस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों के साथ भारतीय रुपये में द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है। अब तक 20 से ज़्यादा देशों ने घरेलू मुद्राओं में व्यापार निपटान को सुगम बनाने के लिए वोस्ट्रो खाते खोले हैं। भारत ब्रिक्स देशों के भीतर वैकल्पिक भुगतान तंत्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है, जैसे स्थानीय मुद्राओं का उपयोग या ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा, लेकिन उनकी व्यावहारिकता को लेकर सजग है। भारत वैश्विक व्यापार और वित्त में डॉलर के प्रभुत्व को समझता है और उसने इसके पूर्ण प्रतिस्थापन (या दूसरे शब्दों में, डॉलर-विमुद्रीकरण) का आह्वान नहीं किया है। इसके बजाय, वह कई आरक्षित मुद्राओं (जैसे यूरो, युआन और संभवतः रुपया) के सह-अस्तित्व का पक्षधर है। ब्रिक्स का सदस्य होने के बावजूद, भारत इस समूह को अमेरिका-विरोधी समूह के रूप में नहीं देखता। वह ब्रिक्स समूह को वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एक मंच के रूप में देखता है, न कि टकराव के लिए। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ वैश्विक दक्षिण की आवाज़ों का बेहतर प्रतिनिधित्व हो।

भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार लाने की मांग करता रहा है, जिनके बारे में मानना है कि ये पश्चिमी प्रभुत्व वाली हैं और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करतीं। इसी संदर्भ में, भारत की जी-20 अध्यक्षता में, वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधारों पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था। भारत ब्रिक्स का उपयोग सतत विकास के लिए करता है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास व क्षमता बढ़ाते हैं



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरीका से सावधान रहे भारत

अमरीका विशुद्ध रूप से सदैव अपने व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देता रहा है और उसे किसी की मैत्री या उन्नति से सरोकार नहीं, दुनिया के किसी देश से उसकी स्थायी दोस्ती नहीं। उसने 1965, 1971 और 2025 में भी भारत को ठुकरा कर पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से दोस्ती की और भारत को रूस से अलग करने की चाल चली है। वह नहीं चाहता रूस-भारत मैत्री पक्की रहे। भारत को पश्चिम की चालों से बचकर अपने पड़ोसी चीन से रिश्ते सुधारने चाहिए। पश्चिम ने पहले भी घाव ही दिए और आगे भी शोषण ही करेगा। भारत में अटल जी के शासन काल में अमरीका के प्रतिबंध बेअसर रहे और अब भी 25 फीसदी टैरिफ निष्प्रभावी होगा। हमें लुक ईस्ट की नीति पर चलकर जांचे-परखे मित्र रूस से संबंध और प्रगाढ़ करने होंगे। अमरीका की चालों से बचना है। *- वैभव देशमुख, दुर्ग*

## करंट अफेयर


# हिरोशिमा में आज भी मृतकों के अवशेष की तलाश जारी



जब 80 वर्ष पूर्व छह अगस्त को पहला परमाणु बम विस्फोट हुआ था, तो हजारों मृतकों को आत्मघाती हमले के लिए प्रशिक्षित सैन्य नौकाओं द्वारा हिरोशिमा के दक्षिण में स्थित छोटे से ग्रामीण द्वीप निनोशिमा लाया गया था। आठ दशक पहले (80 वर्ष पूर्व) छह अगस्त 1945 को हुए परमाणु हमले के बाद अब भी हिरोशिमा के नजदीकी द्वीप पर मृतकों के अवशेष की तलाश जारी है। कई पीड़ितों के कपड़े जल गए थे और उनके चेहरे और अंगों से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। वे दर्द से कराह रहे थे। ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, खराब चिकित्सा और देखभाल के कारण 25 अगस्त को जब फील्ड अस्पताल बंद हुआ तब केवल कुछ सौ लोग ही जीवित बचे थे। मृतकों को अव्यवस्थित और जल्दबाजी में चलाए गए अभियानों के बीच विभिन्न स्थानों पर दफनाया गया। दशकों बाद इस क्षेत्र के लोग लापता लोगों के अवशेषों की तलाश कर रहे हैं ताकि पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सके। इसका मकसद उन बचे लोगों को राहत पहुंचाना भी है जो अब भी अपने लापता प्रियजनों को याद में दुखी हैं। हिरोशिमा विश्वविद्यालय के शोधकर्ता रेबुन कायो मृतकों के अवशेषों की खोज के लिए नियमित रूप से निनोशिमा जाते हैं।

## ऑफ बीट

# आपके फोन में भी हैं कीटाणु सावधानी से करे सफाई



हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं। लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं - आपका मोबाइल फोन। विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं। -फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।


## ट्रेंड

### भावभीनी श्रद्धांजलि



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि। दु:ख की इस घड़ी में उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा, जिसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार प्रदर्शन



भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ में हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन। टीम इंडिया ने इस कड़े मुकाबले में असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया, जिससे आज की जीत उनकी हक़दार रही। इस अविश्वसनीय टेस्ट सीरीज़ में जीत के लिए टीम को बधाई।
**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### सारे केस झूठे



आप नेताओं के खिलाफ़लगाये गए सारे केस झूठे हैं। समय के साथ सभी केसों में सच्चाई सामने आ जाएगी। जिन लोगों ने ये झूठे केस लगाए और जिन नेताओं के कहने पर ये झूठे केस लगाए, क्या उन सबको जेल नहीं भेजना चाहिए?
**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली**

### गर्व की बात



यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैंने अपनी चौथी पुस्तक "डिफरेंट बट नो लेस" हमारे भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भेंट की।
**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# आदिवासियों को न्याय देने के लिए लगाते थे खुद का कोर्ट

## शिबू सोरेन ने पिता की हत्या की वजह से ली थी राजनीति में एंट्री

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का राजनीति सफर का काफी दिलचस्प रहा है। पिता की हत्या की वजह से शिबू सोरेन ने राजनीति में एंट्री ली थी। दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में शिबू सोरेन ने 81 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। महज 18 साल की उम्र में सोरेन ने संथाल नवयुवक संघ नामक संगठन बनाया था। आदिवासी योद्धा बिरसा मुंडा के जन्मजयंती पर साल 1973 में शिबू ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया। इसके बाद संगठन ने बिहार के अलग होने के लिए काफी संघर्ष किया। आदिवासियों की जमीन वापस लेने के लिए आंदोलन किए, उन्हें न्याय दिलाने के लिए शिबू अपनी कोर्ट लगाते थे। अथक प्रयासों के बाद बिहार के 18 जिलों को अलग करके 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य बनाया गया। वर्तमान में झारखंड में उन्हीं की पार्टी की सरकार है। शिबू के बेटे हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं।

### जमीनों को एक करने की शुरुआत

शिबु ने आदिवासियों जमीनों को एक करने की शुरुआत की थी। आदिवासियों को एक करने के लिए शिबु ने जबरन जमीनों की कटाई की थी। उस दौरान आदिवासी जमींदारों और साहूकारों से परेशान रहते थे। शिबु हमेशा इनके खिलाफ रहते थे। जो भी जमींदार और साहूकारों से पीडित रहता था, तो शिबु न्याय दिलाने के लिए खुद को कोर्ट लगाते थे। शिबु को तुरंत न्याय देने के लिए जाना था।

### आदिवासियों के बड़े नेता का हो गया है निधन




### साहूकारों ने की थी पिता की हत्या

शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को बिहार के रामगढ़ में हुआ था। उस समय शिबु स्कूल में थे। कुछ साहूकारों ने उनके पिता शोभराम सोरेन की हत्या कर दी। इसके बाद शिबु ने संथाल नवयुवक संघ बनाया।

### ऐसे बनाई थी झारखंड मुक्ति मोर्चा

शिबू सोरेन में 4 फरवरी 1973 को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का गठन किया था। शिबु ने कुर्मी महतो नेता बिनोद बिहारी महतो और संथाल नेता शिबू सोरेन के साथ मिलकर पार्टी बनाई थी। शुरुआत में शिबु सोरेन झामुमो के महासचिव बने। अलग-थलग पड़ी आदिवासी जमीनों को वापस पाने के लिए जेएमएम ने आंदोलन किए।

### हार गए थे पहला लोकसभा चुनाव

राज्य की राजनीति के साथ ही शिबू सोरेन ने साल 1977 में पहली बार आम चुनावों में हाथ आजमाया था। लेकिन वह चुनाव हार गए। दूसरी बार में साल 1980 में दुमका लोकसभा से सांसद चुने गए। इसके बाद वह साल 1989, 1991 और 1996 में भी लोकसभा के लिए चुने गए। 2002 में वे राज्यसभा के लिए चुने गए। उसी साल उपचुनाव में दुमका लोकसभा सीट जीती और अपनी राज्यसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। 2004 में वे फिर से सांसद चुने गए।

### यह विवाद भी जुड़ा

22 मई 1994 को दिल्ली के धौला कुआं इलाके से शीबू के निजी सचिव शशिनाथ झा का अपहरण कर लिया गया था। सचिव को रांची के पास पिस्का नगरी ले जाकर उनकी हत्या कर दी गई। मामले में 12 साल बाद कोर्ट ने शिबू को दोषी माना था। सीबीआई के चार्जशीट में कहा था कि जुलाई 1993 के अविश्वास प्रस्ताव के दौरान केंद्र में नरसिम्हा राव सरकार को बचाने के लिए कांग्रेस और झामुमो के बीच कथित सौदेबाजी की जानकारी निजी सचिव झा को थी। उनकी हत्या के पीछे यही वजह बताई जाती थी। कहा गया कि झा ने सौदेबाजी में बड़ा हिस्सा मांगा था।

## खबर संक्षेप

### संदेशखाली : टीएमसी नेता को बड़ा झटका



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता और संदेशखाली हत्याकांड मामले में आरोपी शेख शाहजहां बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में 2019 में तीन बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच पर उसी अदालत की एकल-न्यायाधीश पीठ के पहले के आदेश को बरकरार रखा।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस के साथ कैदियों की अदला बदली की घोषणा की

**मॉस्को।** यूक्रेन द्वारा रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची के निकट तेल के एक डिपो पर ड्रोन हमले किए जाने के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली की घोषणा की। रूस के अधिकारियों ने बताया कि सोची के निकट एक तेल डिपो पर यूक्रेन के ड्रोन हमले से भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने 'टेलीग्राम' पर बताया कि एक ड्रोन का मलबा गिरने से ईंधन टैंक में भीषण आग लग गयी, जिसे बुझाने के लिए 120 से अधिक दमकलकर्मी तैनात किए गए।

### ओडिशा छात्रा आत्महत्या दो एबीवीपी कार्यकर्ता किए गए गिरफ्तार



**भुवनेश्वर।** बालेश्वर फ़क़ीर मोहन कॉलेज की छात्रा की आत्महत्या के 20 दिन बाद क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच ने दो छात्रों को गिरफ़्तार किया है। दोनों छात्रों को छात्रा की मौत को साजिश बताकर गिरफ़्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि छात्रा अपनी समस्याओं से जूझ रही थी, उसी दौरान कुछ छात्रों ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया। पास में मौजूद मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई और आत्महत्या के प्रयास में मदद भी की गई।

### 'द केरल स्टोरी' को अवॉर्ड भड़का एफटीआईआई



**पुणे।** पुणे स्थित फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के छात्र संगठन ने 'द केरल स्टोरी' को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिए जाने पर विरोध जताया है। छात्र संगठन ने 'द केरल स्टोरी' के डायरेक्शन के लिए डायरेक्टर सुदीप्तो सेन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार देने के फैसले की भी आलोचना की है। छात्र संगठन ने पत्र में लिखा कि एक बार फिर सरकार ने साफ कर दिया है कि अगर कोई फिल्म उसके नफरत फैलाने वाले एजेंडे के साथ मेल खाती है, तो वह उसे उसका इनाम देगी। इससे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 'द केरल स्टोरी' को पुरस्कार देने के फैसले की निंदा की थी।

## भगवान सबके हैं, आप क्यों चाहते हैं सारा फंड आपकी पॉकेट में जाए?

बांके बिहारी प्रबंधन कमेटी से सुप्रीम कोर्ट ने पूछे तीखे सवाल

### मंदिर का प्रबंधन रिटायर्ड हाई कोर्ट जज को सौंपने का दिया संकेत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूपी के वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन और उसके आस-पास के क्षेत्र के विकास पर निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का संकेत दिया है। सुनवाई मंगलवार सुबह 10:30 तक के लिए स्थगित कर दी गई है। कोर्ट जिस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, उसमें उत्तर प्रदेश सरकार के उस अध्यादेश को चुनौती दी गई है जिसके अंतर्गत मंदिर की देखरेख एक ट्रस्ट को सौंपे जाने की योजना है। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने मंदिर के प्रबंधन को लेकर यूपी सरकार के अध्यादेश का विरोध करते हुए याचिका दाखिल की है। कमेटी ने 15 मई को आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी विरोध किया है जिसमें राज्य सरकार को बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी।




### राज्य सरकार ने दिया बिना अधिकार दखल

*याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर एक निजी मंदिर है। उसमें धार्मिक गतिविधियों और मैनेजमेंट को लेकर 2 गुटों में विवाद था। राज्य सरकार ने बिना अधिकार उसमें दखल दिया। वह मामले को सुप्रीम कोर्ट ले आई और कॉरिडोर के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल का आदेश ले लिया। इसके बाद जल्दी-जल्दी एक अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि मंदिर की स्थापना करने वाले और सदियों से उसे संभाल रहे गोस्वामी प्रबंधन से बाहर हो गए। यूपी सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट नवीन पाहवाश पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सरकार यमुना तट से मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलें और मंदिर क्षेत्र को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सके।*

### हमें सुने बिना ऐसा आदेश कैसे आया?

शुरू में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने मंदिर कमेटी से तीखे सवाल किए। कोर्ट ने कहा, 'मंदिर निजी हो सकता है, लेकिन देवता सबके हैं। वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर का फंड श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े विकास में क्यों नहीं इस्तेमाल हो सकता? आप क्यों चाहते हैं कि सारा फंड आपके पॉकेट में ही जाए?' सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के कानून को हाई कोर्ट में चुनौती देनी चाहिए। कोर्ट के सख्त सवालों के जवाब में दीवान ने कहा, 'असल बात यह है कि हमें सुने बिना ऐसा आदेश सुप्रीम कोर्ट से कैसे आया? मामला कुछ और था, उसमें अचानक आदेश आ गया कि मंदिर का फंड कॉरिडोर बनाने के लिए लिया जाए।' इससे सहमति जताते हुए कहा कि किसी जगह का विकास सरकार की जिम्मेदारी है। अगर उसे भूमि अधिग्रहण करना या तो वह ऐसा अपने पैसों से कर सकती है।

### भगवान श्री कृष्ण पहले मीडिएटर थे

*कोर्ट ने कहा कि भगवान कृष्ण पहले मीडिएटर थे और उसी तरह इस मुद्दे को भी मीडिएशन के जरिए सुलझाना चाहिए। लगभग 50 मिनट चली सुनवाई के बाद जजों ने इस बात का संकेत दिया कि 15 मई के आदेश को वापस लिया जा सकता है। फिलहाल मंदिर के प्रबंधन के लिए रिटायर्ड हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जा सकती है। इसमें जिलाधिकारी को भी रखा जाएगा। क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की भी उसके आस-पास के विकास में मदद ली जाएगी। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिए। इसके लिए उचित सुविधाओं का विकास जरूरी है।*

## फर्जी एनकाउंटर, पूर्व एसपी-डीएसपी समेत पांच को हुई उम्रकैद



**पंजाब का मामला, पीड़ितों को 32 साल बाद मिला इंसाफ**

7 लोगों की हुई थी हत्या

**मोहाली।** पंजाब के तरनतारन में वर्ष 1993 के फर्जी मुठभेड़ मामले में दोषी पंजाब पुलिस के पूर्व एसएसपी और डीएसपी सहित पांच पुलिस अधिकारियों की सजा पर सोमवार को फैसला सुनाया है। मोहाली की सीबीआई अदालत ने पूर्व एसएसपी भूपिंदरजीत सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह, डीएसपी दविंदर सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह और एएसआई रघबीर सिंह (सभी सेवानिवृत्त) को आपराधिक साजिश, हत्या, रिकॉर्ड नष्ट करने और फर्जीवाड़ा करने के आरोप में शुक्रवार को दोषी करार था। उक्त दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। पीड़ित परिवारों के वकील सरबजीत सिंह वेरका ने बताया कि जांच पूरी करने के बाद सीबीआई ने 2002 में भूपिंदरजीत सिंह डीएसपी गोइंदवाल, इंस्पेक्टर के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। गुरदेव सिंह एसएचओ सरहाली, एसआई ज्ञान चंद, एएसआई देविंदर सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह एसएचओ थाना वेरोवाल, एएसआई जगीर सिंह, एएसआई रघुबीर सिंह, एचसी मोहिंदर सिंह, एचसी अरूर सिंह को नामजद किया गया। लेकिन 2010-21 की अवधि के दौरान इस मामले की सुनवाई रुकी रही और इस अवधि के दौरान पांच आरोपियों की मृत्यु हो गई।

### ये है मामला

शुक्रवार को सीबीआई पंजाब मोहाली के विशेष न्यायाधीश बलजिंदर सिंह सरा की अदालत ने 32 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया, जिसमें एक ही गांव यानी रानी विल्लाह के तीन एसपीओ सहित सात युवकों को तरनतारन पुलिस द्वारा दो मुठभेड़ों में उठा लिया गया। उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और फिर उन्हें मारा हुआ दिखाया गया।

## निमिषा केस : ब्लड मनी का रास्ता बंद तलाल के भाई ने तुरंत फांसी देने कहा

जज को लिखा पत्र, सुलह से किया इंकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के जिंदा बचने की उम्मीदें धुंधली होती दिख रही हैं। निमिषा को 16 जुलाई 2025 को ही फांसी दी जानी थी लेकिन भारत के एक मुस्लिम धर्मगुरु के हस्तक्षेप के बाद सजा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। निमिषा को जिस यमनी नागरिक की हत्या के मामले में फांसी दी जानी है, अब उसके भाई ने जज को पत्र लिखकर मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द सजा दी जाए। मृतक के भाई ने पत्र में साफ लिखा है कि परिवार सुलह या मध्यस्थता के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। कहने का मतलब अब निमिषा को बचाने के लिए 'ब्लड मनी' का रास्ता बंद माना जा सकता है।



**यह है मामला :** केरल के पलक्कड़ जिले के एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली निमिषा 2008 में काम की तलाश में यमन गईं थी। वहां उसने एक क्लिनिक यमन के नागरिक तलाल महदी के साथ मिलकर खोला था। निमिषा 2017 के एक मामले में फांसी की सजा का सामना कर रही हैं जिसमें उन्होंने गलती से एक यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या कर दी थी।

### यमन में डिप्लोमैटिक चैनल

यमन 2014 से ही गृहयुद्ध की चपेट में है और राजधानी सना पर हूती विद्रोहियों का कब्जा है। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार देश छोड़कर सऊदी अरब से संचालित हो रही है। यमन स्थित दूतावास भी सऊदी अरब के रियाद से संचालित हो रहा है। हूतियों की सरकार को भारत सरकार ने मान्यता नहीं दी है जिससे यमन के साथ डिप्लोमैटिक चैनल सही ढंग से काम नहीं कर रहा है।

## पलट गई 157 प्रवासियों को ले जा रही नाव, 76 की मौत

यमन के समुद्री तटों पर बिखरी लाशें



एजेंसी ▶▶| सना

यमन के समुद्री तट के पास सोमवार को बड़ा हादसा हुआ है। यहां प्रवासियों से भरी एक नाव के पलटने के बाद कम से कम 76 लोगों की डूबकर मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया है कि यमन के तट पर हादसे का शिकार हुई इस नाव पर 157 लोग इथियोपियाई प्रवासी सवार थे। जानकारी के मुताबिक अब भी दर्जनों लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। यमन के सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि अदन की खाड़ी में जहाज के मलबे से 76 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं अब तक 32 लोगों को बचाया भी गया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी, इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने इससे पहले 68 लोगों के मारे जाने की खबर दी थी। हालांकि मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अबयान प्रांत के एक अधिकारी ने बताया, 'अलग-अलग समुद्री तटों पर कई शव मिले हैं। अब भी कई लोग लापता हैं।'

### यहां हुआ हादसा

हादसा दक्षिणी यमन के अबयान प्रांत के तट पर हुआ है। इस क्षेत्र में अक्सर प्रवासी अफ्रीकियों को दूसरे खाड़ी देशों तक पहुंचाने वाले जहाज नजर आते रहते हैं। यमन में 2014 से चल रहे गृह युद्ध के बावजूद यहां बड़ी तादाद में अफ्रीकी देशों के प्रवासी आते हैं। इन देशों में इथियोपिया का नाम भी शामिल है, जहां आंतरिक संघर्ष लगातार जारी है। हर साल हजारों लोग सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे अमीर खाड़ी देशों तक जाने का लक्ष्य लिए लाल सागर के रास्ते जिबूती से यमन तक पहुंचते हैं।

## चीन को चिढ़ाते हुए भारत, फिलीपींस ने किया साझा अभ्यास

विवादित दक्षिण चीन सागर में हुई शिपिंग और नौसैनिक एक्सरसाइज

एजेंसी ▶▶| मनीला

भारत और फिलीपींस ने दक्षिण चीन सागर में शिपिंग और नौसैनिक अभ्यास किया है। दोनों देशों का इस विवादित जल क्षेत्र में यह पहला साझा अभ्यास है। इस क्षेत्र में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों में लगातार लगा हुआ है। वहीं चीन का फिलीपींस और भारत, दोनों देशों के साथ दशकों पुराने क्षेत्रीय विवाद भी हैं। इस मामले पर अभी तक चीन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। फिलीपींस के सशस्त्र बलों के प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर ने सोमवार को कहा कि रविवार से शुरू हुआ दो दिवसीय संयुक्त नौसैनिक नौवहन और अभ्यास सफल रहा हैं। चीनी सेना की प्रतिक्रिया पर ब्राउनर ने कहा कि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई लेकिन हम पर नजर रखी गई है। हमें इसकी पहले से ही उम्मीद थी। चीनी नौसेना और तट रक्षक जहाजों ने दूर से अभ्यास की निगरानी की है।




### इसलिए खास है ये अभ्यास

प्रमुख वैश्विक व्यापार मार्ग दक्षिण चीन सागर में बीजिंग का व्यापक दावों के चलते दूसरे दावेदार देशों, खासकर फिलीपींस और वियतनाम के साथ तनाव है। मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इस जलक्षेत्र के कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। ऐसे में फिलीपींस ने अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ नौसैनिक अभ्यास किए हैं ताकि चीन को कड़ा जवाब दिया जा सके।

### फिलीपींस पर भड़का था चीन

चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में फिलीपींस पर गुस्सा निकाला था। चीन ने कहा था कि फिलीपींस ने अपने क्षेत्रीय जलक्षेत्र में गड़बड़ी फैलाने के लिए विदेशी ताकतों के साथ गठजोड़ कर लिया है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि हम अपनी राष्ट्रीय क्षेत्रीय संप्रभुता और समुद्री अधिकारों की रक्षा करने के अपने संकल्प से कभी नहीं डगमगाएंगे।

## ...तो जम्मू कश्मीर में आतंकवाद कभी खत्म नहीं होगा : अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने प्रदेश में आतंकवाद को लेकर विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान में जब तक हालात नहीं सुधरेंगे, तब तक कश्मीर में आतंकवाद कभी भी खत्म नहीं होने वाला है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं दावा करता हूं कि यहां मिलिटेंसी कभी खत्म नहीं होगी, जब तक हमारे पड़ोसी देश और वहां के हालात बेहतर नहीं होते। मिलिटेंसी यहां तब तक खत्म नहीं होगी, जब तक पाकिस्तान की स्थिति सुधर नहीं जाती।' दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में पांच अगस्त को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा सं. : IRCON/2059/e-TENDER/25-26/CGRP/RAIL/BSP-68 दिनांक : 04.08.2025


छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड (सीईआरएल) की ओर से योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले निविदादाताओं से "साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे पर छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ ईस्ट रेल कॉरीडोर फेज–II हेतु उरगा (किमी 0) से धरमजयगढ़ (किमी 62) तक वाया भैसमा स्टेशन, डोंगामा, धिनारा, धसकामुंडा, हाटी तथा खड़गाँव आरओआर एवं वाई–कनैक्टिविटी के साथ नई बीजी विद्युतीकृत सिंगल रेलवे लाइन के निर्माण के संबंध में ग्रेड आईआरएस–टी–12/09, आर–260–60 ई1 की प्राइम रेल (13एम) 60 किग्रा का निर्माण, आपूर्ति, परिवहन एवं वितरण" के कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 97,37,09,306.04 |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.08.2025 को 15.00 बजे (आईएसटी) तक |

अधिक जानकारी हेतु, वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। परियोजना निदेशक / सीजीआरपी, प्रथम तल, दि आर्क, लिंक रोड, जूडियो के सामने, बिलासपुर, छत्तीसगढ़–495001

# रोमियो में शाहिद के साथ आएंगी नजर

**मुंबई।** शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म रोमियो को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। इस फिल्म के साथ अब तमन्ना भाटिया का नाम जुड़ गया है। अभिनेत्री इसमें अहम किरदार निभा सकती हैं। एक्शन-थ्रिलर फिल्म में तमन्ना भाटिया अहम किरदार निभाएंगी। बताया जाता है कि यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। इससे पहले खबरें थीं कि फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ती डिमरी होंगी। अब इस फिल्म से तमन्ना का भी नाम जुड़ गया है। यह पहला मौका है जब शाहिद कपूर तृप्ति डिमरी के साथ किसी फिल्म में काम करेंगे। दोनों एक -दूसरे के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वहीं, दूसरी तरफ दावा है कि तमन्ना भाटिया ने इस फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है।



# सैयारा की 300 करोड़ी क्लब में हुई एंट्री...

**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा ने 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ले ली है। यह कारनामा फिल्म ने सोमवार को 18वें दिन कर दिखाया है। फिल्म विदेशों में भी धमाल कर रही है और वर्ल्डवाइड यह 400 करोड़ी क्लब का हिस्सा बन चुकी है। वहीं, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह 300 करोड़ी फिल्मों वाली लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकी है। फिल्म सैयारा ने रविवार को 17वें दिन आठ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 300.11 करोड़ रुपए हो गया है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा 300 करोड़ी कुनबे में शामिल होने वाली ऐसी पहली फिल्म है, जिसमें नए सितारे हैं। वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी यह पांचवी फिल्म है, जो 300 करोड़ी बनी है। सबसे तेज 300 करोड़ कमाने के मामले में फिल्म सैयारा ने वॉर, बजरंगी भाईजान और सुल्तान जैसी फिल्मों को धूल चटा दी है। वॉर ने 19 दिन में 300 करोड़ रुपए कमाए थे। वहीं, बजरंगी भाईजान ने 20 दिनों में और सुल्तान ने 35 दिनों में यह कारनामा कर दिखाया था।



# 21वीं सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की सूची में पैरासाइट नंबर एक पर

**नई दिल्ली।** हाल ही में 21वीं सदी (2000 के बाद) की सबसे बेहतरीन 100 फिल्मों की सूची जारी की गई है, जिसमें दुनियाभर के 500 से अधिक निर्देशकों, कलाकारों और क्रिटिक्स ने अपनी पसंदीदा फिल्मों को वोट किया। इस सर्वे में दुनियाभर के लोगों की पसंद, सिनेमा लवर्स और फिल्म मेकर्स के नजरिए को शामिल किया गया। इस सूची में ज्यादातर हॉलीवुड की फिल्में शामिल हैं।

***पहले नंबर पर है पैरासाइट :*** इस सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट में 1 जनवरी, 2000 के बाद से रिलीज हुई फिल्में शामिल हैं। इसमें कई ऑस्कर विनिंग फिल्में भी शामिल हैं। इस लिस्ट की टॉप पर सबसे ऊपर है पैरासाइट, जो साल 2019 में आई थी। बोंग जू एन की यह फिल्म गरीबी, वर्गीय विभाजन और सामाजिक संरचना पर तीखे व्यंग्य के जरिए कहानी कहती है। अमेरिकी इंडस्ट्री इसे 21वीं सदी की अब तक की सबसे प्रभावशाली फिल्म मानती है।



### टॉप पांच में शामिल रहीं ये फिल्में

अब अगर इस लिस्ट की टॉप 10 फिल्मों की बात करें तो, नंबर 1 पर पैरासाइट, फिर – डेविड लिंच की स्यूरेल थ्रिलर मूलोलैंड ड्राइव जो साल 2001 में रिलीज हुई थी। तीसरे स्थान पर साल 2007 में आई फिल्म- थेर विल बी ब्लड है जिसको पॉल थॉमस एंडरसन ने डायरेक्ट किया है। अगले नंबर पर फिल्म इन द मूड फॉर लव-वोंग कर-वाइ की शांति भरी प्रेम कहानी है। पांचवें स्थान पर साल 2016 की फिल्म मूनलाइट है।

### टॉप 10 में शामिल रहीं ये फिल्में

अब सातवें, आठवें और आखिरी दो फिल्मों की बात करें तो लिस्ट में बूढ़ों के लिए कोई देश नहीं (2007), धुंधले दिमाग का शाश्वत प्रकाश (2004), गेट आउट (2017), स्पिरिटेड अवे (2001) – मियाजाकी की एनीमेशन मास्टपिस, द सोशल नेटवर्क (2010) टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं। नंबर 1 पर काबिज फिल्म पैरासाइट को न केवल क्रीटिक्स ने सराहा है, बल्कि रोटेन टोमेटोज पर इसे 97% सकारात्मक रिव्यू मिले हैं और यह फिल्म ने कुल 4 ऑस्कर (बेस्ट पिक्चर सहित) जीत चुकी है।

# इन फिल्मों में दिखाया गया कामकाजी महिलाओं का संघर्ष

***नई दिल्ली।*** *कामकाजी महिलाओं की मेहनत, समर्पण और पेशेवर कामयाबियों को मान्यता देने के लिए पूरी दुनिया में 'सिंगल वर्किंग वुमेन डे' मनाया जाता है। बॉलीवुड ने इस विषय को प्रमुखता से कवर किया है। बॉलीवुड की कई फिल्में हैं जो कामकाजी महिलाओं की कहानी दिखाती हैं।*

**तुम्हारी सुलु :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'तुम्हारी सुलु' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जो रेडियो जॉकी होती है। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। वह एक महत्वाकांक्षी गृहणी होती हैं, जो रात को प्रसारित होने वाले रिलेशनशिप सलाह शो में लोगों को सलाह देती हैं। फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया था। इस फिल्म को दुनियाभर में खूब सराहना मिली।

**नाम शबाना :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'नाम शबाना' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में काम करती है। इस किरदार को तापसी पन्नू ने निभाया है। तापसी पहले अपने साथ हुए अत्याचार करने वालों से बदला लेती हैं, उसके बाद देश के लिए काम करती हैं। शिवम नायर के निर्देशन में बनी यह फिल्म हिट रही थी।




***मर्दानी :*** *साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'मर्दानी' में एक महिला पुलिस अधिकारी की कहानी दिखाई गई है जो अपना काम पूरी मेहनत और लगन से करती हैं। इस किरदार को रानी मुखर्जी ने निभाया है। रानी मुखर्जी एक अपहृत किशोरी की तलाश करती हैं। इस दौरान वह मानव तस्करी के रहस्यों को उजागर करती हैं। फिल्म का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया है। 16 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 57 करोड़ रुपएकमाए थे।*


**कहानी :** फिल्म 'कहानी (2012)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जिसके पति को कुछ अपराधी जान से मार देते हैं। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। विद्या बालन कोलकाता में आती हैं और अपने पति के अपराधियों को ढूंढ कर उनसे बदला लेती हैं। यह एक तरह से उनका काम है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म को काफी सराहा गया। 8 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 1.04 अरब रुपए कमाए।

**थप्पड़ :** फिल्म 'थप्पड़ (2020)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो पढ़ी-लिखी होती है। वह ऑफिस में काम करने के बजाय घर में काम करना चुनती है। हालांकि, एक दिन जब उनका पति उनको थप्पड़ मार देता है तो तब कहानी बदल जाती है। फिल्म में तापसी पन्नू ने बहुत अच्छा किरदार निभाया है। तापसी पन्नू चाहती हैं कि उनके काम को अहमियत दी जाए, उन्हें इज्जत दी जाए। लेकिन, उनके पति उन्हें घर में काम करने वाली एक अदना सी औरत से ज्यादा नहीं समझते हैं। हालांकि, फिल्म के आखिर में उनका पति उनके काम को अहमियत देता है और माफी मांगता है।

# सारे जहां से अच्छा में भारत पाकिस्तान संघर्ष की झलक

**मुंबई।** प्रतीक गांधी स्टारर जासूसी वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोमवार को यह ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया ने रिलीज किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रामा और परमाणु संघर्ष की झलक दिखाई गई है। 'सारे जहां से अच्छा' 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ट्रेलर में प्रतीक गांधी ने भारत के रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में तैनात किया गया है। वह पाकिस्तान में होने वाली परमाणु गतिविधि को रोकने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। प्रतीक गांधी जैसे ही पाकिस्तान में राजनयिक मामलों के करीब पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से होती है। इस किरदार को सनी हिंदुजा ने निभाया है। पाकिस्तान में प्रतीक गांधी जो कुछ भी करते हैं उनके दुश्मन उनकी हर गतिविधि पर नजर रखते हैं। ट्रेलर में गांधी और हिंदुजा के अलावा तिलोत्तमा शोम, कृतिका कामरा, रजत कपूर और अनूप सोनी को भी दिखाया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अगर भारत के एजेंट जरा सा भी चूके तो पाकिस्तान परमाणु जंग शुरू कर सकता है।





# एआई की मदद से बनाई रामायण सीरीज

**नई दिल्ली।** रामायण पर इतने टीवी शोज, फिल्में और एनिमेटेड फिल्में बन चुकी हैं, जिनका कोई हिसाब नहीं है। इतना ही नहीं, इस पर लगातार फिल्में बन भी रही हैं। इन दिनों मशहूर बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर भी रामायणम् नाम की फिल्म के लिए लगातार काम कर रहे हैं, जो दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। इसका पहला पार्ट अगले साल और दूसरी पार्ट 2027 में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच, 'रामायण' जल्द आने वाली एक सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है, जो एआई की मदद से बनाई गई है और समस्या ये हो गई कि बहुत से लोगों ने इसे रणबीर की 'रामायणम' का ट्रेलर समझ लिया, जबकि सीरीज 'रामायण'के मेकर्स ने ट्रेलर के साथ कैप्शन में क्लियर कर दिया है कि ये उनकी अपनी ऑरिजनल सीरीज है, जिसे एआई द्वारा तैयार किया गया है।

## मीट द पैरेंट्स का करेंगे चौथा पार्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो 81 साल के होने के बावजूद भी फिल्मों में सक्रिय है। जल्द ही वह फिल्म मीट द पैरेंट्स के चौथे पार्ट में नजर आएंगे। साल 2000 में रिलीज हुई इस फिल्म में भी उन्होंने ही लीड रोल निभाया था। रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म का टाइटल भी बदला गया है। रॉबर्ट डी नीरो और बेन स्टिलर स्टारर मीट द पैरेंट्स फ्रैंचाइज की चौथी फिल्म का टाइटल 'फॉकर इन-लॉ'रखा गया है। इस फिल्म का डायरेक्शन जॉन हैम्बर्ग ने किया है।



## टीवी मसाला


# बिग बॉस में हो सकती है तारक मेहता की एंट्री

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 के लिए शैलेश लोढ़ा को अप्रोच किए जाने की खबर है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' धारावाहिक के साथ सालों तक जुड़े रहे शैलेश का सीरियल से कॉन्ट्रोवर्शियल एग्जिट हुआ था। शैलेश लोढ़ा का अचानक शो से हटना काफी चर्चा में रहा था जिसके बाद में एक्टर ने इस बारे में खुलकर अपनी राय भी रखी। इससे पहले इस तरह अचानक शो से हटाए गए कुछ अन्य एक्टर्स को भी बिग बॉस में जगह मिल चुकी है। लेकिन क्या शैलेश लोढ़ा सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो में आने के लिए हामी भरेंगे? माना जा रहा है कि इस तरह के शो में उनकी खास रुचि नहीं है, लेकिन फिर भी मेकर्स अभी उनकी हां या फिर ना का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभा चुके गुरुचरण सिंह को बिग बॉस हाउस में लाने की खबर आई थी। मालूम हो कि बिग बॉस का यहां यह 19वां सीजन है, तो उस हिसाब से मेकर्स ने शो में काफी सारे नए बदलाव भी किए हैं जिनमें इस बार शो में रखी जा रही राजनीति वाली थीम भी शामिल है, देखना होगा कि पब्लिक का इसे कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।



# एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए लौटीं भारत

**मुंबई।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से सभी के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के साथ भारत लौट आई हैं। सोमवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपनी बेटी मालती की प्यारी तस्वीरें शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। कथित तौर पर प्रियंका एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए हैदराबाद आई हैं। प्रियंका ने आज सुबह सोमवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जो हैदराबाद की हैं। एक तस्वीर में मालती कार की खिड़की से बाहर देख रही हैं। तो वहीं दूसरी तस्वीर में मालती के नन्हें पैर दिखाई दे रहे हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट के साथ हैदराबाद पहुंचने की बात कही और कैप्शन में लिखा, 'मां और मालती।' एक और तस्वीर में प्रियंका ने लिखा, 'हैदराबाद हमने कर लिया।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका अपनी नई फिल्म एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए भारत आई हैं। इस फिल्म में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है, जो 2027 में रिलीज हो सकती है। प्रियंका को हाल ही में निर्देशन इल्या नाइशुलर की हेड्स ऑफ स्टेट में देखा गया था, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म में उनके साथ जॉन सीना और इदरीस एल्बा ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में पक्की हुई इन 2 एक्टर्स की जगह

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अहम किरदार निभा रहे एक्टर हितेन तेजवानी और ऋतु चौधरी को शो की परमानेंट कास्ट बना दिया गया है। शो में हितेन तेजवानी तुलसी के बेटे करण विरानी का किरदार निभाते हैं और गौरी प्रधान तुलसी की बहू नंदिनी का किरदार निभाती हैं। इसके अलावा ऋतु चौधरी को शो में शोभा का किरदार दिया गया है। पिछले दिनों जब शो में करण और नंदिनी को विदेश जाने वाला प्लॉट आया तो ऐसा माना जाने लगा कि शो से इन किरदारों को हटाया जा रहा है। अब एक ताजा जानकारी में ऐसा सामने आया है कि हितेन तेजवानी, गौरी प्रधान और ऋतु चौधरी के किरदार की शो में जगह पक्की कर दी गई है। बता दें कि करण, नंदिनी और शोभा तीनों ही शो के कुछ सबसे पॉपुलर किरदारों में गिने जाते हैं। शो का दूसरा सीजन शुरू हुआ है तो इसमें भी तीनों एक्टर्स को काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। एकता कपूर प्रोडक्शन का शो काफी लंबे वक्त बार टीवी पर वापस आया है, माना जा रहा था कि इससे अनुपमा की टीआरपी प्रभावित होगी, हालांकि ऐसा कुछ होता नहीं दिख रहा है। बात हितेन और गौरी को शो में परमानेंट किए जाने पर पब्लिक के रिएक्शन की करें तो लोगों में काफी एक्साइटमेंट और खुशी देखने को मिल रही है। एक फॉलोअर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, "मुझे बहुत खुशी है कि हितेन और गौरी मैम वापस आ गए हैं।" एक शख्स ने कमेंट किया, "यह बहुत अच्छी खबर है।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment आवश्यकता

एच.आर./टीचर
आवश्यकता है- Academic Head with 15 yrs teaching experience HR executive and Teachers for Maths science Sst. Qualified experienced English fluent candidate may contact Model English School Civil lines raipur 9329621221. 6267923224.(RO-198)

ऑपरेटर/अकाउंटेन्ट
आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल डिपो में निम्न पदों की आवश्यकता है (1)बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर (2) अकाउंटेंट (3) गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवक/ युवतियों की । औषधि वाटिका, डूमरतराई 9770099119 9669426111. (RO-430)

आवश्यकता
आवश्यकता है- दवा कंपनी में कार्य करने हेतु दसवीं एवं बारहवीं पढ़े लिखे लड़कियों की आवश्यकता है। मिलने का समय 5 से 7 बजे । संपर्कः- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने बजाज गोल्ड फायनेंस के पीछे दुर्ग,डॉ.एच.सी. अग्रवाल मो.-94255-55659, 96177-89223.(आरो नं.-7193)

सर्विंग स्टाफ
आवश्यकता है- भिलाई जुनवानी क्षेत्र के रेस्टोरेंट में सर्विंग स्टाफ के कार्य हेतु पुरुष या महिला की आवश्यकता है। वेतन 8000 प्रति माह संपर्क - 79876-15298. (आरो न.-793)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

मार्केटिंग/ड्रायवर कार्य
आवश्यकता है- जीआई, एमएस एवं पीवीसी पाइप्स फिटिंग के मार्केटिंग कार्य हेतु (एमबीए मार्केटिंग) पास 2लड़कों एवं टाटा एस व पिकप हेतु अनुभवी कुशल ड्राइवरों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, संपर्कः- बिंदल पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड, स्टेशनरोड, रायपुर 07714034549, 9340052647, 9229226549. (RO-362)

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे (रहना फ्री) सैलरी 10,000 +कमीशन +बोनस संपर्क करे:- 8085106943 मुंगेली नाका चौक बिलासपुर (RO-191)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस प्रमोशन+ ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना मो. 9039470547, 88155 22974 (RO-6761)

थेरेपिस्ट
आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लिनिक – बोरसी, स्मृति नगर भिलाई पंचकर्म थेरेपिस्ट २ मेल २ फीमेल योग्यताः 12वीं पास कार्य समयः सुबह 10 से शाम 7 तक वेतनः 5000-7000 संपर्कः 7000836094. (RO-6760)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

सेल्समैन/सेल्सगर्ल
आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-6762)

अन्य
आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9798472261.RO-(1092)

हरिभूमि क्लासीफाईड

RAIPUR SMART BUSINESS
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उत्पन्न किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● निम्न बीमारियों का स्थाई इलाज इम्युन पावर पर आधारित है जो केवल आयुर्वेद के रसशास्त्र द्वारा ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है अनेको लोग रोग मुक्त हो चुके है।
● ध्यान रहे पुरूष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं है। नीम हकिमों से सावधान।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलीयो का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है।
● क्या आपको किसी प्रकार के वायरल संक्रमण रोग है हेपाटाइटिस (A.B.C) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रूबेला, या सिफलिस, गोनोरिया (सूजाक) H.I.V.(AIDS) एड्स एच. आई. वी. रोग है।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है।
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### रायपुर में पकड़ी...

पर किसी गिरोह द्वारा ड्रग्स खपाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और ड्रग्स रैकेट का खुलासा किया।

**एक साल में 50 लाख से ज्यादा की ड्रग्स का सेवन :** ड्रग्स रैकेट से जुड़े लोग अपने ग्राहकों के माध्यम से या फिर नए लोगों को अपने रैकेट में शामिल कर ड्रग्स खपाने का काम करते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मुकेश सिंह एक बड़े कारोबारी घराने से जुड़ा हुआ है। वह एक साल में 50 लाख रुपए से ज्यादा की ड्रग्स सेवन कर चुका है। इसके बाद मुकेश मुफ्त में ड्रग्स हासिल करने रैकेट से जुड़ गया।

### ड्रग्स का रायपुर में...

से उसे नेटवर्क बनाने में कोई परेशानी नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में एक साल में रायपुर में करोड़ों रुपए की ड्रग्स खपाए जाने के सबूत पुलिस को मिले हैं। सुवित राजनांदगांव में एक सेवानिवृत्त निगम अधिकारी का बेटा है। सुवित के पिता की पहचान राजनांदगांव में एक बड़े ठेकेदार के रूप में होती है।

### पुलिस न पहुंच...

ड्रग्स की रकम निकालने बाद दोनों आरोपी एटीएम ब्लॉक करा देते थे। साथ ही एक अन्य आरोपी अनिकेत पंजाब से आए ड्रग्स की पैकेजिंग का काम करता था।

### रूस से तेल खरीदने...

उठाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर लिखा, भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है।

### भारतीयों के हित को...

रूसी तेल पर भी खोली पोल : अमेरिका खुद रूस से व्यापार कर रहा है। बयान में विदेश मंत्रालय की तरफ से आंकड़े भी दिए गए।

### उपभोक्ता को उत्पादक...

केवी तक सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार एक लाख 8 हजार रुपए तक की छूट देगी।इससे उपभोक्ताओं को बिजली बिल से मुक्ति मिल सकेगी। बिजली बिल योजना में बदलाव को लेकर सरकार का दावा है कि वर्तमान में राज्य के 45 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग 31 लाख परिवार जो करीब 70 प्रतिशत ऐसे हैं, जिनकी खपत 100 यूनिट प्रतिमाह से अधिक नहीं है। ऐसे में हाफ बिजली बिल की छूट सीमा का लाभ करीब 31 लाख परिवारों को मिलता रहेगा। राज्य में 45 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग 14 लाख उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनकी खपत 100 यूनिट से अधिक है। इन लोगों को अब बिजली बिल में पहले से ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें हॉफ योजना का पूरा लाभ नहीं मिलेगा। योजना में बदलाव से 30 प्रतिशत मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के उपभोक्ता सीधे प्रभावित होंगे।

### पीएम सूर्यघर मुफ्त...

2 किलोवॉट प्लांट के लिए प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है, जिस पर 90 हजार तक कुल सब्सिडी मिलती है। उपभोक्ता को केवल 30 हजार खर्च करना होता है।

# दिल्ली की अदालत ने बंद किया केस

# आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई को नहीं मिला सबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के पूर्व पीडब्लूडी मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जैन और अन्य पीडब्लूडी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई के एक मामले में दाखिल क्लोज़र रिपोर्ट सोमवार मंजूर की। कोर्ट ने कहा कि उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों में साक्ष्य के अभाव में प्राथमिकी बंद करने लिए अंतिम रिपोर्ट स्वीकार की जाती है। कोर्ट ने कहा कई वर्षों की जांच के बावजूद किसी के भी विरुद्ध पीओसी अधिनियम 1988 या किसी अन्य अपराध के तहत आरोपों का समर्थन करने वाला कोई भी साक्ष्य नहीं मिला है। कोर्ट ने कहा आपराधिक षडयंत्र का संकेत देने के लिए भी कोई भी सामग्री उपलब्ध नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तुत आरोप और तथ्यात्मक पृष्ठभूमि आगे की जांच या कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। कोर्ट ने कहा किसी पर आरोप लगाने के लिए केवल संदेह ही पर्याप्त नहीं है, आगे बढ़ने के लिए कम से कम मजबूत सबूत आवश्यक है। यह मामला नियमों के विरुद्ध पीडब्लूडी में प्रोफेशनल्स की भर्ती में कथित अनियमितता का था। इसमें दिल्ली सरकार की विजलेंस डिपार्टमेंट ने 29 जुलाई 2019 में एफआईआर दर्ज किया था, फिर सीबीआई ने इस मामले में जांच शुरु की थी।

### जैन के परिवार से भाजपा मांगे माफी : आप

*दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर लिखा, ''केंद्र सरकार द्वारा झूठे और बेतुके सीबीआईकेस अब कोर्ट में औंधे मुंह गिर रहे हैं। ऐसे ही एक झूठे मुकदमे में कई वर्ष जांच करने के बाद भी सीबीआईको कोई भी भ्रष्टाचार नहीं मिला और आज कोर्ट ने केस को बंद कर दिया।' ये मामला तब के मंत्री सत्येंद्र जैन पर सीबीआई द्वारा एफआईआर का है जिसमे आरोप था कि पीडब्लूडी विभाग में भर्तियों में भ्रष्टाचार हुआ है।*

## पेज एक के शेष

### अब नदियों से रेत की ...

रिपोर्ट है कि इससे पर्यावरण और नदियों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। छत्तीसगढ़ में रेत खनन के लिए राज्य सरकार नई नीति 2025 लाई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया था। इस नीति के तहत राज्य की रेत खदानों की एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नीलामी होगी। यह पूरी तरह से पारदर्शी होने का दावा किया जा रहा है। नई नीति से राज्य सरकार को 100 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद है।

### सुप्रीम कोर्ट की राहुल पर...

जानकारी है? पीठ ने पूछा, बिना किसी सबूत के आप ये बयान क्यों दे रहे हैं? अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसी बात नहीं कहेंगे। गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। उन्होंने दलील देते हुए कहा, अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते। पीठ की 'सच्चे भारतीय' टिप्पणी पर सिंघवी ने कहा, 'यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा, जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य बात है? सिंघवी ने कहा कि गांधी केवल उचित खुलासे और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि विपक्ष के एक जिम्मेदार नेता होने के नाते गांधी को ऐसा नहीं कहना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद है। सिंघवी ने इस बात से सहमति जताई कि गांधी इस मामले में बेहतर तरीके से टिप्पणी कर सकते थे। उन्होंने कहा कि यह शिकायत याचिकाकर्ता को परेशान करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है। सिंघवी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 का हवाला दिया और कहा कि अदालत द्वारा आपराधिक शिकायत का संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त की पूर्व सुनवाई अनिवार्य है, जो वर्तमान मामले में नहीं की गई। इसके बाद शीर्ष अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह में जवाब मांगा और लखनऊ अधीनस्थ अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

### पूर्व मुख्यमंत्री और उनके बेटे...

चुनौती देने के साथ जमानत तथा व्यक्तिगत राहत देने की मांग की गई थी। दायर याचिका पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि जब किसी मामले में कोई प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होता है तो वह सीधे सुप्रीम कोर्ट का रूख करता है। यदि हम ही सब केस सुनेंगे तो बाकी अदालतें किसलिए हैं। अगर ऐसा ही होता रहा तो फिर आम आदमी कहां जाएंगे। एक साधारण आदमी और वकील के पास पैरवी के लिए सुप्रीम कोर्ट में कोई स्पेस ही नहीं बचेगा।

### लालकिले पर दिखेगी ...

परंपरागत सलामी के लिए देश में बनी 105 एमएम की लाइट फील्ड गन (एलएफजी) की प्रचंड गर्जना प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समारोह के साक्षी बनने वाले हर खासो-आम के मन में राष्ट्रीयता की भावना तीव्र गति से हिलोरे मारने लगेगी। सूत्रों ने बताया कि सेना जल्द ही एलएफजी से दी जाने वाली इस सर्वोच्च सैन्य सलामी का अभ्यास शुरू करेगी। संभवतः समारोह के लिए 7 तोपों का प्रयोग किया जाएगा, तीन राउंड फायर होंगे और सलामी की ये पूरी कवायद करीब 52 सेकंड में पूरी हो जाएगी। धमाके के लिए लाइव शेल नहीं बल्कि खासतौर पर डिजाइन किए गए कार्टेरेज और ब्लैंक राउंड्स का प्रयोग किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समारोह की अध्यक्षता करेंगे और उनका लालकिले की प्राचीर से देश के नाम संबोधन भी होगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तीसरे कार्यकाल में लालकिले से यह पीएम का दूसरा संबोधन होगा।

### तोप की मारक क्षमता...

वजन में ये काफी हल्की हैं, जिसकी वजह से तीन के करीब सैन्यकर्मी आसानी से इन्हें संचालित कर सकते हैं। साथ ही इनकी मदद से सेना देश के पहाड़ी और दुर्गम ऊंचाई वाले बफीर्ले रेगिस्तानी इलाकों में जरूरत पड़ने पर दुश्मन के ठिकानों पर भी सटीकता के साथ अचूक वार कर सकती है।

### 17वीं शताब्दी से जुड़ा...

अपनी शांतिपूर्ण मंशा को प्रदर्शित करता था। जब तक उसका गोला बारूद पूरी तरह से खत्म न हो जाए। सलामी प्रक्रिया में सात तोपों के इस्तेमाल का नियम था। जिसमें प्रत्येक जहाज केवल 7 गोले ही दागेगा। लेकिन समुद्र के किनारे पर तैनात किलों को पानी में तैर रही हर एक गोली के बदले 3 गोलियां दागनी पड़ती थी। जिसके बाद ये संख्या 21 हो गई। वर्तमान में दोनों राष्ट्रीय पर्वों के अलावा विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान व सैन्य-राजकीय अंत्येष्टि के मामलों में सेवा की शाखा या उस व्यक्ति के पद (कार्यालय) के हिसाब से भी 21 तोपों की सलामी दी जाती है।

### दो साल पहले बदल गई...

पर बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी से जुड़ा हुआ है दो साल पहले 2023 में सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह में तिरंगे को दी जाने वाली राष्ट्रीय सलामी के लिए स्वदेशी लाइट फील्ड गन का प्रयोग करने का निर्णय। जबकि पहले इन दोनों महत्वपूर्ण समारोह में ब्रिटिश 25-पाउंडर तोप का ही इस्तेमाल किया जाता था। ये तोपें द्वितीय विश्व युद्ध और नॉरमैंडी जैसे युद्धों में प्रयोग की जा चुकी हैं।

# एसआईआर पर लोकसभा में गतिरोध जारी हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



संसद के मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध और तनाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर गतिरोध जारी है। विपक्ष, विशेष रूप से इंडिया ब्लॉक इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग कर रहा है, लेकिन, सरकार ने अब तक इस पर सहमति नहीं जताई है। सोमवार को भी इस मुद्दे पर हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही बाधित हुई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने की अपील की है। बिरला ने कहा कि जनता ने सांसदों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए चुना है, न कि हंगामे के लिए।

# सांसदों के लिए नया आवासीय परिसर बनकर तैयार, अगले सप्ताह पीएम कर सकते हैं उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आवासीय कमी से जूझ रहे माननीयों को अब ठौर आसानी से मिल सकेगा। साथ ही भूमि की कमी से जूझ रही दिल्ली में माननीयों के लिए आवासीय इंतजाम करने को सीपीडब्लूडी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पडेगी। राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन में सांसदों के लिए बना नया आवासीय परिसर अब पूरी तरह तैयार हो चुका है। इसका उद्घाटन अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने की संभावना है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर न केवल संसद सदस्यों के लिए आवास की चुनौती को कम करेगा, बल्कि पुरानी सरकारी कॉलोनियों की जगह एक नया, व्यवस्थित और सुरक्षित विकल्प भी प्रदान करेगा। नई आवासीय परियोजना दिल्ली के दिल स्थित बाबा खडक सिंह मार्ग, राममनोहर लोहिया अस्पताल के सामने आकार ले चुकी है। इसमें कुल 184 फ्लैट बनाए गए हैं। फ्लैट को पांच हजार स्केवयर फिट में तैयार कियाा गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आतंकवाद रोधी सिद्धांत को किया नए सिरे से परिभाषित: जनरल द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के परिसर में स्थापित किए गए सेना के अनुसंधान प्रकोष्ठ (आईएआरसी) 'अग्निशोध' का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की रक्षात्मक सैन्य कार्रवाई यानी ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि कुल करीब 88 घंटे तक चले इस अभियान ने न केवल भारत के आतंकवाद के खिलाफ बने हुए सिद्धांत को नए सिरे से परिभाषित किया है। बल्कि इन 88 घंटों के भीतर ही पाकिस्तान को संघर्षविराम की मांग करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेनाप्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर को एक ऐतिहासिक, खुफिया कार्रवाई-संचालित प्रतिक्रिया बताया। साथ ही कहा ये पैमाने, सीमा, गहराई और रणनीतिक प्रभाव की दृष्टि से अभूतपूर्व अभियान था। जिसे डीआईएमई स्पेक्ट्रम में क्रियान्वित किया गया।

**ओटीए भी गए सेनाप्रमुख**
मंत्रालय ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेनाप्रमुख ने चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) का भी दौरा किया। जहां उन्हें अकादमी के बुनियादी ढांचे, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों और समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए भावी सैन्य अधिकारियों को तैयार करने के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया।

### मुस्तैदी से तैयार हैं सशस्त्र सेनाएं

जनरल द्विवेदी ने कहा कि देश की सशस्त्र सेनाएं बिना संपर्क युद्ध, रणनीतिक तालमेल और मनोवैज्ञानिक प्रभुत्व से प्रेरित पांचवीं पीढ़ी के संघर्षों के लिए तैयार हैं। स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण के तहत आत्मनिर्भरता के लिए सेना की प्रतिबद्धता पर भी जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईआईटी-एम और भारतीय सेना का यह अग्निशोध अनुसंधान केंद्र अकादमिक उत्कृष्टता को युद्धक्षेत्र नवाचार में बदल देगा और ये विकसित भारत 2047 की ओर भारत की सैन्य यात्रा को शक्ति प्रदान करेगा। दोनों पक्ष प्रोजेक्ट संभव और सेना बेस वर्कशॉप के साथ एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग साझेदारी जैसी पहल नए मानक स्थापित कर रहे हैं।


**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, व्यवसायिक परिसर, चतुर्थ तल दक्षिण पूर्व कार्नर, सेक्टर-27, नवा रायपुर (छ.ग.) - 492015**

**निविदा सूचना क्र. /3764/सी.जी.एम.एस.सी.लिमि./ उपकरण /2025-26**
छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर सी.जी. के माध्यम से उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले एजेंट / कंट्रोल / कंज्यूमेबल / कैलिब्रेटर के क्रय हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से निम्नलिखित ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जा रही है।

| S.N. | Name of Equipment |
|---|---|
| 1 | Fully Auto Biocheistry Analyzers |
| 2 | HbA1c Analyzer (Automatic) |
| 3 | Hematology Analyzer 5 Part |
| 4 | Urine Analyzer |

निविदा दस्तावेजों का विवरण छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट- https://www.cgmsc.gov.in एवं https://www.eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 05-08-2025 से 31-08-2025 के मध्य डाउनलोड किया जा सकता है तथा समय-समय पर जारी निविदाओं में विभिन्न संशोधनों के लिए उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

दिनांक : 04-08-2025

वास्ते /-
प्रबंध संचालक
छ.ग. मेडिकल सर्विसेस कार्पो. लिमि. नवा रायपुर

S-44779/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**// निविदा निरस्त करने की सूचना //**

इस कार्यालय की निविदा सिस्टम क्रं. 131 / 172406 एवं 132 / 172407 ज्ञाप क्रं. 5580/ सा./ 2025 दुर्ग दिनांक 15.07.2025 जिसका जी क्रं. 252602348 / 3 का अपरिहार्य कारणो से निविदा निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
दुर्ग मण्डल दुर्ग,

G-252602577/4 दूरभाष - 0788-2210876



**आम-सूचना**

एतद द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को यह सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार बैंक ऑफ बड़ोदा, शाखा धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित है, की तरफ से यह सूचित करता हूं कि मेरे व्यवहारी बैंक के एक ग्राहक श्री लखन लाल, गुलाब पिसरान श्री श्याम लाल विश्वकर्मा, निवासी बनिया पारा वार्ड, धमतरी, तह. व जिला धमतरी ने एक नजूल भूमि जो कि मोटर स्टेण्ड वार्ड, धमतरी प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. धमतरी, तह. तथा जिला धमतरी, में स्थित है जिसका शीट नं. 31 ए, प्लाट नं. 46/1 तथा कुल रकबा 46.50 वर्ग मी. पर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त ग्राहक श्री लखन लाल, गुलाब पिसरान श्री श्याम लाल विश्वकर्मा, निवासी बनिया पारा वार्ड, धमतरी, तह. व जिला धमतरी के द्वारा यह घोषणा की जा रही है कि उसके पास उपरोक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व के निम्नलिखित दस्तावेज हैं जो गुम हो चुके हैं :-

1. पट्टादाता-अपर कलेक्टर धमतरी पट्टाग्रहीता-श्री लखन लाल, गुलाब पिसरान श्री श्याम लाल विश्वकर्मा, निवासी बनिया पारा वार्ड, धमतरी, तह. व जिला धमतरी के मध्य पट्टाविलेख दिनांक 23.03.2009 (ग्रंथ क्र. 7514 व सरल क्र. 3422) हुआ था व जिसका शीट नं. 31 ए, प्लाट नं. 46/1 तथा कुल रकबा 46.50 वर्ग मी. था।

उक्त ग्राहक श्री लखन लाल, गुलाब पिसरान श्री श्याम लाल विश्वकर्मा, निवासी बनिया पारा वार्ड, धमतरी, तह. व जिला धमतरी उपरोक्त संपत्ति के लिए बैंक ऑफ बड़ोदा, शाखा धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.) से ऋण लेना चाहता है अगर कोई संबंधित बैंक या व्यक्ति अथवा शासकीय या अर्धशासकीय संस्था को बैंक ऑफ बड़ोदा, शाखा धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.) के उक्त ऋण देने पर या बंधक रखने पर कोई दावा या आपत्ति रखते हों तो इस प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय जिसका पता नीचे वर्णित है मुझसे संपर्क करें अन्यथा 15 दिनों के पश्चात कोई भी दावा या आपत्ति की सुनवाई नहीं होगी और बैंक ऑफ बड़ोदा, शाखा धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) उक्त ग्राहक को ऋण की स्वीकृति पश्चात् भुगतान कर देगा।

अतः सूचित जानें।

दिनांक-04.08.2025
स्थान-धमतरी

भवदीय
अशोक कुमार सोलंके (अधिवक्ता)
निवास एवं कार्यालय -
रामपुर वार्ड, रूद्री रोड धमतरी
मो.नं.-9424238360, 9098102660



**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.VSKP-ELG-TL-AC-25-26-5, दिनांक : 30.07.2025

**कार्य का नाम:** तीन वर्षों की समयावधि के लिए विशाखापट्टनम डिपो में मेल/एक्सप्रेस/सुपरफास्ट/ राजधानी टाइप ट्रेनों में AC कोचों में मार्गदर्शन, परिचालन एवं समस्या निवारण के लिए AC कोच इलेक्ट्रिकल परिचारक (Attendant) का बहि:स्रोत।

**निविदा मूल्य (रुपये में):** 8,21,95,541.21, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 5,61,000/-, निविदा दस्तावेज की मूल्य (रुपये में) :11,800/-, पूरा होने की अवधि : 36 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक : 22.08.2025 को 1330 बजे, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 22.08.2025 को 1600 बजे।

निविदा दस्तावेज से संबंधित संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

कोई भी जारी शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए निविदाकार उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G), वाल्टियर

PR-429/Q/25-26



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला - कबीरधाम (छ. ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. **172943**/ निविदा सूचना क्र. 04/ वलेलि/ 2025-26,
कवर्धा, दिनांक 01.08.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **22.08.2025 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम-** कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला की अपर दियाबार जलाशय के शीर्ष कार्य अंतर्गत बांध का जीर्णोद्धार, हेड स्लूस एवं वेस्ट वियर का मरम्मत कार्य तथा मुख्य नहर की आर.डी. 0 मी. से 870 मी. तक रिमाडलिंग सी.सी. लाईनिंग कार्य एवं 04 नग फाल, 01 नग व्ही.आर.बी. पक्की संरचनाओं के निर्माण सहित अन्य संरचनाओं का मरम्मत एवं 10 नग कोलाबा फिक्सिंग कार्य।

अनुमानित लागत - **रू. 77.44 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **08.08.2025** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

G-252602570/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

**पत्र क्र. 2333 / व.ले.लि. / 2025-26 बिलासपुर दिनांक 01/8/2025**

मुख्य अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर के पृष्ठां. क्रं. 4263696 तथा 4263506 / निविदा प्रकोष्ठ /2025/1698 (TC) दिनांक 18.07.2025 के परिपालन में इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रं. 07/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 16.06.2025 सक्ती जिले के विकासखण्ड ड़भरा के अंतर्गत महानदी पर निर्मित कलमा बैराज योजना के वि./यां. उपकरणों का पेंटिंग तथा मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 170081 तथा निविदा सूचना क्र. 09/वले.लि./2025-26 दिनांक 20.06.2025 जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड बलौदा अंतर्गत कुदरी बैराज योजना के वि./यां. उपकरणों का पेंटिंग कार्य (द्वितीय आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 170285 को निविदा में प्रतिभागी निवादाकारों की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है

विज्ञापन क्रं. जी 252601613/4 दिनांक 18.06.2025
विज्ञापन क्रं. जी 252601706/2 दिनांक 24.06.2025

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग सकरी बिलासपुर (छ.ग.)

G-252602584/4


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5949



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5948 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5959

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5958 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

**खबर संक्षेप**

### एक्जो नोबेल इंडिया का शुद्ध लाभ घटकर 91 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पेंट बनाने वाली कंपनी एक्जो नोबेल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20.6 प्रतिशत घटकर 91 करोड़ रुपये रहा। कमजोर उपभोक्ता मांग के बीच बिक्री में कमी के कारण कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में यह गिरावट आई।

### विक्रम सोलर को बोंडाडा ग्रुप से मिला बड़ा ऑर्डर




**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विक्रम सोलर को महाराष्ट्र में एक परियोजना के लिए बोंडाडा ग्रुप से 250 मेगावाट क्षमता वाले सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का बड़ा ऑर्डर मिला है। कंपनी ने इस ऑर्डर के कुल मूल्य का खुलासा नहीं किया है। विक्रम सोलर ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इन सौर मॉड्यूलों की आपूर्ति वित्त वर्ष 2025-26 में ही शुरू हो जाएगी।

### टेस्ला ने मस्क को दिए 29 अरब डॉलर के शेयर




**वाशिंगटन।** अमेरिकी कंपनी टेस्ला ने सीईओ एलन मस्क को लगभग 29 अरब अमेरिकी डॉलर के 9.6 करोड़ सशर्त शेयर दिए हैं। अमेरिका में डेलावेयर की अदालत ने मस्क के भारी-भरकम वेतन पैकेज को रद्द करने के लिए कंपनी को आदेश दिया था। इसके ठीक छह महीने बाद उन्हें उक्त शेयर देने का फैसला किया गया।

# चीन ने क्रिप्टोकरेंसी पर चलाया हथौड़ा, 12 साल बाद लिया सबसे बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ चीन ने डिजिटल युआन को बढ़ावा देने के नाम पर क्रिप्टो को अवैध घोषित किया

चीन में बिटकॉइन, इथेरियम समेत सभी क्रिप्टोकरेंसी पर सख्त बैन लागू हो गया है। अब न तो कोई क्रिप्टो माइनिंग कर सकेगा, न ट्रेडिंग, और न ही इससे जुड़े किसी सर्विस या ऐप का इस्तेमाल करेगा। चीन सरकार ने इसे आर्थिक जोखिम, मनी लॉन्ड्रिंग और डिजिटल युआन को बढ़ावा देने के नाम पर पूरी तरह अवैध घोषित कर दिया है।

क्रिप्टो माइनिंग-अब चीन में बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी की माइनिंग गैरकानूनी है। क्रिप्टो ट्रेडिंग-कोई व्यक्ति, कंपनी या ऐप क्रिप्टो का लेन-देन नहीं कर सकते। ऑफशोर सर्विसेस भी बैन-चीन के नागरिक अगर विदेशी एक्सचेंज से भी क्रिप्टो खरीदते हैं, तो वह भी कानून के दायरे में आएंगे।

**अब न ही कोई क्रिप्टो माइनिंग कर सकेगा और न ट्रेड्रिंग**

#### क्रिप्टो मार्केट पर क्या असर पड़ेगा?

बीते सालों में भी जब चीन ने बैन लगाया, बिटकॉइन जैसी करेंसी 10-30 प्रतिशत तक गिर गई थीं, लेकिन कुछ हफ्तों में फिर रिकवरी हो गई। इस बार भी एक्सपर्ट मान रहे हैं कि क्रिप्टो ट्रेडिंग का सेंटर बस दूसरी जगह शिफ्ट होगा, खत्म नहीं होगा। जैसे-अमेरिका, हांगकांग, कजाखस्तान, दुबई में शिफ्ट हो सकता है।



#### क्या चीन में अब क्रिप्टो रखना भी जुर्म होगा?

फिलहाल सिर्फ माइनिंग, ट्रेडिंग और सर्विस पर बैन है। लेकिन भविष्य में निजी होल्डिंग पर भी पाबंदी लग सकती है, क्योंकि सरकार सिर्फ डिजिटल युआन को प्रमोट करना चाहती है। चीन का ये बैन नई बात नहीं, बल्कि बीते 10 साल की सख्ती का अंतिम कदम है। इसका मकसद है कि क्रिप्टो की जगह सरकार की अपनी डिजिटल करेंसी चले। लेकिन इतिहास बताता है कि ऐसे बैन से क्रिप्टो का अंत नहीं होता, बस रास्ता बदलता है। हांगकांग अब एक नया क्रिप्टो हब बनकर उभर सकता है, जहां चीनी निवेशक कानूनी रास्ते से ट्रेड कर सकते हैं।

#### अब ये फैसला क्यों?

सरकार को डर है कि क्रिप्टो से पैसा देश से बाहर जा रहा है। ऊर्जा खपत बहुत ज्यादा होती है क्रिप्टो माइनिंग में। फाइनेंशियल सिस्टम पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए सरकार अब डिजिटल युआन यानी अपने खुद के डिजिटल करेंसी को प्रमोट कर रही है।

#### पहले भी चीन ने की है सख्ती

चीन ने 2013 में बैंकों को बिटकॉइन से लेनदेन करने से मना किया गया। उसके बाद सन 2017 में आईसीओ और एक्सचेंजों पर बैन लगाया। सन 2021 में माइनिंग पर बड़ी कार्रवाई हुई थी। अब 2025 में इसे पूरी तरह 'अपराध' घोषित कर दिया गया है।

### यूनियन ने बताया कर्मचारी सोमवार मध्य रात्रि से हड़ताल पर गए

# दिग्गज कंपनी बोइंग में जेट बनाने का काम ठप पड़ा, 3200 कर्मचारी गए हड़ताल पर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

बोइंग के लड़ाकू विमान बनाने वाले कर्मचारी सोमवार को केंद्रीय मानक समय के अनुसार मध्य रात्रि से हड़ताल पर चले गए। 'इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स यूनियन' ने रविवार को बताया कि सेंट लुईस, सेंट चार्ल्स, मिसौरी और मैस्काउटा (इलिनोइस) स्थित बोइंग संयंत्रों में कार्यरत करीब 3,200 कर्मचारियों ने बोइंग के साथ संशोधित चार-वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया।

यह मतदान पिछले सप्ताह सदस्यों द्वारा संकटग्रस्त कंपनी के पूर्व प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद हुआ, जिसमें चार वर्ष में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था। यूनियन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'बोइंग के 200 उच्च-कुशल आईएएम यूनियन सदस्य आधी रात को हड़ताल पर चले गए...। मध्यपश्चिम क्षेत्र के लिए यूनियन के महासचिव सैम सिसिनेली ने एक बयान में कहा, '' आईएएम डिस्ट्रिक्ट 837 के सदस्य ऐसे विमान और रक्षा प्रणालियां बनाते हैं जो हमारे देश को सुरक्षित रखती हैं। वे ऐसे अनुबंध के हकदार हैं जो उनके परिवारों को सुरक्षित रखे और उनकी बेजोड़ विशेषज्ञता को मान्यता दे।



- चार वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए किया मतदान
- चार वर्ष में 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था
- यूनियन के सदस्यों ने बोइंग के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया

*पहले यूनियन प्रस्ताव को मंजूरी देने वाला था : यूनियन के नेताओं ने उस समय इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की सिफारिश की थी और इसे एक ''ऐतिहासिक समझौता'' करार दिया था। उन्होंने कहा था कि इस प्रस्ताव से चिकित्सकीय, पेंशन और कामकाजी घंटों से इतर काम करने के लाभों में सुधार होगा। इसके बाद एक सप्ताह के भीतर ही यूनियन के सदस्यों ने बोइंग के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।*

*कंपनी दो विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने से संघर्ष कर रही : कंपनी अपने दो बोइंग 737 मैक्स विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से संघर्ष कर रही है। 2018 में इंडोनेशिया में और 2019 में इथियोपिया में इसके विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने से 346 लोगों की जान गई थी।*

#### बोइंग प्रस्ताव ठुकराने से निराश

*बोइंग एयर डोमिनेंस के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक डैन गिलियन ने कहा, '' हमें निराशा है कि हमारे कर्मचारियों ने प्रस्ताव ठुकरा दिया .. हम हड़ताल के लिए तैयार हैं और हमने अपनी आकस्मिक योजना को पूरी तरह से लागू कर दिया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हड़ताल न करने वाले हमारे कर्मचारी और ग्राहकों को कोई परेशानी न हो।'*

#### कंपनी ने आय में सुधार होने की घोषणा की थी

बोइंग ने, उसकी दूसरी तिमाही की आय में सुधार होने और घाटा कम होने की मंगलवार को घोषणा की थी। कंपनी को दूसरी तिमाही में 61.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ, जबकि पिछले साल इसी अवधि में उसे 1.44 अरब अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ था।

#### लंबी हड़ताल से कंपनी को नुकसान का खतरा

अगर हड़ताल लंबी चली, तो बोइंग के फाइटर जेट और डिफेंस सिस्टम के उत्पादन और डिलीवरी में देरी हो सकती है। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो सकती है। 2024 में सिएटल में 33,000 बोइंग कर्मचारियों ने सात हफ्ते तक हड़ताल की थी। इसके बाद उन्होंने 38% वेतन वृद्धि वाला समझौता स्वीकार कर लिया था। इसके अलावा 1996 में सेंट लुइस में 99 दिन की हड़ताल हुई थी।

## एचडीएफसी इर्गो ने प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की



**रायपुर।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ, 2025 सीजन के लिए बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा और सुकमा जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है। इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित निम्नलिखित फसलों के लिए किया जाएगा। पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी ख़तरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा।

### भारत का चाय उत्पादन जून में नौ प्रतिशत घटा

**कोलकाता।** भारत का चाय उत्पादन जून में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत घटकर 13.35 करोड़ किलोग्राम रह गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2024 में देश में 14.67 करोड़ किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ था। भारतीय चाय संघ के अनुसार, उत्पादन में गिरावट प्रतिकूल मौसम और कीटों के हमले के कारण हुई।

**बिजनेस साइट**

## पतंजलि योगपीठ में मनाया गया जड़ी-बूटी दिवस



**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस इस वर्ष भी विशेष रूप से जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। यह आयोजन पतंजलि योगपीठ-2 स्थित योगभवन सभागार में किया गया, जहां स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की अगुवाई में वृक्षारोपण और रक्तदान जैसे कार्यों के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जड़ी-बूटियाँ हमारे जीवन का मूल हैं, और यदि इनका संरक्षण नहीं किया गया, तो मानव जीवन का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पतंजलि का 'जड़ी-बूटी दिवस' सम्पूर्ण मानवता को स्वस्थ, सशक्त और सतत जीवन प्रदान करने का एक प्रयास है।

## धातु, वाहन शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 419 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच धातु, जिंस एवं वाहन शेयरों में तेजी रहने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स लगभग 419 अंक बढ़कर 81,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 157 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 493.28 अंक चढ़कर 81,093.19 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 157.40 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,722.75 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''घरेलू शेयर बाजार में धातु और वाहन क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण तेजी आई।

## एनएसएल को मिला राष्ट्रीय सुरक्षा इस्पात पुरस्कार



**नगरनार।** एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने इस्पात उद्योग में उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रांची में आयोजित 75वीं संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई) की बैठक में एनएसएल को राष्ट्रीय सुरक्षा इस्पात पुरस्कार के तहत कुल 16 प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए। एनएसएल को यह सम्मान उसकी मजबूत सुरक्षा प्रणालियों, निरंतर निगरानी, और कर्मचारियों व ठेकेदारों की सक्रिय भागीदारी के लिए दिया गया, जो कि कार्यस्थल को पूर्णतः सुरक्षित और दुर्घटना-मुक्त बनाए रखने की दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों का सम्मान समारोह किया आयोजित



**जयपुर।** अफ़ोर्डेबल हाउसिंग फाइनेंस क्षेत्र की अग्रणी कंपनी आवास फायनेंसियर्स ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में उन परिवारों की खुशियां साझा की गईं जिन्होंने इस योजना के अंतर्गत घर की सब्सिडी प्राप्त कर अपना खुद का घर पाया। इस अवसर पर आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सचिंदर भिंडर ने कहा कि भारत के हजारों परिवारों को उनके स्वयं के घर का सपना साकार होते देखना हमारे लिए अत्यंत गर्व और संतोष की बात है। हम न केवल अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि स्थाई और पर्यावरण अनुकूल घरों के निर्माण के भी प्रयासरत हैं।

केश शिखा (हर्बल ट्रीटमेंट) मात्र 15 दिनों में
प्रोप्रायटरी – आयुर्वेदिक ऑईल
बालों का झड़ना रोकता है बाल काले, घने व मुलायम भी बनाता है
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध। Customer Care No. – 9425296176

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका — सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है। HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम — दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें। 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दास, M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist); डॉ. नमित नंदे, MS Ophthalmology
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट। 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311, Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर। मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल। सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)। फोन: 0771-4044551, समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अहलूवालिया हॉस्पिटल — 81031 28515, 0771-4050006। नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर। • कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) — उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध। जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)। फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजल अग्रवाल - 9329101037। OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल। छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल। • प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन। आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ। सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी। स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद। गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर। मो. 7999450384, 7042974029। समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट — डॉ. नवनीत जैन, एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट); डॉ. करूणा जैन, एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ। लिली चौक, रायपुर - 492001, फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ। मो. 9977247553। नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर। समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक। सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

Vrinda Multispeciality Hospital, Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल। सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा। छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द। 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल, 24 घंटे आपात चिकित्सा। अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre, Diabetic Clinic। डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304। 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक। सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी। चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

भारत ने इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की

# सिराज का करिश्माई प्रदर्शन, इंग्लैंड को दी शिकस्त

## 23 विकेट लेकर सिराज बने सीरीज के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज





### यकीन था कि किसी भी स्थिति से मैच जिता सकता हूं

इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में भारत की जीत के शिल्पकार रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह किसी भी स्थिति से टीम को जीत दिला सकते हैं और उन्होंने यही किया। इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिये 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी।

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी, जिसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने श्रृंखला में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी।





### सिराज का शानदार प्रदर्शन

सिराज इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में 23 विकेट लिए। उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल हासिल किया। उनके बाद जोश टंग ने 3 टेस्ट में 29.05 की औसत के साथ 19 सफलताएं हासिल की। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने 4 टेस्ट में 25.23 की औसत के साथ 17 सफलताएं हासिल की। दिलचस्प रूप से इस सीरीज में सिराज ने गेंदबाजी करते हुए 1,000 से अधिक गेंदें की।

### जडेजा ने खेली जबरदस्त पारी

ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भले ही पहली पारी में 9 रन पर आउट हो गए। लेकिन दूसरी इनिंग में उन्होंने 77 गेंदों 53 रन बनाए। यह रन उनकी 68.83 की स्ट्राइक रेट से आए। इस दौरान उन्होंने जैक क्रॉली का कैच भी लपका।

### प्रसिद्ध ने झटके 8 विकेट

कृष्णा ने भी सिराज की तरह ही पांचवें टेस्ट में अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने कुल 8 विकेट अपने नाम किए, जिसमें दोनों इनिंग्स में 4-4 विकेट्स उनके नाम रहे। कृष्णा ने पहली इनिंग में 3.90 की इकोनॉमी से 16 ओवर में 62 रन दिए और दूसरी इनिंग में 4.70 की इकोनॉमी से 27 ओवर में 126 रन दिए। वहीं यशस्वी जायसवाल पहली पारी में मात्र 2 रन पर आउट हुए पर दूसरी इनिंग में शानदार वापसी की और शतकीय पारी खेली।

### टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | देश | रन |
|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 754 |
| जो रुट | इंग्लैंड | 537 |
| लोकेश राहुल | भारत | 532 |

### टॉप गेंदबाज

| खिलाड़ी | देश | विकेट |
|---|---|---|
| मो. सिराज | भारत | 23 |
| जोश टंग | इंग्लैंड | 19 |
| बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 17 |



### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में बने कई रिकॉर्ड

- दोनों टीमों ने कुल मिलाकर 7187 रन बनाए। यह किसी भी टेस्ट सीरीज में बने दूसरे सबसे ज्यादा रन हैं।
- यह पहली बार है जब भारत ने घर से बाहर किसी टेस्ट सीरीज का 5वां मैच जीता।
- इंग्लैंड ने 2018 में घरेलू मैदान पर 4-1 की जीत (2 भारत, 2 ड्रॉ) के बाद से भारत के खिलाफ कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है।
- 14 बार टीमों ने 300 या उससे ज्यादा रन का आंकड़ा पार किया।
- दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने 50 बार अर्धशतक से ज्यादा रन बनाए।
- दोनों टीमों के खिलाड़ियों की ओर से कुल 21 शतक बनाए गए।
- दोनों टीमों की ओर से सर्वाधिक 19 शतकीय साझेदारियां हुईं।
- गिल ने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 75.40 के औसत से 754 रन बनाए। इसमें 4 शतक शामिल हैं।
- रूट ने 5 टेस्ट की 9 पारियों में 67.12 के औसत से 537 रन बनाए। इसमें 3 शतक शामिल हैं।
- भारत और इंग्लैंड के 9 बल्लेबाजों (शुभमन गिल, जो रूट, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा, हैरी ब्रूक, ऋषभ पंत, बेन डकेट, जेमी स्मिथ, यशस्वी जायसवाल) ने सीरीज में 400 से ज्यादा रन बनाए।

## खबर संक्षेप





### डूरंड कप : रीयल कश्मीर ने टीआरएयू को हराया

**इम्फाल।** मिडफील्डर रोहन सिंह के लंबी दूरी से दागे गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच में टीआरएयू एफसी को 2-1 से हरा दिया। रीयल कश्मीर ने 24वें मिनट में मरात तारेक के गोल की बदौलत बढ़त बनाई लेकिन अफरीदी बुयामायुम ने 26वें मिनट में गोल दागकर टीआरएयू को बराबरी दिला दी। रोहन ने इसके बाद 64वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे तीन अंक दिला दिए। रीयल कश्मीर अगले मैच में 10 अगस्त को नेरोका एफसी से भिड़ेगा जबकि टीआरएयू एफसी की भिड़ंत 12 अगस्त को भारतीय नौसेना से होगी।

### दीक्षा संयुक्त 46वें स्थान पर, यामाशिता को खिताब

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर मौसम से प्रभावित अंतिम दौर में पांच ओवर 77 के खराब प्रदर्शन के साथ एआईजी महिला ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन वह आठ बोगी कर गईं, जिससे उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। जापान के मियु यामाशिता ने खिताब जीता, जिसके लिए उन्हें 14 लाख 62 हजार 500 डॉलर की राशि मिली।



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

## भारत ने लगाई छलांग निकला इंग्लैंड से आगे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट में हराकर सीरीज को बराबरी पर छुड़ाने में कामयाबी हासिल कर ली है। आखिरी मैच में टीम इंडिया ने लाजवाब प्रदर्शन किया और आखिरकर मैच अपने नाम करने में सफलता हासिल की।

इस जीत के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में भी टीम इंडिया ने लंबी छलांग मारी है, वहीं इंग्लैंड की टीम को जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ा है। अंक तालिका में भारत तीसरे नंबर पहुंचा है।

### भारत का पीसीटी बढ़कर सीधा 46.67 पाइंट

अब इंग्लैंड को हराकर भारतीय टीम ने तीसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने अब तक 5 मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेले हैं, इसमें से दो मैच भारत ने जीते हैं और दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बराबरी पर समाप्त हुआ है। भारत का पीसीटी अब बढ़कर सीधा 46.67 का हो गया है। वहीं इंग्लैंड की टीम अब नंबर चार पर खिसक गई है। इंग्लैंड ने भी पांच मुकाबले खेले हैं। इसमें से दो में उसे जीत मिली है और दो में टीम हारी है। एक मैच ड्रॉ रहा है। टीम का पीसीटी इस वक्त 43.33 का है।

## आस्ट्रेलिया से 4 मैच खेलेगा भारत, हॉकी टीम का ऐलान





**नई दिल्ली।** इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का ऐलान किया है, जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है, जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी।

टीम- गोलकीपर : कृशन पाठक और सूरज करकेरा डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित , जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह , पूवन्ना सीबी मिडफील्डर : राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह फॉरवर्ड : मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे।

## मेस्सी को दाहिने पैर में चोट, इंटर मियामी ने की पुष्टि, वापसी को लेकर नहीं बताई समय-सीमा

**फोर्ट लॉडरडेल।** इंटर मियामी सीएफ ने क्लब के कप्तान लियोनेल मेस्सी को लेकर अपडेट जारी किया, जिसमें बताया गया कि उन्हें मांसपेशियों में मामूली चोट लगी है। हालांकि, मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब ने 38 वर्षीय मेस्सी की वापसी को लेकर कोई समयसीमा नहीं बताई है। 'लीग्स कप' के फेज वन में नेकाक्सा के खिलाफ चेज स्टेडियम में हुए मुकाबले के शुरुआती मिनटों में चोट लगने के कारण मेस्सी को मैच से बाहर होना पड़ा। इंटर मियामी यह मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीतने में सफल रहा।



### वेस्टइंडीज को हराकर पाक ने 2-1 से जीती टी-20 सीरीज


**लॉडेरहिल (अमेरिका)।** सईम अयूब के अर्धशतक और साहिबजादा फरहान के साथ 138 रन की पहले विकेट की साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 13 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने चार विकेट पर 189 रन बनाए और उसके बाद वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया।

## नेशनल बैंक ओपन : क्लारा ने विंबलडन चैंपियन इगा को हराया, क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

### स्वियातेक के साथ हुआ उलटफेर, टॉसन से 7-6, 6-3 से हारी

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा के टोरंटो में इन दिनों नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट के चौथे राउंड में डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में एंट्री मारी। इसके साथ ही टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विंबलडन में मिली हार का बदला भी ले लिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। मेडिसन ने चेक रिपब्लिक की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया था।



### रुबलेव विनर घोषित

इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7,7-6, 3-0 से आगे थे। थकान के कारण फोकिना ने बीच मुकाबले में कोर्ट छोड़ दिया और रुबलेव को इस मैच का विनर घोषित कर दिया गया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### शेल्टन ने दर्ज की 100वीं जीत

बेन शेल्टन ने राउंड ऑफ 16 में फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6(1) से हराकर अपने टूर-स्तरीय करियर की 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अगले दौर में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी. मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। अपने टूर-स्तर के करियर में अब 100-69 का रिकॉर्ड रखते हुए, शेल्टन 21वीं सदी में जन्मे आठवें और 100 जीत का आंकड़ा छूने वाले नौवें सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ी हैं। शेल्टन लगातार तीसरे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह विंबलडन में क्वार्टर फाइनल और पिछले हफ्ते वॉशिंगटन डीसी में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, इस साल हार्ड कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 16-7 का है, जिसमें 'ऑस्ट्रेलियन ओपन' के सेमीफाइनल तक का सफर भी है।


HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें। जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री राठौड़ मुकेश कुमार,** खसरा नंबर 54/16(भाग), नया ख.न. 54/567, प.ह.नं. 20, प्लॉट नंबर 2/1(भाग), नया नंबर 2/3, हाउस शीट नंबर 12, मौजा लिंगियाडीह, ब्लॉक - बिल्हा, बिलासपुर, छ.ग. 495006. **श्री राठौड़ मुकेश कुमार,** फ्लैट नंबर 101 एफ, मधु विश्व, बावधन, शिव सेना कार्यालय के पास, पुणे बावधान - महाराष्ट्र, पिन -411021. **श्री राठौड़ मुकेश कुमार,** सीमेंस इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, पुणे बैनर हाई स्ट्रीट पुणे - महाराष्ट्र 411045. **श्रीमती राठौड़ कालिन्द्री बाई,** वार्ड क्रमांक 14, नूतन कॉलोनी, जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़, पिन-495668. | ₹ 65,88,218/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 54/16 (भाग), नया खसरा नं. 54/567, प.ह.नं. 20, प्लॉट नंबर 2/1 (भाग), नया नंबर 2/3, हाउस शीट नंबर 12, मौजा लिंगियाडीह विकासखंड-बिल्हा, तह. और जिला- बिलासपुर, छ.ग. |
| 2. | **श्री अवस्थी विक्रमादित्य,** यूनिट-30-फेज-1-सेक्टर-2, श्री राधे कृष्णा नगर फेज 1, स.क्र., 112-119, 122, 123, 138-144, 146, 147, 150, 155-161, 164, 216, 709,106, नया खसरा का भाग - 15000/1, ग्राम-छछानपेरी तह.-अभनपुर, रायपुर छ.ग. 492001. **श्री अवस्थी विक्रमादित्य,** पिता श्री सुदीप अवस्थी, मकान नंबर सी/27, सेक्टर-01, बिंद्रावनगढ़, शंकर नगर, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्री अवस्थी विक्रमादित्य,** मै. विनायक प्रिंटिंग एंड कंसल्टेशन, सी-27, शंकर नगर, सेक्टर-1, रायपुर, छ.ग.-492001. | ₹ 12,50,233/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त परिवर्तित भूमि यूनिट-30-फेज-1-सेक्टर-2, श्री राधे कृष्ण नगर, फेज 1, स.क्र, प.ह.नं. 03 नया खसरा का भाग-15000/1, ग्राम-छछानपेरी, रा.नि.मं. और तह. - अभनपुर, रायपुर छ.ग. |
| 3. | **श्री अवस्थी विक्रमादित्य,** यूनिट-प्लॉट-3-फ़ेज़-1-सेक्टर-1, श्री राधे कृष्णा नगर फ़ेज़ 1, स.क्र., ख.नं. का भाग 112-119, 122 123,138-144, 146, 147, 150, 155-161,164, 216, 709,106, नया खसरा - 15000/1, ग्राम-छछानपेरी तह. - अभनपुर, रायपुर छ.ग. 492001. **श्री अवस्थी विक्रमादित्य,** मकान नंबर सी/27, सेक्टर 01, हाउसिंग बोर्ड के पास, शंकर नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़, 492001. **श्री अवस्थी विक्रमादित्य,** मै. विनायक प्रिंटिंग एंड कंसल्टेशन, सी-27, सेक्टर 01, शंकर नगर, रायपुर छ.ग. 492001. | ₹ 14,92,245/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त परिवर्तित भूमि यूनिट-प्लॉट-3-फेज-1-सेक्टर-1, श्री राधे कृष्ण नगर, फेज 1, स.क्र., खसरा - 15000/1 का भाग, ग्राम-छछानपेरी रानिमं और तह.- अभनपुर, रायपुर छ.ग. |
| 4. | **श्री डोरा श्रीकांत रोक्कम,** खसरा नंबर 303/11(भाग), प.ह.नं. 2, मौजा चरोदा, मकान 303/11 (भाग), वार्ड क्रमांक 20, पंचशील नगर, दुर्ग, छ.ग. 493449. **श्री डोरा श्रीकांत रोक्कम,** 558, पंचशील नगर पूर्व, पो. बीएमवाई चरोदा, वार्ड 20, दुर्ग छत्तीसगढ़, 493449. **श्री डोरा श्रीकांत रोक्कम,** घनकुन स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 78 चरण II, सिलतरा, रायपुर छ.ग. 492001. | ₹ 19,88,507/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली भूमि जिसका खसरा नंबर 303/11(भाग), प.ह.नं. 2, मौजा चरोदा, मकान 303/11 (भाग), वार्ड क्रमांक 20 पंचशील नगर रा.नि.मं.-भिलाई, तह.-पाटन, दुर्ग, छ.ग. |
| 5. | **श्री श्रीवास्तव के.के.** खसरा नंबर 643/1/Ba/4, पुराना नंबर 643/1 Ba (भाग), प.ह.नं. 23/40, प्लॉट नंबर 433/7, हाउस शीट नंबर 27, मौजा तिफरा, कॉलोनी भारतीय नगर, गायत्री नगर वार्ड, बिलासपुर-छ.ग. 495001. **श्री श्रीवास्तव के.के.** पिता एस.पी. श्रीवास्तव, अयप्पा मंदिर के पास, भारतीय नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001. **श्री श्रीवास्तव के.के.** मैसर्स. कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, एफ-1 प्रथम तल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस कॉम, जरहाभाटा, बिलासपुर-छ.ग. 495001. **श्रीमती श्रीवास्तव जया** पति के.के. श्रीवास्तव, वार्ड नंबर 11, अयप्पा मंदिर भारतीय नगर, बिलासपुर, जिला-छत्तीसगढ़, 495001. **श्रीमती श्रीवास्तव जया** खसरा नंबर 643/1/Ba/4, पुराना नंबर 643/1Ba (भाग), प.ह.नं. 23/40, प्लॉट नंबर 433/7, हाउस शीट नंबर 27, मौजा तिफरा, कॉलोनी भारतीय नगर, गायत्री नगर वार्ड, बिलासपुर-छ.ग. 495001. | ₹ 34,96,107/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली परिवर्तित रिहायशी मकान जिसका खसरा नंबर 643/1, और 643/4, पुराना नंबर 643/1 (भाग), प.ह.नंबर 23/40 प्लॉट नंबर 433/7, हाउस शीट नंबर 27, वार्ड 11 भारतीय नगर कॉलोनी, गायत्री नगर वार्ड, मौजा तिफरा, रा.नि.मं.-सिरगिट्टी, विकासखंड-बिल्हा तह. और जिला-बिलासपुर छ.ग. |
| 6. | **श्री चौहान शिवेन्द्र कुमार,** एलआईजी-101 दिनदयाल आवास योजना (एलआईजी), स.क्र., ग्राम-सेमीपाली, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोरबा-छत्तीसगढ़ 495677. **श्री चौहान शिवेन्द्र कुमार,** मकान एन.770, गजरा बस्ती वार्ड 50, वार्ड 50, बांकी मोंगरा, कोरबा, एम.कॉर्प कोरबा, कोरबा - छत्तीसगढ़, 495447. **श्री चौहान शिवेंद्र कुमार,** आईडीएफसी बैंक लिमिटेड, शंकर नगर, लोधीपारा रोड, आरोग्य हॉस्पिटल के पीछे, शंकर नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़ 492001. **श्रीमती चौहान रजनी,** मकान एन.770, गजरा बस्ती, वार्ड 50, वार्ड 50, बांकी मोंगरा, कोरबा, एम.कॉर्प कोरबा, कोरबा - छत्तीसगढ़, 495447. **श्रीमती चौहान रजनी,** एलआईजी-101 दिनदयाल आवास योजना (एलआईजी), स.क्र., ग्राम- सेमीपाली, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोरबा-छत्तीसगढ़ 495677. | ₹ 9,21,774/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली रिहायशी मकान एलआईजी-101 दीनदयाल आवास योजना (एलआईजी) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी खसरा नं. 277/3 भाग, स.क्र., प.ह.नं.-17 ग्राम-सेमीपाली, आरआईसी और तह.-कटघोरा; जिला- कोरबा छत्तीसगढ़। |
| 7. | **श्रीमती दुबे शिल्पा,** यूनिट-106, अटल आवास योजना, बेलभाटा, स.क्र., ग्राम-बेलभाटा, तहसील-भानपुर, रायपुर, छ.ग. 493661. **श्रीमती दुबे शिल्पा,** 129/बी, दिनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661. **श्रीमती दुबे शिल्पा,** मै. बलौदा बाजार इमेजिंग एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, शनि मंदिर के पास, गौरव पथ, दशहरा मैदान, बलौदा बाजार 493332. **श्री दुबे संकेत,** 129/बी, दिनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661. **श्री दुबे संकेत,** यूनिट-106, अटल आवास योजना, बेलभाटा, स.क्र., ग्राम-बेलभाटा, तहसील-अभनपुर, रायपुर, छ.ग. 493661. **श्री दुबे संकेत,** मै. संकेत दुबे, 129/बी, दिनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661. | ₹ 6,87,445/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली मकान जिसका यूनिट नंबर-106, अटल आवास योजना, स.क्र., खसरा नं. 523/2 भाग, प.ह.नं.-27, ग्राम-बेलभाटा, रानिमं. एवं तहसील-अभनपुर, रायपुर छत्तीसगढ़। |
| 8. | **श्री टंडन नरेश कुमार,** फ्लैट-एलआईजी-220, भूतल, पं. दीन दयाल आवास योजना, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जुनवानी, भिलाई दुर्ग, छ.ग. 490023. **श्री टंडन नरेश कुमार,** मकान नंबर 100, वार्ड नंबर 07, ठेलकाडीह, महरूमकला, राजनांदगांव - छत्तीसगढ़, 491444. **श्री टंडन नरेश कुमार,** जे.के. लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड, ग्राम मालपुरी खुर्द अहिवारा, धमधा-दुर्ग - 490036. **श्रीमती टंडन फगनीबाई मकरूदास,** मकान नंबर 100, वार्ड नंबर 07, ठेलकाडीह, महरूमकला, राजनांदगांव - छ.ग., 491444. **श्रीमती टंडन फगनीबाई मकरूदास,** फ्लैट-एलआईजी-220, भूतल, पं. दीन दयाल आवास योजना, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जुनवानी, भिलाई दुर्ग, छ.ग. 490023. | ₹ 7,14,844/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली आवासीय फ्लैट-एलआईजी-220, भूतल, पं. दीन दयाल उपाध्याय आवास योजना, स.क्र., खसरा नं. 201/3 छ.ग. हाउसिंग बोर्ड वार्ड क्रमांक 01, जुनवानी वार्ड भिलाई छ.ग.। |
| 9. | **श्रीमती खुटे लक्ष्मी,** खसरा नया नंबर 321/19, पुराना नंबर 321/17(भाग), मकान प.ह.नं. 44/49, मौजा जंजगिरी, अहिरवारा, तहसील दमधा, दुर्ग छ.ग. 490042. **श्रीमती खुटे लक्ष्मी,** मकान नं. 1124/गा, भाठापारा, भगत सिंह नगर, वार्ड 24, जांजगिरि, दुर्ग-धमधा, छत्तीसगढ़, 491001. **श्रीमती खुटे लक्ष्मी,** विधि विभाग कार्यालय, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, दुर्ग, छ.ग. 491001. **एम. हेमलता,** श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई की बेटी (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी एवं श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई के उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्) खसरा नया नंबर 321/19, पुराना नंबर 321/17(भाग), मकान प.ह.नं. 44/49, मौजा जंजगिरी, अहिरवारा, तहसील धमधा, दुर्ग छ.ग. 490042. **एम. हेमलता** पुत्री श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी, मकान नं. 1124/गा, भाठापारा, भगत सिंह नगर, वार्ड 24, जांजगिरी, दुर्ग - धमधा, छत्तीसगढ़, 491001. **दीपिका** पुत्री श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी, नया खसरा नंबर 321/19, पुराना नंबर 321/17(भाग), मकान प.ह.नं. 44/49, मौजा जंजगिरी, अहिरवारा, तहसील धमधा, दुर्ग छ.ग. 490042. **दीपिका** श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई की बेटी (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई के उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्) मकान नं. 1124/गा, भाठापारा, भगत सिंह नगर, वार्ड 24 जांजगिरि, दुर्ग-धमधा, छत्तीसगढ़, 491001. **नमिता** पुत्री श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी, नया खसरा क्रमांक 321/19, पुराना क्रमांक 321/17(भाग), मकान प.ह.नं. 44/49, मौजा जांजगिरी, अहिरवाड़ा, तहसील धमधा, दुर्ग, छ.ग. 490042. **नमिता** पुत्री श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्रीमती खिचरिया लक्ष्मी बाई (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी, मकान क्रमांक 124/गा, भाठापारा, भगत सिंह नगर, वार्ड 24 जांजगिरि, दुर्ग-धमधा, छत्तीसगढ़, 491001. **तेजस्वी** श्री लीलाधर की बेटी (मृतक पश्चात्) कानूनी संरक्षक (माता) श्रीमती लक्ष्मी खुटे और अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री लीलाधर के उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्) मकान नंबर 1124/गा, भाठापारा, भगत सिंह नगर, वार्ड 24 जांजगिरी, दुर्ग - धमधा, छत्तीसगढ़, 491001. **तेजस्वी** पुत्री श्री लीलाधर (मृतक पश्चात्) कानूनी संरक्षक (माता) श्रीमती लक्ष्मी खुटे और अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री लीलाधर (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियोक्ता पुराना नंबर 321/17 (भाग), मकान प.ह.नंबर 44/49, मौजा जंजगिरी, अहिरवाड़ा, तहसील धमधा, दुर्ग छ.ग. 490042. **भूमिजा** पुत्री श्री लीलाधर मृतकें कानूनी संरक्षक (माता) श्रीमती लक्ष्मी खुटे और अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री लीलाधर (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियोक्ता हाऊस क्रमांक 1124/गा, भाठापारा, भगत सिंह नगर, वार्ड 24 जांजगिरि, दुर्ग-धमधा, छत्तीसगढ़, 491001. **भूमिजा,** श्री लीलाधर की बेटी (मृतक पश्चात्) कानूनी संरक्षक (माता) श्रीमती लक्ष्मी खुटे और अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री लीलाधर के उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्) पुराना नंबर 321/17(भाग), मकान प.ह.नं. 44/49, मौजा जंजगिरी, अहिरवारा, तहसील धमधा, दुर्ग छ.ग. 490042. | ₹ 15,96,099/- as on 30-जून-25 | 23 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली आवासीय भूखंड जिसका प.ह.नं. 49 रा.नि.मं.-अहिवार, खसरा नं. 321/17 भाग, वार्ड 24, महात्मा गांधी वार्ड, ग्राम-जंजगिरि, तह.-धमधा, दुर्ग छ.ग.। |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर, कोरबा, जांजगिर-चांपा, दुर्ग, बिलासपुर, बलौदाबाजार, राजनांदगांव
दिनांक : 05.08.2025
पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020
कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड




## खबर संक्षेप

### पुणे में मिट्टी का टीला धंसा, दो मजदूर फंसे

**पुणे।** पुणे में सिंहगढ़ रोड पर जल निकासी लाइन के लिए खुदाई के दौरान मिट्टी का एक टीला धंस गया, जिससे दो मजदूर फंस गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब नांदेड़ शहर के टाउनशिप परिसर की दीवार के बाहर जल निकासी लाइन का काम हो रहा था। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, ''मिट्टी के नीचे फंसे तीन मजदूरों में से एक को निकाल लिया गया है, जबकि दो अन्य को निकालने के प्रयास जारी हैं।

### प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या, पत्नी गिरफ्तार

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले में पुलिस ने एक युवती को अपने पति की हत्या करने और फिर अपने प्रेमी की मदद से पड़ोसी जिले कासगंज में एक ईंट भट्ठी के पास उसके जले हुए शव को फेंकने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दनसारी के निवासी यूसुफ (29) के रूप में की गयी है। पुलिस ने यूसुफ की पत्नी तबस्सुम और उसी गांव के दानिश को गिरफ्तार किया। दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यूसुफ की हत्या कर पूरे शरीर पर तेजाब छिड़क कर आग लगा दी।

### सहारनपुर में कोतवाली में दरोगा का शव मिला

**सहारनपुर।** जिले के गंगोह कोतवाली परिसर में स्थित अपने आवास की तीसरी मंजिल पर एक उप निरीक्षक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि गंगोह कोतवाली थाने में तैनात दरोगा सुन्दर सिंह (52) रोजाना सुबह के समय परिसर की तीसरी मंजिल की छत पर योग किया करते थे। सुंदर सिंह आज भी योग करने के लिये छत पर गये थे। काफी देर बाद जब वे नीचे नहीं आए तो परिजनों व साथी पुलिसकर्मियो ने खोजबीन की तो उनका शव छत पर पाया गया।

### दिल्ली में ट्रांसजेंडर की हत्या नाबालिग हिरासत में

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में सोमवार दोपहर एक पुल के नीचे एक ट्रांसजेंडर करण उर्फ अन्नू का शव मिला। घटनास्थल से एक नाबालिग को पकड़ा गया। अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए नाबालिग ने दावा किया कि ट्रांसजेंडर के पूर्व पति गाजीपुर निवासी रेहान ने हत्या की है। पुलिस ने बताया कि करण उर्फ अन्नू की हत्या में नाबालिग की भूमिका की जांच की जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोगों ने नाबालिग को पुलिस के हवाले कर दिया।

### माओवादियों ने विस्फोट कर पटरियां उड़ाईं

**भुवनेश्वर।** संदिग्ध माओवादियों ने ओडिशा-झारखंड सीमा स्थित रेलवे पटरियों पर रविवार रात आईईडी से दो धमाके किए जिससे पटरियों को नुकसान पहुंचा। यह घटना सुंदरगढ़ जिले में ओडिशा-झारखंड सीमा के पास रेलवे पटरियों पर हुए आईईडी विस्फोट में एक रेलवे कर्मचारी के मारे जाने के कुछ घंटे बाद हुई। यह विस्फोट बिमलागढ़ रेलखंड के अंतर्गत करमपदा और रेंजदा को जोड़ने वाली पटरियों पर हुआ।

# आतंकियों से मिले सबूत डेटाबेस से मैच, पहलगाम हमले के आतंकी थे पाकिस्तानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन महादेव के तहत 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकियों की पहचान स्थानीय नहीं बल्कि पाकिस्तानी नागरिकों के रूप में की गई है। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि आतंकी और एनकाउंटर स्थल से मिले विभिन्न सबूतों की जांच के बाद यह साफ हो गया है कि वे भारत के स्थानीय नागरिक नहीं, बल्कि पाकिस्तान से थे। पाकिस्तान के आधिकारिक डेटाबेस से इन सबूतों का मिलना सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी सफलता है, क्योंकि इससे आतंकियों की पहचान पर किसी प्रकार का संदेह खत्म हो गया है।

### आतंकियों के पाकिस्तानी होने के 6 ठोस सबूत

**बायोमेट्रिक रिकॉर्ड:** आतंकियों के फिंगरप्रिंट, चेहरे की पहचान और पारिवारिक विवरण पाकिस्तान के एनएडीआरए डेटाबेस से मेल खाते हैं।

**वोटर आईडी कार्ड:** आतंकियों के पास मिले वोटर आईडी पाकिस्तान चुनाव आयोग की लाहौर और गुजरांवाला की वोटर लिस्ट से पूरी तरह मेल खाते हैं।

**सैटेलाइट फोन:** इनके कॉल रिकॉर्ड और जीपीएस लोकेशन ने आतंकियों के पाकिस्तान में मौजूद होने की पुष्टि की।

**चॉकलेट के रैपर:** आतंकियों के पास पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद (पीओके) से मई 2024 में भेजे गए चॉकलेट के रैपर मिले।

**गोली के खोखे:** पहलगाम एनकाउंटर के दौरान चली गोलियों के खोखे बरामद हुए, जो उन राइफलों से मेल खाते हैं जो आतंकियों के पास मिली थीं।

**डीएनए मिलान:** खून से सनी हुई शर्ट से प्राप्त डीएनए आतंकियों के डीएनए प्रोफाइल से पूरी तरह मैच करता है।

### पाक के नेशनल डेटाबेस से मिले सबूत



सुरक्षा एजेंसी ने आतंकियों के कब्जे से प्राप्त दस्तावेजों और तकनीकी साक्ष्यों को पाकिस्तान की राष्ट्रीय डेटाबेस और रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मिलान किया। इसमें आतंकियों के वोटर आईडी कार्ड, बायोमेट्रिक डेटा जैसे फिंगरप्रिंट, चेहरे की पहचान, और परिवारिक जानकारियां शामिल थीं।

### सैटेलाइट फोन की कॉल डिटेल मिले

इसके अलावा आतंकियों के पास पाए गए सैटेलाइट फोन से उनकी कॉल रिकॉर्ड और जीपीएस लोकेशन की जानकारी भी हासिल की गई, जो सीधे तौर पर उनके पाकिस्तानी मूल की पुष्टि करती है।

## कई राज्यों में बारिश का सितम, गंगा, यमुना और बेतवा खतरे के निशान से ऊपर

# उत्तर भारत में बारिश से तबाही, उत्तराखंड में तीन डूबे, उप्र में उफान पर नदियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*उत्तर भारत में बारिश का सितम जारी रहने के बीच उत्तराखंड में तीन लोग डूब गए, जबकि हिमाचल प्रदेश में एक वाहन के गीली सड़क से फिसलकर खाई में गिरने से तीन लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश के 13 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। गंगा, यमुना और बेतवा जैसी प्रमुख नदियां कई जगहों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसी स्थिति से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सवाई माधोपुर जिले में हवाई सर्वेक्षण किया।*

बारिश ने कई राज्यों में तबाही मचाई है। उत्तराखंड में हल्द्वानी के पास भाखड़ा नदी की तेज धारा में एक व्यक्ति बह गया। रविवार को हल्द्वानी रोड पर भुजियाघाट के पास उफनती नदी में दो अन्य लोग डूब गए थे। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले में रात को भूस्खलन के कारण पहाड़ी से गिरे पत्थरों और मलबे के नीचे दो दुकानें दब गईं। देहरादून में रातभर भारी बारिश जारी रही और जिला प्रशासन ने स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों को एक दिन के लिए बंद कर दिया। राज्य की प्रमुख नदियां उफान पर हैं, जिनमें हरिद्वार में गंगा और काली नदी भी शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी में एक वाहन के खाई में गिर जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों की पहचान देवरत, मंगल चंद और आशु के रूप में की है। यह घटना रविवार देर रात उस समय घटी, जब वाहन संकरी सड़क से फिसलकर मगरूगला और मझवाल के बीच सैनी नाले के पास एक गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में सवार सभी पांच लोग शंकरदेहरा से घर लौट रहे थे।

### खतरे के निशान से ऊपर गंगा

उत्तर प्रदेश में राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर और बलिया में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि औरैया, कालपी, हमीरपुर, प्रयागराज और बांदा में यमुना नदी लाल निशान को पार कर गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमीरपुर में बेतवा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसमें कहा गया है कि रविवार को राज्य में 14.2 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि 24 जिलों में भारी बारिश हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज, जालौन, औरैया, मिर्जापुर, वाराणसी, कानपुर देहात, बांदा, इटावा, फतेहपुर, कानपुर शहर और चित्रकूट में बाढ़ आ गई है।



### हिमाचल में 310 सड़कें बंद

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के बीच सोमवार को एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 310 सड़कें वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दी गईं। शिमला शहर के उपनगरीय क्षेत्र पंथाघाटी में भूस्खलन के कारण रविवार रात मेहली-शोगी बाईपास पर यातायात बाधित हो गया। भूस्खलन के कारण आसपास की कुछ दुकानों को नुकसान भी पहुंचा। मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को राज्य के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में बारिश संबंधी घटनाओं में अब तक कम से कम 103 लोगों की मौत हो चुकी है और 36 लोग अब भी लापता हैं।

## दिल्ली के वीआईपी इलाके में छीनी गई कांग्रेस सांसद की सोने की चेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में अपराधी बेलगाम हैं। अति सुरक्षित चाणक्यपुरी स्थित तमिलनाडु भवन के पास कांग्रेस की लोकसभा सांसद सुधा की सोने की चेन छीन ली गई।



वारदात उस समय हुई, जब सांसद सुधा तमिलनाडु भवन परिसर के बाहर थीं और एक अन्य महिला सांसद के साथ सुबह सैर पर निकली थीं। दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### शाह को पत्र में लिखी पूरी वारदात

तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से सांसद आर सुधा ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर वारदात पर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा, 4 अगस्त, 2025 को मैं और राज्यसभा की एक अन्य महिला सांसद रजती टहलने के लिए तमिलनाडु भवन से बाहर निकलीं। सुबह लगभग 6:20 बजे, जब हम पोलैंड दूतावास के गेट-3 और गेट-4 के पास थे, तभी हेलमेट पहने व्यक्ति स्कूटर से आया और मेरी सोने की चेन छीनकर भाग गया। मेरी गर्दन में चोट लगी है।

### सुरक्षित इलाका माना जाता है चाणक्यपुरी

चाणक्यपुरी को दिल्ली का अति सुरक्षित और पॉश इलाका माना जाता है। यहां कई दूतावास कार्यालय और वीआईपी आवास हैं। इतने सुरक्षित इलाके छिनैती कर फरार हो जाना पुलिस सुरक्षा पर सवाल उठा रहा है। बता दें कि अक्टूबर 2019 में उत्तर दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी दमयंती बेन मोदी का स्कूटर सवार चोरों ने पर्स छीन लीन लिया था।

## बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर गैंगस्टर और एनएसए के तहत होगी कार्रवाई

### उत्तर प्रदेश सरकार ने उठाए सख्त

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में ड्रोन के जरिए लोगों में दहशत फैलाने वालों के खिलाफ सरकार ने सख्त कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर दिया है कि ड्रोन के जरिए दहशत और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून भी लगाया जाएगा। इसी तरह अब राज्य में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने पर भी पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह कदम निगरानी और भय फैलाने सहित गैरकानूनी गतिविधियों में ड्रोन के संभावित उपयोग को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आया है।



### योगी ने दिए ड्रोन निगरानी प्रणाली के आदेश

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अपर मुख्य सचिव (गृह) और पुलिस महानिदेशक को प्रत्येक जिले में ड्रोन संबंधी गतिविधियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ड्रोन के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक मजबूत निगरानी प्रणाली स्थापित करने और निगरानी उपायों को गहन करने के भी निर्देश दिए हैं। इसी तरह जनता का पुलिस और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में नियमित गश्त भी अनिवार्य कर दी गई है।

## पहले बंदर और बाघिन अब मृत पाए गए 19 मोर

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के तुमकुरु जिले में सोमवार को 19 मोर रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। अधिकारियों के अनुसार, मृत पक्षियों में 5 नर और 14 मादा शामिल हैं। तुमकुरु जिले के मधुगिरि तालुक के हनुमंतपुरा गांव में स्थानीय किसानों ने इन मृत मोरों को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक मोरों की मौत के सटीक कारण की पुष्टि नहीं की है।

- कर्नाटक में लगातार हो रही जानवरों की मौत

### जांच में मोरों की मौत के कारण जहर

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोरों की मौत के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इन राष्ट्रीय पक्षियों की मौत का कारण जहर हो सकता है। वन विभाग ने सैंपल इकट्ठा कर फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेज दिए हैं।




## भारत के स्वदेशी 'आकाश-1S' एडीएफ ने ऑपरेशन सिंदूर में उड़ाई सबकी नींद

# चीन का कट्टर दुश्मन भारत से खरीद सकता है 'आकाश' जिसने पाकिस्तान के 'फतह' को हवा में ही किया था तबाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीमित सैन्य संघर्ष के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वदेशी 'आकाश-1एस' एयर डिफेंस सिस्टम ने असाधारण क्षमता का प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय सैन्य विशेषज्ञों का ध्यान खींचा है। इस प्रणाली ने पाकिस्तान द्वारा दागे गए एडवांस गाइडेड रॉकेट 'फतह-1' को हवा में ही सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया, जो तकनीकी रूप से एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य माना जाता है। इस सफलता के बाद अब दक्षिण एशिया के बाहर भी इस प्रणाली की मांग बढ़ने लगी है। खासकर दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से चिंतित फिलीपींस ने इस डिफेंस सिस्टम को अपने सैन्य नेटवर्क में शामिल करने की गहरी रुचि दिखाई है। माना जा रहा है कि फिलीपींस के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर आने वाले हैं और इस दौरान आकाश-1S को लेकर एक बड़े रक्षा समझौते की घोषणा हो सकती है।




### आकाश-1S की प्रमुख क्षमताएं

- अधिकतम रेंज: 45 किमी
- इंटरसेप्शन ऊंचाई: 20 किलोमीटर तक
- स्पीड: 2.5–3.5 मैक
- सटीकता: 88% हिट रेट (एकल मिसाइल से), 99% (दो मिसाइलों की साल्वो से)

### भारत-फिलीपींस रक्षा सहयोग को नया आयाम

फिलीपींस पहले ही भारत से ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम खरीद चुका है और अब वह अपने वायु सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने की दिशा में भारत के साथ एक और अहम रक्षा सौदे की ओर बढ़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, एक आकाश एयर डिफेंस सिस्टम की कीमत लगभग 200 मिलियन डॉलर आंकी जा रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com